राष्ट्रीय दैनिक

प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

11 हरभजन बोले यशस्वी जायसवाल सिले शन के दरवाजे खटखटा ...

अगर मैं चयनकर्ता होता, तो यशस्वी को आगामी वनडे विश्व कप में ... 11

वर्ष : 11 | अंक : 02 | पटना, शनिवार, 13 मई, 2023 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

मौसम

अधिकतम तापमान 39°C

न्यूनतम तापमान 27.0°C

हां	30%
नहीं	50%
कह नहीं सकते	10%

बाजार

सोना	59,995
चांदी	72,500
सेंसेक्स	57,635
निफ्टी	16,986

राष्ट्रीय शिक्षा नीति मातृभाषा में शिक्षण को बढ़ावा देती है : मोदी

प्रात : किरण

गांधीनगर/ एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति, मातृभाषा में शिक्षण को बढ़ावा देती है। श्री मोदी ने अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के 29वें द्विवार्षिक अधिवेशन ह्यअखिल भारतीय शिक्षा संघ अधिवेशनह्न में यहां कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में जो एक बड़ा प्रावधान किया गया है। वह हमारे गांव-देहात और छोटे शहरों के शिक्षकों की बहुत मदद करने वाला है। यह प्रावधान है कि मातृभाषा में पढ़ाई का। हमारे देश में अंग्रेजों ने ढाई सौ साल राज किया, लेकिन फिर भी अंग्रेजी भाषा एक वर्ग तक ही सीमित रही थी। उन्होंने कहा, दुर्भाग्य से, आजादी के बाद ऐसी व्यवस्था बनी कि, अंग्रेजी भाषा में ही शिक्षण को प्राथमिकता मिलने लगी। माता-पिता भी बच्चों को अंग्रेजी भाषा में पढ़ाने के लिए प्रेरित होने लगे। इसका नुकसान अध्यापक यूनियन ने कभी इस पर सोचा है कि नहीं सोचा है, मुझे मालूम नहीं है।

आज मैं आपको बता रहा हूं, जिस समय आप सोचेंगे इस विषय पर इस सरकार की जितनी तारीफ करेंगे उतनी कम होगी। उन्होंने कहा, क्या हुआ जब ये अंग्रेजी-अंग्रेजी चलने लगा तो गांव-देहात और गरीब परिवार के हमारे उन लाखों शिक्षकों को जो मातृभाषा में पढ़कर निकल रहे थे। वे कितने ही अच्छे शिक्षक हों, लेकिन उनको अंग्रेजी सीखने का अवसर नहीं मिला था। अब उनके लिए नौकरी का खतरा मंडराने लग गया, क्योंकि अंग्रेजी का माहौल

चल गया। आपकी नौकरी और आप जैसे साथियों की भविष्य में भी नौकरी निश्चित करने के लिए हमनें मातृभाषा में शिक्षा पर बल दिया है। जो मेरे शिक्षक के जीवन को बचाने वाला है। दशकों से हमारे देश में यही चलता आ रहा था, लेकिन अब राष्ट्रीय शिक्षा नीति, मातृभाषा में शिक्षण को बढ़ावा देती है। इसका बहुत बड़ा लाभ आपको मिलेगा। इसका बहुत बड़ा लाभ हमारे गांवों से आए हुए, गरीब परिवार से आए हुए युवाओं को मिलेगा, शिक्षकों को मिलेगा, नौकरी के लिए अवसर तैयार हो जाएंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि शिक्षकों से जुड़ी चुनौतियों के बीच, आज हमें समाज में ऐसा माहौल बनाने की भी जरूरत है, जिसमें लोग शिक्षक बनने के लिए स्वेच्छा से आगे आएं। अभी जो स्थितियां हैं, उसमें हम देखते हैं कि लोग डॉक्टर बनने की बात करते हैं। इंजीनियर बनने की बात करते हैं। एमबीए करने की बात करते हैं। टेक्नोलॉजी को जानने की बात करते हैं। ये सारी बाते करते हैं लेकिन बहुत कम देखने को मिलता है कोई आकर कहे कि मैं शिक्षक बनना चाहता हूं। मैं बच्चों को पढ़ाना चाहता हूं। ये स्थिति किसी भी समाज के लिए एक बहुत बड़ी चुनौती होती है। ये सवाल उठना बहुत आवश्यक है कि हम नौकरी के लिए बच्चों को पढ़ा रहे हैं, तनख्वाह भी मिल रही है, लेकिन क्या हम मन से भी शिक्षक हैं, क्या हम जीवन भर शिक्षक हैं। क्या सोते, जागते, उठते बैठते हमारे मन में ये भावना है कि मुझे देश के आने वाले भविष्य को गढ़ना है। बच्चों को हर रोज कुछ नया सिखाना है। मैं मानता हूं समाज को बनाने में शिक्षकों की बहुत बड़ी भूमिका होती है, लेकिन कई बार कुछ परिस्थितियाँ देखकर मुझे तकलीफ भी होती है।

सीबीएसई 12वीं व 10वीं में लड़कियों ने लहराया परचम

बारहवीं में 87.33 प्रतिशत विद्यार्थी हुए सफल, त्रिवेंद्रम ने प्रथम स्थान हासिल किया

प्रात : किरण

नई दिल्ली/पटना। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने शुक्रवार को 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए। 87.33 प्रतिशत विद्यार्थियों ने इस बार सफलता हासिल की है जो पिछले साल के मुकाबले 5.38 प्रतिशत कम है। वहीं, पटना के 85.47 प्रतिशत छात्र पास हुए। बोर्ड ने साथ ही घोषणा की कि अस्वस्थ प्रतिस्पर्धा से बचने के लिए कोई मेरिट लिस्ट जारी नहीं की जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि बोर्ड ने विद्यार्थियों के अंकों के आधार पर उन्हें प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय श्रेणी देने की प्रक्रिया से दूर रहने का भी फैसला किया है। बोर्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, सीबीएसई विद्यार्थियों के बीच अस्वस्थ प्रतिस्पर्धा से बचने के लिए कोई मेरिट लिस्ट घोषित नहीं करेगा। हालांकि, बोर्ड 0.1 प्रतिशत विद्यार्थियों को प्रवीण्यता (मेरिट) प्रमाणपत्र जारी करेगा जिन्होंने विभिन्न विषयों में सर्वाधिक अंक हासिल किए हैं। देश में रीजन के हिसाब से देश में त्रिवेंद्रम ने प्रथम स्थान हासिल किया है। बेंगलुरू दूसरे, चेन्नई तीसरे, दिल्ली वेस्ट चौथे, दिल्ली ईस्ट छठे, नोएडा 14वें स्थान पर रहा। वहीं, दिल्ली का पास प्रतिशत 92.22 प्रतिशत रहा। इस बार लड़कियों ने फिर बाजी मारी और 90.68 लड़कियां 12वीं बोर्ड में पास रहीं। वहीं, 84.67 प्रतिशत छात्र उतीर्ण रहे। पिछले साल से रिजल्ट की तुलना करें तो कोविड से पहले 2019 में 83.40 प्रतिशत छात्र-छात्राएं सफल रहे थे। 2022 में 92.71 प्रतिशत छात्र उतीर्ण हुए थे। त्रिवेंद्रम रीजन को उत्तीर्ण प्रतिशत के साथ 99.91 फीसदी के साथ टॉपर के रूप में उभरा है। जबकि बेंगलुरु 99.67 फीसदी पास प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर, इसके बाद चेन्नई 97.40 फीसदी और दिल्ली वेस्ट 93.24 फीसदी क्रमशः शीर्ष से तीसरे और चौथे पायदान पर हैं। जहां, भोपाल रीजन इस साल 83.54 फीसदी पास प्रतिशत के साथ नीचे से चौथे स्थान पर रहा, नोएडा 80.36 फीसदी के साथ नीचे से तीसरे स्थान तो देहरादून 80.26 के साथ नीचे से दूसरे स्थान पर रहा। जबकि प्रयागराज 78.05 फीसदी पास प्रतिशत स्कोर के साथ सबसे फिसड्डी रहा है।

दसवीं में 93.12 फीसदी विद्यार्थी हुए पास

94.25 प्रतिशत छात्राएं हुई सफल

पटना। सीबीएसई ने 10वीं बोर्ड परीक्षा के रिजल्ट जारी कर दिए हैं। कुल 93.12 प्रतिशत छात्र-छात्राओं ने 10वीं की परीक्षा में सफलता हासिल की है। इस साल दसवीं क्लास की परीक्षा में 94.25 प्रतिशत छात्राएं सफल हुई हैं जबकि छात्रों का पास प्रतिशत 92.27 फीसदी है।

10वीं बोर्ड परीक्षा में करीब 21,86,940 छात्र-छात्राएं शामिल हुए। जिसमें से 93.12 प्रतिशत परीक्षार्थी सफल हुए हैं। सीबीएसई कक्षा 10वीं की परीक्षा में त्रिवेंद्रम सबसे अधिक उत्तीर्ण प्रतिशत वाले क्षेत्र के रूप में सामने आया है, जिसमें प्रभावशाली 99.91 प्रतिशत पास दर है। बेंगलुरु 99.18 प्रतिशत पास प्रतिशत के साथ दूसरे, चेन्नई 99.14 प्रतिशत तीसरे और अजमेर 97.27 प्रतिशत के साथ चौथे स्थान पर है। इस साल कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में लगभग 21,86,940 छात्र शामिल हुए थे, जिनका उत्तीर्ण प्रतिशत 93.12 प्रतिशत रहा है। सीबीएसई 10वीं के रिजल्ट के साथ स्टूडेंट्स की फर्स्ट, सेकेंड और थर्ड डिवीजन की जानकारी नहीं देगा। साथ ही मेरिट लिस्ट भी जारी नहीं की जाएगी। सब्जेक्ट वाइज सबसे ज्यादा नंबर हासिल करने वाले 0.1 प्रतिशत स्टूडेंट्स को मेरिट सर्टिफिकेट दिया जाएगा। पिछले साल की तुलना में पास प्रतिशत में 1.28 प्रतिशत की कमी आई है। लड़कियों का पास प्रतिशत 94.25 प्रतिशत है, जबकि लड़कों का पास प्रतिशत 92.27 प्रतिशत है। इंटरमीडिएट की ही तरह 10वीं में भी त्रिवेंद्रम क्षेत्र का पास प्रतिशत सबसे अधिक 99.91 प्रतिशत है।

जेल सुधारों के लिए नया अधिनियम, महिला कैदियों की सुरक्षा पर जोर

प्रात : किरण

नई दिल्ली/ एजेंसी। केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने जेल प्रबंधन में सुधार और कैदियों के पुनर्वास को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से औपनिवेशिक काल के कारागार अधिनियम 1894 की समीक्षा कर आदर्श कारागार अधिनियम, 2023 को अंतिम रूप दिया है जो राज्यों के लिए मार्गदर्शक दस्तावेज के रूप में काम कर सकता है। गृह मंत्रालय ने शुक्रवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि यह नया अधिनियम व्यापक है और इसमें पुराने अधिनियम की कमियों को दूर किया गया है। मंत्रालय ने कैदी अधिनियम 1900 और कैदियों का स्थानांतरण अधिनियम 1950 की भी समीक्षा की गयी है और इनके प्रावधानों को नये अधिनियम में शामिल किया गया है। नए अधिनियम में महिलाओं और ट्रांसजेंडर कैदियों की सुरक्षा पर अधिक जोर दिया जाएगा इससे जेल प्रबंधन में पारदर्शिता आएगी और कैदियों के सुधार तथा पुनर्वास का प्रावधान किया जाएगा।

नए अधिनियम में कैदियों के व्यावसायिक प्रशिक्षण, कौशल विकास और समाज में उनके पुनर्वास पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। वक्तव्य में कहा गया है कि मौजूदा कारागार अधिनियम 1894ह्नआजादी से पहले का है और लगभग 130 वर्ष पुराना है। यह मुख्य रूप से अपराधियों को हिरासत में रखने और जेलों में अनुशासन तथा व्यवस्था लागू करने पर केंद्रित है और इसमें कैदियों के सुधार तथा पुनर्वास का प्रावधान नहीं है। मंत्रालय का कहना है कि मौजूदा कारागार अधिनियम में कई खामियां हैं और आधुनिक समय की जरूरतों तथा जेल प्रबंधन की आवश्यकताओं के अनुरूप अधिनियम को संशोधित करने की आवश्यकता महसूस की जा रही थी।

मंत्रालय ने कारागार अधिनियम 1894 में संशोधन की सिफारिशों की जिम्मेदारी पुलिस अनुसंधान और विकास ब्यूरो को सौंपी थी और ब्यूरो ने राज्य कारागार प्रशासन तथा सुधार विशेषज्ञों आदि से विस्तृत विचार विमर्श के बाद इसका प्रारूप तैयार किया है। अधिनियम में जेल प्रबंधन में प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल पैरोल, फर्लो प्रदान करने, अच्छे आचरण को बढ़ावा देने के लिए कैदियों की सजा माफ करने, महिला एवं ट्रांसजेंडर कैदियों के लिए विशेष प्रावधान, कैदियों की शारीरिक और मानसिक कुशलता के प्रावधान तथा कैदियों के सुधार और पुनर्वास पर ध्यान दिया गया है। मंत्रालय ने कहा है कि नया अधिनियम राज्यों के लिए मार्गदर्शक दस्तावेज के रूप में काम कर सकता है।

संक्षिप्त खबरें

प्रधानमंत्री ने परीक्षा उतीर्ण करने वालों को दी बधाई

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 12वीं कक्षा की परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण करने वाले सभी एग्जाम वॉरियर्स को बधाई दी है। प्रधानमंत्री ने ट्वीट्स की एक श्रृंखला में कहा, मैं उन सभी एग्जाम वॉरियर्स को बधाई देता हूं जिन्होंने सीबीएसई कक्षा 12वीं की परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की है। मुझे इन युवाओं पर उनकी कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प के लिए गर्व है। मैं युवाओं की सफलता में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए उनके माता-पिता और शिक्षकों को भी बधाई देता हूं। उन्होंने एक अन्य ट्वीट में कहा, मैं उन होनहार युवाओं से कहना चाहता हूं जो महसूस करते हैं कि वे बारहवीं कक्षा की परीक्षा में बेहतर कर सकते थे -आपके पास आने वाले समय में आगे देखने के लिए बहुत कुछ है। परीक्षाओं का एक सेट आपको परिभाषित नहीं करता है। अपनी प्रतिभा का उपयोग करें। जिन क्षेत्रों में आप भावुक हैं। आप चमकेंगे!

धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री आज पहुंचेंगे पटना

पटना। बागेश्वर धाम के संत पंडित धीरेंद्रकृष्ण शास्त्री आज यानी शनिवार को पटना पहुंचेंगे। वे 13 से 17 मई तक पटना में रहेंगे। पटना के नौबतपुर स्थित तरेत मठ में वे पांच दिनों तक हनुमत कथा करेंगे। भारी विरोध के बीच धीरेंद्र शास्त्री कल सुबह पटना पहुंच रहे हैं। दरअसल, बागेश्वर धाम के संत धीरेंद्र शास्त्री कल पांच दिनों के दौरे पर पटना पहुंच रहे हैं। तय कार्यक्रम के मुताबिक धीरेंद्र शास्त्री कल सुबह 8 बजे दिल्ली से पटना एयरपोर्ट पहुंचेंगे। पटना एयरपोर्ट पर पहुंचने के बाद बाबा बागेश्वर सीधे होटल पनाश जाएंगे, जहां उनके लिए कमरा बुक कराया गया है। वे कल से अगले पांच दिनों तक पटना स्थित होटल पनाश में ही ठहरेंगे।

सीबीएसई ने कंपार्टमेंट परीक्षा का नाम बदलकर पूरक परीक्षा किया

नई दिल्ली। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में की गयी सिफारिशों के आधार पर कंपार्टमेंट परीक्षा का नाम बदलकर पूरक परीक्षा करने का फैसला किया है। सीबीएसई ने विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षाओं में अपना प्रदर्शन सुधारने के लिए और अधिक अवसर देने का भी निर्णय लिया है। सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने कहा, राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) में की गयी सिफारिशों के आधार पर सीबीएसई ने कंपार्टमेंट परीक्षा का नाम बदलकर पूरक परीक्षा कर दिया है। विद्यार्थियों को पूरक परीक्षाओं में अपने प्रदर्शन में सुधार लाने के लिए और अधिक अवसर दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 10वीं कक्षा के विद्यार्थियों को पूरक परीक्षाओं में दो विषयों में जबकि 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को एक विषय में अपने अंकों में सुधार लाने का मौका मिलेगा। भारद्वाज ने कहा, जिन छात्रों को पूरक श्रेणी में रखा गया है और जो अपने प्रदर्शन में सुधार करना चाहते हैं, उनके लिए परीक्षा जुलाई में आयोजित की जाएगी और तारीखों की घोषणा जल्द की जाएगी।

अडानी-हिंडनबर्ग विवाद: जांच के लिए सेबी को अतिरिक्त तीन माह देने का सुप्रीम कोर्ट का संकेत

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि वह अडानी समूह द्वारा शेयर की कीमत में हेरफेर के आरोपों की जांच पूरी करने के लिए सेबी को तीन और महीने देने पर विचार कर सकता है और विनियामक प्रकटीकरण में चूक हो सकती है, और मई को बाजार नियामक द्वारा जनहित याचिकाओं और याचिकाओं के एक बैच को सूचीबद्ध किया। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और जेबी पारदीवाला की पीठ ने कहा कि अदालत की रजिस्ट्री को इस मुद्दे पर शीर्ष अदालत द्वारा नियुक्त न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) एएम सप्रे समिति की रिपोर्ट प्राप्त हुई है और वह इस मामले पर विचार करने के बाद सोमवार को मामले की सुनवाई करना चाहेगी।

पैनल के निष्कर्ष। पीठ ने कहा, ह्नहम इस बीच रिपोर्ट को देखेंगे। हम इस मामले को 15 मई को उठाएंगे। सुनवाई के दौरान, पीठ ने सेबी की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा कि वह बाजार नियामक को छह महीने के बजाय तीन महीने का समय दे सकता है, उसने स्टॉक हेरफेर के आरोपों की जांच को लपेटने की मांग की है।

याचिकाकर्ता जया ठाकुर की ओर से पेश एक वकील को चेतावनी देते हुए कहा कि इस अदालत ने सेबी की ओर से किसी नियामक विफलता के बारे में कुछ नहीं कहा है। पीठ ने कहा, आरोप लगाते समय सावधान रहें। इससे शेयर बाजार की धारणा प्रभावित हो सकती है। यह आपके सभी आरोप हैं और इसकी जांच के लिए पैनल का गठन किया गया है।

जाति आधारित गणना को लेकर राज्य सरकार प्रतिबद्ध : संजय झा

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। जल संसाधन सह सूचना एवं जनसम्पर्क मंत्री संजय झा ने एक बार फिर साफ किया कि जाति आधारित जनगणना को लेकर राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। शुक्रवार को जदयू मुख्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए श्री झा ने कहा कि जाति आधारित गणना को लेकर हमारी सरकार प्रतिबद्ध है और इसमें निजात को लेकर सवाल खड़े करना बिल्कुल अनुचित है। योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए जातीय व आर्थिक सर्वेक्षण आवश्यक है। मामला कोर्ट में है इसीलिए इस पर अतिरिक्त कुछ कहना सही नहीं होगा, कोर्ट में सरकार मजबूती से अपना पक्ष रखने का काम करेगी। मंत्री संजय झा ने हाल में ही लॉच हुए बेफिक्र एप की जानकारी देते हुए कहा कि बिहार में बाढ़ और सुखाड़ के प्रभाव को कम करने में यह एप लाभकारी और कारगर सिद्ध होगा। इस एप के माध्यम से बाढ़ एवं सिंचाई क्षेत्र से सम्बंधित सूचनाओ को भी तय समय से पहले हर व्यक्ति तक पहुंच जाएगा। आधुनिक प्रदेश के सपनों की ओर बढ़ते बिहार का यह एक उत्कृष्ट उदाहरण है। आगे उन्होंने कहा कि विपक्षी एकता की मुहिम को कहा कि देशभर में सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। सभी विपक्षी नेताओं ने मुख्यमंत्री के इस पहल की सराहना की है। जल्द ही सभी लोग साथ बैठकर आगे की रणनीति तय करेंगे। श्री झा जदयू मुख्यालय में जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान ने लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण किया।

एसआईटी के समक्ष पेश हुए बृजभूषण, कहा सभी आरोप बेबुनियाद है

प्रात : किरण

नई दिल्ली/ एजेंसी। महिला पहलवानों द्वारा लगाए गए यौन शोषण के आरोपों का सामना कर रहे भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष व भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने शुक्रवार को पुलिस के समक्ष अपने बयान दर्ज कराए। इस मामले की जांच के लिए छह पुलिस अधिकारियों का विशेष जांच दल (एसआईटी) बनाई गई है। इनमें चार महिला पुलिस अधिकारी शामिल हैं।

पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) स्तर के अधिकारियों की देखरेख में यह जांच की जा रही है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बृजभूषण शरण सिंह ने एसआईटी के समक्ष बयान देते हुए कहा है कि उन पर लगाए गए सभी आरोप निराधार हैं। उन्होंने बताया कि जल्दी वह अपने समर्थन में कुछ वीडियो और कॉल रिकॉर्डिंग पेश करेंगे। उन्होंने कहा है कि उनके खिलाफ सोची समझी साजिश के तहत एजेंडा चलाया जा रहा है, जिसमें कुछ राजनीतिक दलों के लोग शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को ही सभी पीड़ित पहलवानों के बयान भी सीआरपीसी की धारा 164 के तहत दर्ज किए गए हैं। इससे पहले गुरुवार को पोक्सो के मामले में पीड़ित पहलवान का बयान दर्ज किया गया था। बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पहलवान जंतर-मंतर पर लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। आज धरने का 20वां दिन है। धरना दे रहे पहलवानों का कहना है कि जब तक बृजभूषण शरण सिंह को भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष के पद से हटाकर गिरफ्तार नहीं किया जाता है तब तक उनका प्रदर्शन चलता रहेगा।

द केरल स्टोरी पर प्रतिबंध के खिलाफ पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु को नोटिस

नई दिल्ली/ एजेंसी। उच्चतम न्यायालय ने विवादों में घिरी फिल्म द केरल स्टोरी के प्रदर्शन पर रोक लगाने के खिलाफ फिल्म निमाताओं की याचिका पर शुक्रवार को पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु सरकार को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा की पीठ ने याचिका पर सुनवाई करते हुए पश्चिम बंगाल की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी से पूछा कि जब यह फिल्म इसी प्रकार की सांख्यिकीय विविधता वाले दूसरे राज्यों में चल रही है, तो पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में चलाने में क्या दिक्कत है? शीर्ष अदालत की दो सदस्यीय पीठ ने याचिकाकताओं की दलीलें सुनने के बाद फिलहाल कोई आदेश पारित करने से इनकार करते हुए कहा कि वह इस मामले में सभी संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायसंगत निर्णय लेगी। पीठ ने कहा कि वह इस मामले की अगली सुनवाई 17 मई को करेगी। शीर्ष अदालत ने गत 10 मई को याचिकाकताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे की गुहार स्वीकार करते हुए याचिका पर सुनवाई के लिए अपनी सहमति व्यक्त की थी।

फैसला मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक, 18 एजेंडों पर लगी मुहर

कैबिनेट का फैसला : साइबर क्राइम पर लगाम लगाने के लिए खुलेंगे 44 नए थाने

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। राज्य के हर जिले में साइबर अपराधों पर लगाम लगाने के लिए साइबर थाने खोले जाएंगे। बैठक में कुल 18 एजेंडों पर निर्णय लिए गए। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई कैबिनेट की बैठक में यह फैसला लिया गया। मंत्रिपरिषद् की बैठक के बाद मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ एस सिद्धार्थ ने सूचना भवन स्थित सभा कक्ष में प्रेस को संबोधित करते हुए बताया कि गृह विभाग (आरक्षी शाखा) के अन्तर्गत साईबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण पाने एवं इनकी रोकथाम हेतु राज्य के प्रत्येक जिला (रेल सहित) में बिहार पुलिस अन्तर्गत एक-एक कुल-44 साईबर पुलिस थानों का सृजन की स्वीकृति दी गई। साथ ही उद्योग विभाग के अन्तर्गत बहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के कर्मियों के उपादान की राशि दस लाख रुपए करने के प्रस्ताव में मंत्रिपरिषद् की स्वीकृति दी गई। कृषि विभाग के अन्तर्गत कृषि रोड मैप 2023-2028 का 162268.78 करोड़ रुपए की लागत पर योजना कार्यान्वयन की सैद्धांतिक स्वीकृति दी गई। इसके अलावा कैबिनेट की बैठक में बिहार लोक सेवा आयोग के जरिए निम्न वर्गीय उत्पाद लिपि के 33 नए पदों का सृजन को स्वीकृति मिली है। इनकी बहाली बीपीएससी के जरिए होगी। राज्य सरकार मुंबई में बिहार भवन का निर्माण कराने जा रही है। इस हेतु जमीन लीज के लिए 1.60 करोड़ रुपए की मंजूरी दी गई है। साथ ही मणिपुर में हिंसा के चलते संकट के बीच बिहारी छात्रों को सुरक्षित लाने के लिए फ्लाइट का किराया सरकार वाहन करेगी। इसकी स्वीकृति कैबिनेट ने दे दी है। शिक्षकों के वेतन भुगतान को लेकर 35.51 अरब की राशि जारी : समग्र शिक्षा अभियान के तहत शिक्षकों के वेतन भुगतान के लिए 35 अरब 51 करोड़ 50 लाख की

सहायक अनुदान मद की स्वीकृति दी गई है। नालंदा के गिरियक अंचल में गंगा जल परियोजना ओपी का सृजन एवं संचालन के लिए 46 पदों को सृजित किया गया है। बक्सर में इथेनॉल प्लांट लगाने के लिए वित्तीय प्रोत्साहन क्लीयरेंस की स्वीकृति दी गई है।

पेयजल आपूर्ति का जिम्मा अब पीएचईडी विभाग को: राज्य सरकार ने वार्डों में पेयजल आपूर्ति का काम पीएचईडी विभाग को सौंप दिया है। अब तक यह जिम्मा पंचायती राज विभाग को था। वार्ड सदस्य ही नल-जल का काम देख रहे थे। वर्तमान में 67355 वार्डों में जलापूर्ति योजना के संचालन तथा रखरखाव का जिम्मा पंचायती राज विभाग के पास था। अब इसे लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग को हस्तांतरित किया गया है। पंचायती राज विभाग और पीएचईडी विभाग संयुक्त रुप से योजनाओं का निरीक्षण कर रिपोर्ट तैयार करेंगे। इसके बाद पूरी तरह से चालू योजनाओं को पंचायती राज विभाग द्वारा पीएचईडी विभाग को हस्तांतरित किया जाएगा। इसके बाद बाद बंद योजनाओं को हस्तांतरित किया जाएगा। अपूर्ण योजनाओं को पंचायती राज विभाग द्वारा चालू किया जाएगा तब इन्हें हस्तांतरित किया जाएगा। इसके साथ ही जमीन निबंधन के लिए दस्तावेज लेखन पर भी नई व्यवस्था की गई है। कैबिनेट ने बिहार रजिस्ट्री करण (संशोधित) नियमावली- 2023 लागू किए जाने की स्वीकृति दी है। जमीन रजिस्ट्री को लेकर सरकार ने अब एक नई व्यवस्था की है। जमीन की रजिस्ट्री कराने वाले अपने दस्तावेजों को स्टांप पेपर पर अथवा सादा ए4 आकार की रोयाल एग्जीक्यूटिव बाउंड कागज पर विभाग द्वारा अनुमोदित मॉडल प्रारूप की टंकी प्रति में तैयार करेंगे। अब सरकार ने लाइसेंसी दस्तावेज लेखकों के साथ -साथ अधिवक्ता, वकील एवं मुख्तार को भी दस्तावेज लेखन की जिम्मेदारी दी है। कैबिनेट ने इस प्रस्ताव को पास कर दिया। जिसके तहत लाइसेंस प्राप्त दस्तावेज लेखकों के अतिरिक्त अधिवक्ता, वकील एवं मुख्तार के द्वारा दस्तावेज विभाग द्वारा अनुमोदित मॉडल प्रारूप को टंकित रूप में तैयार करेंगे। विभाग द्वारा अनुमोदित मॉडल डीड प्रारूप की टंकित प्रति पर दस्तावेजों का निबंधन स्वीकृत किए जाने से जमीन की रजिस्ट्री कराने के लिए दस्तावेज लेखन के लिए किसी बाहरी सहयोग की जरूरत नहीं होगी। साथ ही दस्तावेज में किसी प्रकार के हेरफेर की संभावना नहीं रहेगी।

संक्षिप्त खबरें

गायत्री यज्ञ व दीप यज्ञ 14 को

श्री गौरी शंकर सूर्य नारायण मंदिर, बालूघाट, महेन्द्रू का दसवां वार्षिक उत्सव पर 14 मई धार्मिक आयोजन किया गया है। उस दिन सुबह गायत्री यज्ञ और शाम को 251 दीपों के साथ दीप यज्ञ का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें गर्भ संस्कार, मुंडन संस्कार, विद्यारम्भ संस्कार आदि निःशुल्क कराया जाएगा। कार्यक्रम गायत्री परिवार के द्वारा संचालित किया जाएगा। क्रार्यक्रम के मुख्य संरक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह , शिवनाथ मेहता एवं गणेश कुमार होंगे।

जालसाजों ने खाते से लाखों रुपए उड़ाए

फतुहा। आनलाईन ठगी के मामलों में इजाफा हो रहा है। ऐसा ही मामला शुक्रवार को आया जिसमें जालसाजों द्वारा एक खाताधारक के खाते से तीन बार में लाख रुपए उड़ा लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित खाताधारक नरैना गांव निवासी राजेश कुमार ने थाने में अज्ञात जालसाजो के विरुद्ध शिकायत दर्ज करायी है। पीड़ित की माने तो उसने कुछ दिन पहले ऑनलाइन दवा कम्पनी से दवा खरीदने का ऑर्डर दिया था। दवा खरीदने के लिए कम्पनी को पैसे भी भुगतान कर दिया। लेकिन दवा नही मिली। सम्पर्क किए जाने पर कम्पनी ने एक लिंक भेजते हुए पैसे वापस कर देने की बात कही। बीते गुरुवार को कम्पनी ने उसके पैसे भी वापस लौटा दिए। लेकिन थोड़ी देर बाद ही पीड़ित के खाता से तीन बार में कुल लाख रुपए की निकासी कर ली गयी। पुलिस साइबर क्राइम के तहत मामले की तहकीकात में जुटी है।

महिला चलती ट्रेन से कूदी

दानापुर नगर के गलती से दूसरे ट्रेन में चढ़ने का पता चलते ही 50 वर्षीय महिला चलती ट्रेन से हड़बड़ाहट में पाटलिपुत्र रेलवे स्टेशन पर कूद गई। जिसे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई। जिसे आरपीएफ की मदद से पटना एनएमसीएच में भर्ती कराया गया है। जानकारी देते हुए आरपीएफ इन्स्पेक्टर एस.ए.पटेल ने बताया कि गुरुवार की दोपहर स्माइलपुर फुलवारी शरीफ निवासी स्व. विनय सिंह की पत्नी संयुक्ता देवी फुलवारी रेलवे स्टेशन से बिहटा जाने के लिए पकड़नी थी मगर गलती से वह पटना-थावे स्पेशल ट्रेन में चढ़ गई। पाटलीपुत्रा स्टेशन के करीब पहुंचने पर यात्रियों से पता चला कि वह गलत ट्रेन में चढ़ गई है। महिला घबरा गई और चलती ट्रेन से ऊतरने के दौरान गिर पड़ी। हादसे में वह बुरी तरह जख्मी हो गई। स्टेशन पर मौजूद आरपीएफ की जीवन रक्षक टीम ने तत्काल उन्हे उठाकर एम्बुलेंस के माध्यम सेइलाज केलिए पटना एनएमसीएच में भर्ती करा परिजनों को सूचित कर दिया गया।

आज दो घंटा बंद रहेगा वेस्ट फीडर

पटना सिटी (प्राकि)। गुलजारबाग विद्युत कार्य प्रमंडल के मीना बाजार पीएसएस के 11 केवी वेस्ट फीडर को दो घंटा के लिए बंद किया जाएगा। इसके कारण पेड़ की छंटाई और रखरखाव का काम किया जाना है। शनिवार की सुबह दो घंटे के लिए इसे बंद रखा जाएगा। मीनाबाजार पीएसएस के एईई लखन कुमार ने बताया कि इस दौरान शनिवार की सुबह सात बजे से लेकर नौ बजे तक फीडर को बंद रखा जाएगा। इस दौरान नया गांव, मीनाबाजार, जल्ला रोड, तुलसी मंडी, साईं तकिया, कसेरा आयरन समेत अन्य मुहल्लों की बिजली आपूर्ति बंद रहेगी।

विद्या निकेतन के छः छात्रों ने लहराया परचम

दानापुर। विद्या निकेतन, सराय, दानापुर, पटना के छात्रों ने सीबीएसई बारहवी की परीक्षा में शानदार सफलता हासिल की। परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रौशन किया है। स्कूल के कुल 123 विद्याथियों ने इंटरमीडिएट की परीक्षा में भाग लिया था। जिसमे 90 से 100 प्रतिशत के बीच में छः छात्र- छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन किया। स्कूल के छात्रा अपर्ना केसरी ने 91.4 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल टॉपर होने का गर्व हासिल किया। तो वही अन्य छात्र- छात्राओं में आदर्श कुमार 90.8 प्रतिशत, दीक्षा रंजन 90.4 प्रतिशत, आदित्य रौनक 90.6 प्रतिशत, आयुष रंजन 89.8 प्रतिशत, आयुष राज गोस्वामी 89.6 प्रतिशत हासिल किए हैं। वही अगर बात करें 81-90 प्रतिशत के बीच वाले छात्र- छात्राओं की जिसमे 17 छात्र- छात्राओं ने विद्यालय को पुनः एक बार गर्वान्वित किया है। शेष विद्यार्थियों का भी रिजल्ट संतोषप्रद रहा । परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद विद्या निकेतन के प्राचार्य डा. विनय कुमार सिन्हा ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।

तख्तश्री कमेटी ने जत्थेदार ज्ञानी रणजीत सिंह को किया बर्खास्त

3 दिनों में आवास व सुरक्षाकर्मियों से कमरे खाली करने का दिया निर्देश

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

अंततः तख्तश्री हरिमंदिर जी प्रबंधक कमेटी की तीन दिनों तक चली बैठक के बाद गुरुवार की रात ज्ञानी रणजीत सिंह को जत्थेदार के पद से बर्खास्त करने का फैसला लिया गया। साथ ही तीन दिनों में तख्तश्री परिसर स्थित आवास और सुरक्षाकर्मियों से कमरा खाली करने का भी निर्देश दिया गया है। यह जानकारी कमेटी के प्रधान जगजोत सिंह सोही ने शुक्रवार को दी। मीटिंग में श्री सोही के अलावा की गई कार्रवाई पर महासचिव इंद्रजीत सिंह, उपाध्यक्ष गुरुविंदर सिंह, सचिव हरबंश सिंह, सदस्य डॉ गुरमीत सिंह, राजा सिंह और महेंद्रपाल सिंह ढिल्लन के हस्ताक्षर हैं। उन्होंने कहा कि श्री अकाल तख्त साहिब के द्वारा 6 दिसंबर, 22 को ही जारी हुक्मनामा में ज्ञानी रणजीत सिंह को सेवा मुक्त किए जाने का आदेश तख्तश्री कमेटी को दिया गया था। उस दौरान महासचिव इंद्रजीत सिंह और सचिव हरबंश सिंह के धार्मिक सजा लगा होने के कारण दोनों ने अपना अधिकार कार्यकारी अध्यक्ष रहे जगजोत सिंह सोही और कनीय उपाध्यक्ष रहे लखबिंदर सिंह को सौंप दिया था। इन दोनों के हस्ताक्षर से ज्ञानी रणजीत सिंह को सेवा मुक्त किए जाने का पत्र 10 या 11 दिसंबर, 22 को ही जारी कर दिया गया था। इस बीच कमेटी ने कभी भी उनसे तख्तश्री परिसर स्थित उनके आवास को खाली कराने से लेकर उन पर लगाए गए आरोप की जांच के लिए गठित हाई पावर जांच कमेटी की रिपोर्ट आने तक चुप बैठे रहे। जैसे ही जांच कमेटी की रिपोर्ट पूरी हो गई और उसके चेयरमैन सह दिल्ली हाई कोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस आरएस सोढ़ी ने अध्यक्ष को रिपोर्ट को स्वीकार करने का मौखिक और लिखित रूप में कही। मगर उन्होंने इसे प्राप्त नहीं किया। अंततः जांच कमेटी के संयोजक और तख्तश्री कमेटी के सदस्य चरणजीत सिंह ने तख्तश्री कमेटी के कांफ्रेंस हॉल में मीडिया के द्वारा रिपोर्ट को सार्वजनिक कर दिया। इसके बाद से कमेटी के अंदर खींचतान का दौर शुरू हो गया था। इसे लेकर कमेटी की बैठक अध्यक्ष की सलाह पर महासचिव इंद्रजीत सिंह ने नौ मई को बैठक आहूत की। इस होने वाली बैठक को एक दिन पूर्व आठ मई को सचिव हरबंश सिंह ने बैठक को स्थगित करने का पत्र जारी किया। हालांकि नौ मई को कमेटी की हुई बैठक में हरबंश सिंह भी शामिल हुए। लगातार 11 मई की रात तक कमेटी की बैठक जारी रही। इस दौरान अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही की तबीयत बिगड़ी और चिकित्सक को बुलाना पड़ा। इस बीच कमेटी के पदाधिकारियों ने ज्ञानी रणजीत सिंह को मनाने और खुद से इस्तीफा दिए जाने को लेकर मनाने से लेकर दबाव बनाने तक का काम किया, मगर ज्ञानी रणजीत सिंह ने इस्तीफा देने से इनकार कर दिया। अंततः काफी मशक्कत के बाद 11 मई की रात उन्हें जत्थेदार पद से बर्खास्त किए जाने का निर्णय ले लिया गया। अधिक संभावना है कि उन्हें आज या कल डिसमिस का पत्र सुपुर्द कर दिया जाएगा। साथ ही उन्हें तख्तश्री परिसर में मिले आवास को भी खाली करने का नोटिस दिया जा सकता है। अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही ने कहा कि छह दिसंबर को जारी श्री अकाल तख्त साहिब के निर्देश के आलोक में ही सेवा मुक्त किया जा चुका था, मगर वह पत्र नहीं मिलने की बात कह रहे थे। श्री अकाल तख्त साहिब के आदेश का पालन करना उन सबों का दायित्व था। अंततः सबों ने निर्णय लिया। लिए गए निर्णय में बैठक में मौजूद सभी पदाधिकारियों और सदस्यों की सहमति रही। श्री अकाल तख्त साहिब के द्वारा छह दिसंबर, 22 को जारी हुक्मनामा के आलोक में अब भी दो बिंदु को लागू नहीं कराया गया है। इसमें तख्तश्री कमेटी के मातहत कार्यरत लोगों का डोप जांच और ज्ञानी बलदेव सिंह के पांच वाणियों का सस्वर पाठ पंज प्यारों की मौजूदगी में वीडियो रिकॉर्डिंग कराते हुए भेजा जाना है। उक्त दोनों निर्णय आदेश जारी होने के साढ़े पांच माह बाद भी लागू नहीं कराया जा सका है। अध्यक्ष का कहना है कि श्री अकाल तख्त साहिब के द्वारा जारी हर आदेश का पालन कराने का प्रयास कमेटी के द्वारा किया जाएगा। जत्थेदार पद से ज्ञानी रणजीत सिंह को बर्खास्त किए जाने के बाद संगत भी दो धड़े में बंट गई है। कुछ इसका स्वागत कर रही है, जबकि कुछ इसे गलत बता रही है।

नर्सों का जीवन सेवा व कर्तव्य से भरा : श्रवण कुमार

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

ऑल इंडिया नर्सेज एसोसिएशन, बिहार शाखा की ओर से नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में शुक्रवार को विश्व नर्सिग दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने किया। उन्होंने सरकार के कार्यकलाप को लोगों के सामने रखा। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक दाधीच और संचालन मृत्युंजय झा ने किया। आयोजन में लघु जल संसाधन विभाग मंत्री जयंत राज ने कहा कि नर्सों का जीवन सेवा और कर्तव्य भाव से भरा होता है। पूर्व मंत्री सह विधान पार्षद नीरज कुमार ने कहा कि सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व में मेडिकल और नर्सिग कॉलेज की स्थापना की गई है। कार्यक्रम को राजद के प्रदेश प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी और शशिकांत गुप्ता ने भी संबोधित किया। आयोजन में सुशीला कुमारी, कुमारी अमिता सिन्हा, पिंकी कुमारी, नेहा कुमारी, राधा कुमारी, ममता कुमारी, नजराना वारसी, आशा गुप्ता, अर्चना कुमारी, कल्याणी सिन्हा, वंदना कुमारी, नैनसी, ज्योति, सीमा, जरीना नजीर, गीतांजलि, मांडवी, अमृता कुमारी, प्रीति, प्रेरणा आदि शामिल थीं। आयोजन में प्रभारी मातृका सुशीला कुमारी, सहायक मातृका गौरव सारस्वत और अनुराधा शर्मा,सुभाष रंजन आदि सक्रिय थे। इस दौरान नर्सों को सम्मानित किया गया। दूसरी ओर श्री गुरु गोविंद सिंह सदर अस्पताल में निर्माण संस्था की ओर से कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इसका उद्घाटन अस्पताल के अधीक्षक डॉ आरआर चौधरी ने किया। आयोजन में रेडक्रास सोसाइटी पटना सिटी शाखा के चेयरमैन गोविंद कानोडिया और अस्पताल प्रबंधक मो शब्बीर खान ने भी विचार रखे। धन्यवाद ज्ञापन अंजनी कुमार ने किया।

कलश यात्रा के साथ ही हनुमंत कथा का हुआ शुभारंभ

13 मई से 17 मई तक आचार्य धीरेंद्र शास्त्री करेंगे हनुमंत कथा

प्रात : किरण संवाददाता

नौबतपुर। प्रखंड क्षेत्र के चर्चित तरेत मठ में 13 मई से होने वाले हनुमंत कथा को लेकर शुक्रवार को भव्य सम्पूर्ण विधि विधान से कलश यात्रा के साथ ही शुभारंभ हो गया। भव्य कलश यात्रा राष्ट्रीय राजमार्ग 139 स्थित मोतीपुर गांव मुख्य सड़क से निकली।जो थाना रोड होते हुए नौबतपुर मुख्य बाजार,सोन नहर मार्ग से तरेत स्थित कार्यक्रम स्थल पहुंचा।भक्तिभाव से माथे पर कलश लेकर क्षेत्र की सैकड़ों माताएं व बहनों साथ में नौजवान भक्तजन ध्वज पताका, ढोल, मृदंग, नगाड़ा धरे जय श्री राम, जय जय श्री राम का जयकारा लगाते हुए चल रहे थे। जयकारे की गुंज से माहौल भक्तिमय हो गया। बाबा बागेश्वर सरकार के कार्यक्रम को लेकर पूरा नौबतपुर क्षेत्र भक्तिमय हो गया है।बता दे कि नौबतपुर के तरेत स्थान में 13 मई से 17 मई तक पंडित धीरेंद्र शास्त्री का दरबार सजेगा। 15 मई को बाबा का दिव्य दरबार लगेगा।

कलश यात्रा के दौरान एक दर्जन महिला चोर गिरफ्तार : कलश यात्रा में श्रद्धालुओं के वेश में घुसे एक दर्जन महिला चोर को चोरी करते पकड़ा गया। सभी को लेकर पुलिस थाना गई। जहाँ उनका सत्यापन किया जा रहा है। बता दे कि शुक्रवार की सुबह नौबतपुर प्रखंड के तरेत पाली मठ में आयोजित होने हनुमत कथा को लेकर प्रखंड के मोतीपुर गांव से भव्य कलश यात्रा का शुरूआत किया गया । जिसमें पूरे क्षेत्र और आसपास के काफी संख्या में महिला श्रद्धालु शामिल थी इसी दौरान मोतीपुर गांव के पास ही कलश यात्रा की शुरूआत की गई तभी एक महिला का सोने का चैन काटा गया, जिसके बाद हल्ला होने पर ग्रामीणों के सहयोग से पुलिस ने भाग रहे महिला उच्चको को गिरफ्तार कर लिया । कुछ देर बाद ही चार अन्य महिला को सोने की जिउतिया काटते पकड़ा गया। देखते देखते यह संख्या बढ़ गई। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। कई महिला ने थाना पहुंचकर घटना के बारे में बतायी। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार भारद्वाज ने बताया कि कलश यात्रा के दौरान कलश यात्रा के दौरान पुलिस ने एक दर्जन महिला चोरों को गिरफ्तार किया गया है । एक जिउतिया एवं दो मंगलसूत्र बरामद किया गया है। इस बाबत छोटी टंगरैला निवासी कुन्नू सिंह की पत्नी ने चोरों के विरुद्ध लिखित शिकायत दर्ज कराया है।

सांसद ने कहा कि नर्सेज स्वास्थ्य सेवा की सबसे बड़ी इकाई

जन सेवा को समर्पित नर्सों के बहुमूल्य योगदानः प्रो.गोपाल कृष्ण पाल

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान पटना में कार्यरत एम्स पटना नर्सेज यूनियन ने अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस मनाया इस कार्यक्रम का उद्घाटन लोकसभा सांसद और एम्स इंस्टिट्यूट बॉडी के मेंबर छेदी पासवान ने दीप प्रज्जवलित कर किया।

उन्होंने कहा कि नर्सेज स्वास्थ्य सेवा की सबसे बड़ी इकाई है तथा नर्सेज स्वास्थ्य विभाग के लक्ष्यों की प्राप्ति की अहम कड़ी है,साथ ही अंर्तराष्ट्रीय नर्सेज सप्ताह के दौरान हुए खेल के विजेताओं को भी सम्मानित किया , एम्स के एक्सिक्यूटिव डायरेक्टर प्रो.गोपाल कृष्ण पाल ने सभी नर्सो को अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस की शुभकामनाएं दी और कहा कि जन सेवा को समर्पित नर्सो के बहुमूल्य योगदान को याद कर उनके कार्यो की सराहना की ,एम्स के अधिष्ठाता (एकेडमीक) डॉ. उमेश कुमार भदानी ने सभी नर्सेज को अंतरराष्ट्रीय नर्सेज दिवस की बधाई दी ,उन्होंने पुराने अनुभव साझा कर बताया कि उन्हें इंजेक्शन लगाना नर्सिग ऑफिसर ने ही सीखाया था ,एम्स के मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. सी.एम. सिंह ने अंतरराष्ट्रीय नर्सेज दिवस की शुभकामनाएं दी और कोरोना के दौरान एम्स की नर्सो द्वारा किये गए अतुलनीय कार्यो का जिक्र कर उनकी सराहना की ,साथ ही उन्होंने नर्सो को स्वस्थ की रीढ की हड्डी बताया , एम्स पटना के मुख्य नर्सिंग अधिकार रतीश नायर ने सभी को नर्सेज दिवस की बधाई थी और इस वर्ष की थीम ह्लआवर नर्सेज अवार फ्यूचर के बारे में बताया उन्होंने नर्सिंग की जन्मदात्री फ्लोरेंस नाइटिंगेल की संक्षिप्त जीवन के बारे में ओर उनके दुवारा किये गए कार्यो के बारे में बताया ,एम्स पटना नर्सेज यूनियन के अध्यक्ष रनीश लॉरेंस ने सभी को अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस की बधाई दी ,एम्स पटना नर्सेज यूनियन के जनरल सेक्रेटरी इंदरजीत सिंह यादव ने सभी को अंतरराष्ट्रीय नर्सेज दिवस की शुभकामनाएं दी,साथ ही इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी टीमो के सदस्य मनोज शर्मा, इरशाद खान, विशांत ,सुरभि कश्यप ,सुजीश ,सिनोज ,राकेश, मनीष गुप्ता, अमित मित्तल ,कविता, सिंधु , प्रियंका, कामिनी ,सांवर लाम्बा , कंचन कुमारी , अशोक ढाका, बबलू , मोहन ,जितेंद्र , बन्ने सिंह ,राकेश को बधाई दी ।

डिप्टी सीएम तेजस्वी ने टीबी मुक्त पंचायत पहल का किया शुभारंभ

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। फ्लोरेंस नाईटेंगल दिवस के अवसर पर शुक्रवार को उर्जा ऑडिटोरियम उपमुख्यमंत्री सह स्वास्थ्य मंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव ने टीबी मुक्त पंचायत पहल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री द्वारा राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम में प्रशिक्षण के लिए टीबीडीसी पटना द्वारा तैयार स्वास्थ्य कार्यकर्ता प्रशिक्षण मोडयूल के द्वितीय संस्करण का विमोचन एवं टीबी उन्मूलन में उत्कृष्ट कार्य हेतु वन वर्ल्ड टीबी समिट (वाराणसी) में पुरस्कृत पांच जिलों समस्तीपुर एवं मुजफ्फरपुर (स्वर्ण पदक), सिवान (रजत पदक), पुर्णिया एवं सारण (कांस्य पदक) को प्रमाणपत्र एवं मैडल देकर सम्मानित किया। समारोह में स्वर्ण पदक प्राप्त जिलों को पांच पांच लाख, एवं रजत तथा कांस्य पदक प्राप्त जिलों को क्रमशः तीन लाख एवं दो लाख रुपये की सम्मान राशि भी प्रदान किया गया। टीबी मुक्त पंचायत पहल के शुभारंभ से पहले सभी सिविल सर्जन, संचारी रोग पदाधिकारी(यक्ष्मा), जिला कार्यक्रम प्रबंधक एवं 100 से अधिक आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर कार्यरत सीएचओ को टीबी मुक्त पंचायत पहल का उद्देश्य, क्रियान्वयन के लिए आवश्यक तैयारियों, टीबी मुक्त पंचायत के लिए दावे एवं सत्यापन की प्रक्रिया पर राज्य स्तरीय प्रशिक्षण डॉ. बाल कृष्ण मिश्र एवं उनकी टीम द्वारा दिया गया।

प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि राज्य में टीबी मरीजों के नोटिफिकेशन करने की पहल में उत्साह जनक प्रगति दर्ज की गयी है। राज्य के 19 जिलों में प्राइवेट डॉक्टरों से इलाज कराने वाले टीबी मरीजों के नोटिफिकेशन एवं उन्हें भी समस्त सरकारी सेवाओं के लाभ से जोड़ने के लिए पेशेंट प्रोवाइडर सपोर्ट एजेंसी के साथ एकरारनामा कर मदद ली जा रही है।

2022-23 में कुल 51,30,210 व्यक्तियों की स्क्रीनिंग की गयी: गैर संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत मधुमेह, उच्च रक्तचाप एवं तीन प्रकार के कैंसर यथा मुख, स्तन तथा गर्भाशय के मूंह के कैंसर की समय पूर्व पहचान के लिए राज्य के सभी जिलों में स्क्रीनिंग, जांच एवं उपचार किया जाता है। स्क्रीनिंग दो तरीकों क्रमशः ओपोर्टयुनिस्टइक एवं जनसँख्या आधारित बड़े पैमाने पर की जाती है। ओपोर्टयुनिस्टइक स्क्रीनिंग के तहत वर्ष 2021-22 में कुल 11,01,121 व्यक्तियों एवं वर्ष 2022-23 में कुल 44,41,462 व्यक्तियों की स्क्रीनिंग की गयी। वर्ष 2021-22 में कुल 9,06,122 व्यक्तियों एवं वर्ष 2022-23 में कुल 51,30,210 व्यक्तियों की स्क्रीनिंग की गयी है। फ्लोरेंस नाईटेंगल नर्सेस अवार्ड : उपमुख्यमंत्री ने 2023 में राज्य अंतर्गत नर्सिंग प्रषेत्र में उत्कृष्ट एवं सराहनीय सेवा प्रदान करने वाली सभी जिलों एवं सभी सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पतालों से एक नर्स को फ्लोरेंस नाईटेंगल नर्सेस अवार्ड 2023 से पुरस्कृत किया। बिहार नेत्र ज्योति अभियान : उपमुख्यमंत्री ने एक लाख मोतियाबिंद मरीजों का ऑपरेशन अगले दो महीने (फरवरी-मार्च 2023) में करने की घोषणा की।

तरुमित्रा संस्था ने पेड़-पौधा व जीव-जंतु की महत्ता के बारे में छात्रों को बताया

प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी। इन्फेंट जीजस स्कूल में तरुमित्रा संस्था की ओर से क्रियात्मक गतिविधि आयोजित की गई। इसमें संस्था की सहभागी देवोप्रिया दत्ता ने छात्रों को प्रकृति की देखरेख और संरक्षण से संबंधित विषयों पर अपनी संस्था की ओर से जानकारी दी और अनुभव को साझा किया। यह गतिविधि कक्षा छह से नवम वर्ग तक के छात्रों के लिए आयोजित की गई। बच्चों को तरु सेना नाम दिया गया। स्कूल के निदेशक पाश्कल पीटर ओस्टा, प्राचार्य रंजन जोसेफ और जनसंपर्क अधिकारी शुभदा कुलकर्णी ने भाग लिया। देवोप्रिया ने पेड़-पौधे के महत्व, सभी जीव-जंतुओं का प्रकृति में अनिवार्यता तथा एक-दूसरे पर निर्भरता आदि विषयों पर छात्रों को जानकारी प्रदान की। बताया गया कि पृथ्वी हमारी माता है और उनकी देखरेख करना हमारा कर्तव्य है। इस पर हरियाली बनाए रखते हुए साफ सफाई भी रखना है। कार्यक्रम के समापन में संस्था की सहभागी देवोप्रिया दत्ता को स्मृति चिन्ह और पौधा प्रेम स्वरूप भेंट किया गया। कार्यक्रम की उद्घोषिका रश्मि सुमन और रंजना झा रहीं।

सोफा कारखाना में लगी आग से अफरा-तफरी

प्रात : किरण संवाददाता

सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के मऊआर लेन में स्थित सोफा बनाने के कारखाना में तड़के आग लग गई। इस घटना में लाखों रुपये की संपत्ति जल कर खाक हो गई। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

फायर कर्मियों ने बताया कि सूचना मिलने के बाद मौके पर एक-एक कर तीन यूनिट घटनास्थल पर आग बुझाने के लिए भेजा गया। खासा मशक्कत के बाद आग पर काबू किया जा सका। संभावना जताई जा रही है कि शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगने की घटना हुई है। पीड़ित मो मुस्तिक ने फायर कर्मियों को बताया कि आग लगने की घटना में हुए नुकसान का आलकन किया जा रहा है। आग लगने की घटना के कारण वहां अफरा-तफरी की स्थिति मच गयी थी। स्थानीय लोगों ने बताया कि आसपास के घरों को भी आंशिक तौर पर नुकसान हुआ है। इस दौरान घरेलू उपकरण भी जल गया है।

इंटर मीडियट परीक्षा में अंशी राय ने 92.8 प्रतिशत अंक लाकर किया नाम रौशन

परीक्षा प्रात : किरण संवाददाता

फतुहा। सीबीएसई बोर्ड द्वारा आयोजित 12 की परीक्षा में सोरा कोठी निवासी रविंद्र कुमार की पुत्री अंशी राय 92.8% अंक लाकर अपने मां-बाप के साथ-साथ फतुहा का नाम रौशन की है। इनकी सफलता पर नगर परिषद फतुहा के मुख्य पार्षद रूपा कुमारी, मुख्य पार्षद प्रतिनिधि टुनटुन यादव, समाजसेवी सुधीर कुमार यादव, पूर्व उपाध्यक्ष संजय गोप, उपमुख्य पार्षद अंजनी कुमारी, प्रतिनिधि बबन कुमार, लोजपा (रा.) जिलाध्यक्ष रंजीत यादव, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी, अनामिका अग्रवाल, रंजना गुप्ता, पूर्व वार्ड पार्षद शारदा देवी, टीम सोशल सर्विस के राजन पासवान, अनिल राज, पंकज यादव (माले नेता) सहित अन्य लोगों ने हार्दिक बधाई एवं ढेर सारी शुभकामनाएं दी है।

12वीं की परीक्षा में छात्र एवं छात्राएं रहे अव्वल

प्रात : किरण संवाददाता

दानापुर। नगर के विभिन्न स्कूलों के सीबीएसई 12वीं की परीक्षा में छात्राओं ने छात्रों को पछाड़ते हुए अच्छे नंबर से पास किया है। दानापुर कैंट स्थित आर्मी पब्लिक स्कूल की अमीशा कुमारी ने 98.6 फीसदी अंक लाकर स्कूल के साथ नगर का नाम रौशन किया है। जबकी नीशू कुमारी 96.4, सच्ची कुमारी 95.4, भूमि कुमारी 95.2 प्रतिशत अंक लाई है। ईसीआर सिनियर सेकेन्ड्री स्कूल, दानापुर के छात्र धनराज वर्मा ने 95.4 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल में अव्वल आए है। प्राचार्य ज्ञानेश्वर ने बताया कि स्कूल की सभी छात्र व छात्राएं अच्छे अंकों से सफल हुए हुए है। वहीं ईशान इंटरेशनल स्कूल नंदनी कुमारी 96 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल में अव्वल रही है। वहीं पटना दून पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राओं ने सीबीएसई 12 वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्कूल और अपने माता - पिता का नाम रौशन किया । विज्ञान में मन्नत कुमारी 96.60 प्रतिशत लाकर प्रथम स्थान पर रही। वहीं प्रतीक कुमार 96.20 प्रतिशत लाकर द्वितीय तथा अंजली कुमारी 96 प्रतिशत लाकर तृतीय स्थान पर रहे। सेंट डोमिनिक सैवियो हाई स्कूल के 59 छात्रों ने 90 से 96.8% के बीच, 101 छात्रों ने 80% से 89% के बीच और 73 छात्रों ने 70% से 79% के बीच अंक प्राप्त किए। नतीजों की खास बात यह रही कि हिमांशु कुमार ने सामाजिक विज्ञान में 100 अंक और सौरभ राज ने सूचना प्रौद्योगिकी में 100 अंक हासिल किए।

नर्स डे पर नर्स हुईं सम्मानित, सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। 8 मई से चल रहे नर्सिंग वीक के तहत फोर्ड हॉस्पिटल (या, बाईपास स्थित एक बड़े अस्पताल) में अंतिम दिन 12 मई को इंटरनेशनल नर्स डे मनाया गया। इस अवसर पर हॉस्पिटल के नर्सों को उनके बेहतरीन कार्य और 11 मई को हुए केस प्रजेंटेशन में बेहतर करनेवालों को सम्मानित किया गया। अस्पताल के निदेशक डॉ. संतोष कुमार, डॉ. बीबी भारती और डॉ. अरुण कुमार ने बताया कि अस्पताल में 8 मई से ही उत्सव का माहौल था। हमारे अस्पताल की रीढ़ नर्सिंग स्टॉफ हर रोज कुछ नया कर रही थीं। 11 मई को केस प्रजेंटेशन हुआ, जिसमें अव्वल आनेवाले नर्स को हमलोगों ने सम्मानित किया। वहीं क्रिटिकल केयर के हेड डॉ. संजीव ने कहा कि नर्स मेडिकल के रीढ़ होते हैं। हमलोग उपचार करने के बाद आसान रिकवरी के लिए उन्हें पर निर्भर होते हैं। इसीलिए नर्सिंग सिर्फ एक प्रोफेशन नहीं बल्कि सेवा है। मरीज की देखभाल जितनी अच्छी होती है वो बीमारी से उतना जल्दी निकलता है। और यह सेवा हमारे नर्सिंग कैडर ही करते हैं।

विपक्षी एकता की मुहिम पर पक्ष-विपक्ष में सियासी बयानबाजी जोरों पर

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की विपक्षी एकता की मुहिम पर प्रदेश में सियासी संग्राम छिड़ा है। पक्ष व विपक्ष के बीच जमकर बयानबाजी हो रही है। विपक्षी भाजपा लगातार इस मसले पर तंज कस रहा है। वहीं, भाजपा के आरोपों पर जदयू नेता भी मुखर होकर प्रतिक्रिया दे रहे हैं। जदयू को राजद व कांग्रेस का साथ मिल रहा है। वहीं, भाजपा को लोजपा रा व रालोजपा का समर्थन मिल रहा है। बतातें चले कि विपक्षी एकता की मुहिम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को महाराष्ट्र के पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख शरद पवार से मुंबई में मुलाकत की। इसके पहले नीतीश कुमार झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उड़िसा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक से मिले थे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इसके पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे, दिल्ली के सीएम अरबिन्द केजरीवाल, सपा प्रमुख अखिलेश, पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी सहित वाम दलों के नेताओं से मुलाकात कर चुके हैं।

विपक्षी एकता से भाजपा में बचैनी : राजीव

पटना। जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में जैसे जैसे विपक्षी एकता को मजबूती मिलती जा रही है, वैसे वैसे भाजपाइयों की सांसे फूलती जा रही हैं। कर्नाटक के एक्जिट पोल ने इनकी चिंता को और बढ़ा दिया है। वह समझ गये हैं कि उनकी सत्ता के गिनती के दिन बचे हुए हैं, इसीलिए इस बात की पूरी संभावना है कि वह देश का माहौल बिगाड़ने की पूरी कोशिश करेंगे। लोगों को चाहिए कि उनसे सावधान रहें और यदि कोई भाईचारा बिगाड़ने की कोशिश करते दिखे तो तुरंत प्रशासन को सूचित करें। उन्होंने कहा कि किसी भी राज्य का माहौल बिगाड़ कर वोटों की खेती करने में भाजपा को विशेषज्ञता हासिल है। गुजरात, मध्यप्रदेश और यूपी जैसे सभी राज्यों को देखें तो इन्होने सामाजिक सद्भावना को बिगाड़ कर ही सत्ता हासिल करने में सफलता प्राप्त की है। धर्म के नाम पर लोगों को लड़वा कर अपना उल्लू सीधा करने में इनका कोई मुकाबला नहीं है। इसलिए सत्ता हाथ से फिसलते देख कर यह उसी दांव को आजमाने का प्रयास करें तो किसी को कोई आश्चर्य नहीं होना चाहिए। जदयू महासचिव ने कहा कि भाजपा के लिए विकास केवल एक झुनझुना है जिसे वह अपनी उन्माद की राजनीति को छिपाने के लिए जनता को दिखाते रहते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता यह जान ले कि देश के सामने उनकी कलई खुल चुकी है। समाज में धर्म के नाम पर फूट डालो और राज करो का उनका एजेंडा अब और नहीं चलने वाला। इसीलिए बेहतर होगा कि दंगों की राजनीति को छोड़कर वह विकास की राजनीति करें।

विपक्षी एकता के नाम पर झुंड बनाने की कोशिश : भाजपा

पटना। भाजपा प्रवक्ता मनोज शर्मा ने विपक्षी एका की मुहिम पर तंज कसा है। कहा है कि विपक्षी एकता के नाम पर झुंड बनाने की कोशिश हो रही है। आगे उन्होंने कहा कि झुंड हंगामा तो कर सकती है लेकिन, व्यवस्था नही बदल सकती है। भाजपा प्रवक्ता ने जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि फौज की एक व्यवस्था होती है। उसका एक अलग प्रोटोकॉल होता है। फौज की बातें चौक-चौराहे पर नही की जाती है। वैसे भी आप से पूछ कर केंद्र सरकार जबाब देगी क्या? ये पाकिस्तान नही है। ये भारत है और भारत में लोकतांत्रिक तरीके नरेन्द्र मोदी की चुनी हुई भाजपा की सरकार है। यहां सभी काम लोकतांत्रिक तरीके से होते हैं। सैन्य व्यवस्था और उसके गोपनीयता की बातें जगजाहिर नही की जाती है। जब आप संवैधानिक ओहदे पर होते है तो ऐसी बातों का ख्याल रखा जाता है। उन्होंने कहा कि विपक्षी एकता एक चाय-नास्ता वाली एकता बन कर रह जाएगी। किसी ने खुले मन से आप लोगों का समर्थन नही किया है। सिर्फ प्रेस कांफ्रेंस करके साथ मे फोटो खिंचा लेना विपक्षी एकता नही होती है। 2024 लोकसभा चुनाव नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रचंड बहुमत से भारतीय जनता पार्टी जीतेगी और रही बात मध्य प्रदेश और छतीसगढ़ के चुनाव की तो वहां की जनता जानती है कि भाजपा ही देश और राज्य का विकास कर सकती है।

नीतीश कुमार की मुहिम का दिख रहा असर : जदयू

पटना। जदयू प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा है कि नीतीश कुमार के विपक्षी एकता की मुहिम का असर दिख रहा है। बीजेपी क्षेत्रीय दलों को खत्म करना चाहती है, लेकिन उसकी यह मंशा पूरी नहीं होगी। जदयू नेता व मंत्री विजय चौधरी ने कहा कि अभी विपक्षी एकजुटता की पहल हुई है, वार्ता हो रही है। इसपर सभी नेताओं की राय के बाद बैठक होगी। कांग्रेस विधान पार्षद समीर सिंह ने भी नीतीश कुमार की मुहिम के समर्थन में बयान दिया है। उनके अनुसार मुख्यमंत्री ने सोनिया गांधी और राहुल गांधी से मुलाकात के बाद अपना अभियान आरंभ किया है। इसे सफलता मिल रही है। नीतीश कुमार ने खुद प्रधानमंत्री पद के लिए अपनी उम्मीदवारी की मंशा से इनकार किया है। वहीं, जदयू प्रवक्ता हीमराज राम ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की विपक्षी एकता को लेकर एनसीपी प्रमुख शरद पवार और शिवसेना (बालासाहेब) के उद्धव ठाकरे से मुलाकात को बेहद सकारात्मक बताया है। उन्होंने कहा कि एनसीपी प्रमुख शरद पवार और उद्धव ठाकरे से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुलाकात के दौरान देश में एक मजबूत विपक्ष की जरूरत बताया और कहा कि मौजूदा सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ एक संयुक्त विपक्ष की बेहद जरूरत है। वहीं पार्टी प्रवक्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश से मुलाकात के दौरान एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की बातों से सहमति जताई।

विपक्षी एका की मंसूबे पर बीजद ने पानी फेरा : चिराग

पटना। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक से हुई मुलाकात पर चुटकी ली है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने नवीन पटनायक की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हुई मुलाकात के बाद सामने आई एक तस्वीर को ट्वीटर पर साझा करते हुए कहा है कि विपक्षी एकता को लेकर नीतीश कुमार के तमाम मनसूबों पर अब पानी फिर गया हैं। श्री चिराग ने अपने ट्वीट में लिखा, ये तस्वीर नीतीश कुमार के मंसूबे पर पानी फेर दिया। क्योंकि नवीन पटनायक भी अनुभवी राजनेता है बखूबी जानते हैं कि जो मुख्यमंत्री अपने राज्य को एकजुट नहीं कर सके और जो अपने राज्य का विकास नहीं कर सके वो भला देश को क्या एकजुट करेंगे।

राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद हाई कोर्ट मजार पहुंचें, मांगी दुआएं

पटना। राजद सुप्रीमों लालू प्रसाद शुक्रवार को हाई कोर्ट के पास स्थित मजार पर पहुंचकर चादरपोशी की और प्रदेश में अमन, चैन और शांति की दुआ मांगी। उनके साथ पार्टी के कई अन्य नेता भी मौजूद रहे। बता दें कि हाल ही में लालू प्रसाद सिंगापुर से रूटीन चेकअप कराने के बाद दिल्ली लौटे थे, जहां से वे पिछले दिनों ही पटना पहुंचे हैं। दरअसल, सिंगापुर में किडनी ट्रांसप्लांट कराने के बाद लालू दिल्ली में अपनी बड़ी बेटी मीसा भारती के आवास पर रह रहे थे। ऑपरेशन करने वाले डॉक्टरों ने लालू को सलाह दी थी कि वे भीड़ से दूरी बनाकर रखे और लोगों से कम से कम मुलाकात करें। डॉक्टरों की सलाह को मानते हुए लालू कई महीने तक दिल्ली में ही रहे। पिछले दिनों एक बार फिर लालू प्रसाद रूटीन चेकअप के लिए सिंगापुर गए थे और बाद में डॉक्टरों से इजाजत लेकर वापस दिल्ली लौट गए थे। बीते 28 अप्रैल को करीब चार महीने बाद आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद की वापसी दिल्ली से पटना हुई। लालू प्रसाद अपने बेटे और बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव के साथ दिल्ली से पटना पहुंचे थे। पटना एयरपोर्ट पर लालू के चाहने वालों ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया था। लालू के पटना पहुंचने के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उनसे मुलाकात की थी। पटना आने के बाद पहली बार शुक्रवार को लालू राबड़ी आवास से बाहर निकले और हाई कोर्ट मजार पहुंच कर प्रदेश में अमन चैन और शांति की दुआ मांगी।

पूर्व डीजीपी करुणासागर बने राजद के राष्ट्रीय प्रवक्ता

पटना। हाल ही में राजद में शामिल हुए तमिलनाडू के पूर्व डीजीपी करूणासागर को राजद को राष्ट्रीय प्रवक्ता बनाया गया है। राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद ने उन्हें राजद का राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोनीत किया है। उक्त जानकारी देते हुए राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने बताया कि करुणासागर भारतीय पुलिस सेवा से अवकाश ग्रहण करने के बाद पिछले दिनों राजद की सदस्यता ग्रहण की थी। राजद कार्यालय में आयोजित एक भव्य समारोह में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव ने करुणासागर को राजद की सदस्यता दिलाई थी। राजद प्रवक्ता ने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद से परामर्श कर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जगदानन्द द्वारा त्रिवेणी यादव को जमुई जिला राजद का अध्यक्ष एवं मुरारी राम को प्रधान महासचिव के साथ हीं संतोष सरदार को सुपौल जिला राजद का अध्यक्ष एवं भूपनारायण यादव को प्रधान महासचिव मनोनीत किया गया है। श्री करुणासागर को राष्ट्रीय प्रवक्ता बनाए जाने पर प्रदेश पार्टी के प्रधान महासचिव रणविजय साहू, प्रदेश के मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव, प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद, विधायक सुदय यादव, सतीश कुमार दास कोषाध्यक्ष मो. कामरान, प्रवक्ता चित्तरंजन गगन, महासचिव संजय यादव, निर्भय अम्बेडकर, प्रमोद राम,मदन शर्मा, डॉ प्रेम कुमार गुप्ता, फैयाज आलम कमाल, प्रदेश सचिव संजीव मिश्रा, प्रमोद सिन्हा, देवेन्द्र सिंह उर्फ देवू बाबू सहित अनेक नेताओं ने बधाई दी है। पार्टी नेताओं ने कहा कि इनके प्रवक्ता बनने से पार्टी के विचारों और कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने में सहायता मिलेगी। साथ ही साथ इनके अनुभव का भी लाभ पार्टी को मिलेगा।

लोस चुनाव में राजद -जदयू का खाता नहीं खुलेगा : राय

पटना। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने राजद पर जमकर हमला बोला है। कहा कि 2024 में बिहार की जनता अवसरवाद, कुर्सी लोलुपता, परिवारवाद तथा भ्रष्टाचार की राजनीति पर पूर्ण विराम लगाएगी। उन्होंने कहा कि राजद व जदयू को मन ही मन अहसास हो चुका है कि बिहार की जनता के दर पर तो उन्हें कुछ भी मिलने वाला नहीं है इसलिए अब दूसरे दलों के नेताओं के दरवाजे की खाक छान रहे हैं। ऐसा लग रहा है कि आरजेडी-जेडीयू की राजनीतिक विदाई से पहले का मेल-मिलाप चल रहा है ये! बिहार की जनता आरजेडी-जेडीयू की महागठबंधन सरकार के कुशासन से त्रस्त है। 2024 के लोकसभा चुनाव में आरजेडी-जेडीयू का खाता भी नहीं खुलने वाला है। लोकसभा चुनाव 2024 में यह कथित महागठ्बन्धन शून्य सीट पर सिमट जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा-एनडीए सभी की सभी लोकसभा सीटों पर जीत हासिल करेगी। लोकसभा 2024 के चुनाव में बिहार की जनता राजनीति में अवसरवाद, कुर्सी लोलुपता, परिवारवाद तथा भ्रष्टाचार की राजनीति पर पूर्ण विराम लगाएगी।

फूड प्रोसेसिंग क्षेत्र युवाओं के भविष्य के लिए बेहतर विकल्प : पारस

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री पशुपति कुमार पारस निफ्टेम (राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमशीलता एवं प्रबंधन संस्थान) तंजावुर (तमिलनाडू) के पहला दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया एवं दीक्षांत समारोह में उपस्थित शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं को संबोधित किया। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि कहा कि मैं यह सुनिश्चित करना चाहूंगा कि फूड प्रोसेसिंग के क्षेत्र में तथा फूड प्रोसेसिंग संरक्षण, भंडारण एवं मूल्यवर्धन की चुनौतियों पर काबू पाने हेतु प्रौद्योगिकियां प्रदान करने के लिए निफ्टेम तंजावुर को अंतरराष्ट्रीय महत्त्व का संस्थान बनाने हेतु फूड प्रोसेसिंग उद्योंग मंत्रालय हर तरह से मदद करेगा। भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है, जिसमें फूड प्रोसेसिंग क्षेत्र में निवेश के कई अवसर हैं, हम दूध, मिलेट और पशुधन के सबसे बड़े उत्पादक हैं और कुल खाद्य उत्पादन में दूसरे सबसे बड़े उत्पादक हैं। प्रदेश प्रवक्ता चंदन कुमार ने बताया कि केन्द्रीय मंत्री पारस ने आगे कहा कि आप सबको आगे आकर इनोवेशन के साथ फूड प्रोसेसिंग क्षेत्र के विकास के लिए कार्य करना होगा। मैं निफ्टम के सभी छात्रों से अच्छा शोध कार्य करने की अपील करता हूं, जो फूड प्रोसेसिंग क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देगा। आज आप लोगों के सामने राष्ट्रीय महत्व का संस्थान के क्रियाकलापों के बीच यह अवसर है कि आप अपने भविष्य की तस्वीर को स्वयं अपने हाथों से लिख सकते हैं। मेरी अपेक्षा है कि संस्थान विश्व पटल पर स्थापित करने में अग्रसर हों। आप सब संस्थान के उद्देश्य में अपने भूमिका सुनिश्चित करें ऐसी मेरी शुभकामना है। मुझे विश्वास है कि खाद्य प्रौद्योगिकी में अर्जित यह विशिष्ट डिग्री निश्चित रूप से छात्रों को हमारे देश के खाद्य उद्योग और खाद्य नियामक कार्यों का समर्थन करने में मदद करेगी तथा हमारे माननीय प्रधानमंत्री जी के द्वारा खाद्य सुरक्षा तथा पोषण सुरक्षा वाले एक मजबूत राष्ट्र के निर्माण हेतु की गई कल्पना को साकार करने में हमारी मदद करेगी। आज दीक्षांत समारोह के अवसर पर वाइस चान्सलर, तमिलनाडु केन्द्रीय विश्वविद्यालय, डॉ. एम. कृष्णन जी,चेयरमैन, बोर्ड ऑफ गवर्नर्स, निफ्टम तंजावुर, डॉ आर एस सोढ़ी, अपर सचिव, फूड प्रोसेसिंग उद्योग मंत्रालय, मिन्हाज आलम ,निदेशक, निफ्टम तंजावुर लोगनाथन, रजिस्ट्रार, निफ्टम तंजावुर शंमुगसुन्दरम उपस्थित रहे।

जातीय जनगणना कराने के लिए राज्य सरकार कृत संकल्पित : गगन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार में जातीय जनगणना कराने के सवाल पर राज्य सरकार द्वारा सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर किए जाने पर खुशी जाहिर करते हुए राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने कहा कि बिहार की महागठबंधन सरकार हर हाल मे जातीय जनगणना कराने के लिए कृत संकल्पित है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि भाजपा नहीं चाहती कि जाति आधारित जनगणना हो। इसीलिए इसे बाधित करने के लिए वह पर्दा के पिछे से तरह तरह के हथकंडों का इस्तेमाल कर रही है। हालांकि बिहार विधानसभा में उसने जातीय जनगणना का समर्थन किया था और पीएम से मिलने वाली सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में भी वह शामिल था। राजद प्रवक्ता ने कहा कि समावेशी विकास के लिए जातीय आधारित गणना आज समय की आवश्यकता है। जातीय आधारित और आर्थिक गणना सभी के हित में हैं। नीतियों के निर्धारण के लिए आवश्यक है। यह काफी दुखद है कि विकास को बाधित करने की मंशा से इस कार्य में व्यवधान पैदा किया जा रहा है। राजद प्रवक्ता ने उम्मीद जताई है कि उच्चतम न्यायालय इसकी महत्ता को समझते हुए जनगणना के बचे हुए कार्य को पूरा करने की अनुमति निश्चित रूप से देगा। फिर भी यदि आवश्यकता हुई तो महागठबंधन सरकार कानून भी बनाएगी और जो भी आवश्यक वैधानिक कदम उठाने की आवश्यकता होगी, वह सरकार द्वारा उठाई जाएगी। राजद काफी दिनों से राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद एवं उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद के नेतृत्व सदन से सड़क तक इस मांग को उठाती रही है।

लोजपा रा ने पारस की टिप्पणी को बताया अशोभनीय

- पीएम मोदी व गृहमंत्री को लिखा पत्र

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री चिराग पासवान की जेड श्रेणी सुरक्षा पर केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री पशुपति कुमार पारस द्वारा की गई टिप्पणी को लोजपा (रा) ने गंभीरता से लिया है। केंद्रीय मंत्री द्वारा दिए गए बयान के बाद से चिराग की सुरक्षा को लेकर चिंतित लोजपा (रा) के बिहार प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह को पत्र लिखा है और श्री पारस के बयानों के आलोक में उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। प्रधानमंत्री और गृहमंत्री को लिखे पत्र में श्री तिवारी ने कहा है कि किस तरह से केंद्रीय मंत्री ने भारी सुरक्षा व्यवस्था के बावजूद पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या का हवाला देते हुए सरकारी सुरक्षा को जी का जंजाल बताया है। किस तरह से केंद्रीय मंत्री ने लोजपा (रा) अध्यक्ष चिराग पासवान जी की सुरक्षा में तैनात एसएसबी जवानों को सुरक्षा दे पाने में असमर्थ बताया है। श्री तिवारी ने कहा है कि केंद्रीय मंत्री द्वारा दिया गया बयान सुरक्षा में तैनात जवानों के मनोबल को तोड़ने वाला है। श्री चिराग की सुरक्षा को लेकर दिए गए इस तरह के बयान से संशय की स्थिति बनी हुई कि कहीं किसी के चिराग की हत्या की साजिश तो नहीं रची जा रहा है। श्री तिवारी ने कहा है कि केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस द्वारा लोजपा (रा) प्रमुख चिराग पासवान पर पहले भी कई अशोभनीय व निंदनीय टिप्पणी की जाती रही है, लेकिन श्री चिराग ने हमेशा अपने संस्कारों का परिचय दिया है और रिश्तों की मयार्दा का खयाल रखते हुए केंद्रिय मंत्री के उपर कोई व्यक्तिगत टिप्पणी नहीं की है। श्री तिवारी ने कहा कि श्री रामविलास पासवान के बाद उनके समर्थक चिराग में ही उनकी छवि देखते हैं व अपनी आस्था रखते हैं, लेकिन जब से पशुपति कुमार पारस केंद्रीय मंत्री की जिम्मेदारी संभाली है तब से लेकर आज तक उनका कोई बयान नहीं रहा है जो उनके खुद के मंत्रालय या केंद्र सरकार से जुड़ा हो। वह सुर्खियों में बने रहने के लिए हर बार श्री चिराग को लेकर गलत बयानी करते रहे हैं। केंद्रीय मंत्रिमंडल में होने की वजह से उनके बयान कही ना कहीं केंद्र सरकार की छवि को भी खराब कर रही हैं। उक्त आशय की जानकारी लोजपा (रा) के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन पासवान ने दी।

अन्य पिछडा वर्ग कन्या आवासीय प्लस 2 उच्च विद्यालय के संचालन के लिए सौ करोड़ से अधिक की राशि स्वीकृत

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई कैबिनेट की बैठक में कुल 18 एजेंडों पर निर्णय लिए गए। उद्योग विभाग के अन्तर्गत मेसर्स भारत प्लस इथेनॉल प्रालि, बियाडा, बक्सर को बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन नियमावली-2016 के नियम के आलोक में वित्तीय प्रोत्साहन क्लीयरेंस की स्वीकृति दी गई। पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के अन्तर्गत राज्य के 27 जिलों में पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के छात्राओं के लिए अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय प्लस 2 उच्च विद्यालय का वित्तीय वर्ष 2023-24 से संचालन करने तथा संचालनार्थ कुल अनुमानित वार्षिक व्यय 1,00,74,18,141 की स्वीकृति दी गई। मद्य निषेध उत्पाद एवं निबंधन विभाग (निबंधन) के अन्तर्गत बिहार रजिस्ट्रीकरण (संशोधित) नियमावली 2023 को लागू किये जाने की अनुमति प्रदान किये जाने एवं पंचायती राज विभाग के अन्तर्गत पंचायती राज विभाग के नियंत्रणाधीन ग्रामीण वार्डों में क्रियान्वित जलापूर्ति योजनाओं के सतत संचालन एवं रख-रखाव हेतु लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग को हस्तांतरित करने की स्वीकृति दी गई। स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत इन्दिरा गाँधी हृदय रोग संस्थान चिकित्सा सेवा (संशोधन) नियमावली-2023 को स्वीकृत एवं लागू करने की स्वीकृति दी गई। मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अन्तर्गत मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार, पटना के अधीन बिहार भवन, मुम्बई के निर्माण के लिए मुम्बई पत्तन प्राधिकरण के द्वारा एलफिन्सटन एस्टेट में प्रस्तावित 2751.69 वर्ग मीटर भूखंड लीज पर लेने के लिए सैद्धांतिक स्वीकृति तथा वित्तीय वर्ष 2023-24 में भुगतान हेतु रुपए 160.00 करोड़ बिहार आकस्मिकता निधि से अग्रिम एवं व्यय की स्वीकृति दी गई। आपदा प्रबंधन विभाग के अन्तर्गत राज्य आपदा रिस्पौंस बल में संविदा के आधार पर नियोजित सभी कर्मियों की संविदा अवधि के संबंध में आपदा प्रबंधन विभाग के संकल्प सं०-1987 में वर्णित प्रावधान में आंशिक संशोधन की स्वीकृति दी गई। सामान्य प्रशासन विभाग के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में बिपार्ड के पटना परिसर में प्रस्तावित नये भवन निर्माण कार्य हेतु कुल ₹72.00 करोड़ मात्र के तकनीकी अनुमोदित प्राक्कलन पर प्रशासनिक स्वीकृति दी गई। गृह विभाग (आरक्षी शाखा) के अन्तर्गत नालंदा जिला के गिरियक अंचल में जलाशय सुरक्षा हेतु गंगाजल परियोजना ओपी का सृजन एवं उसके संचालन हेतु कुल 46 पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई।

पूर्व मध्य रेल द्वारा अब तक 1410 युवाओं को प्रशिक्षण के उपरांत दिया गया प्रमाण पत्र

रेल कौशल विकास योजना : 66 प्रशिक्षणार्थियों को दिया गया प्रमाण पत्र

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पूर्व मध्य रेल द्वारा रेल कौशल विकास योजना के अन्तर्गत युवाओं को उद्योग आधारित प्रशिक्षण प्रदान कर कुशल एवं रोजगार के लिए सक्षम बनाने के प्रयास के तहत युवाओं को 06 अप्रैल से 02 मई तक पर्यवेक्षक प्रशिक्षण केंद्र एवं यांत्रिक कारखाना, समस्तीपुर, सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, हरनौत तथा इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन प्रशिक्षण केंद्र पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 19वें बैच तथा सिगनल एवं दूरसंचार प्रशिक्षण केंद्र/दानापुर में 17वें बैच के रूप में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षणोंपरांत कुल 66 प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया तथा उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गयी। इस योजना के तहत पूर्व मध्य रेल के इन प्रशिक्षण केंद्रों द्वारा अब तक कुल 1410 युवाओं को प्रशिक्षण के उपरांत प्रमाण पत्र प्रदान किया जा चुका है। पर्यवेक्षक प्रशिक्षण केन्द्र तथा यॉत्रिक कारखाना समस्तीपुर में 19वें बैच को फिटर ट्रेड में प्रशिक्षण के उपरांत सुयोग्य एवं उतीर्ण 24 युवकों को प्रमाण पत्र दिया गया। इस दौरान उन्हें विभिन्न प्रकार के माप, कटिंग, फाइलिंग, ड्रिलिंग, चुड़ी कटिंग इत्यादि कार्य का प्रशिक्षण दिया गया। इसी क्रम में सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, हरनौत में 19वें बैच के रूप में प्रशिक्षण के उपरांत सुयोग्य एवं उत्तीर्ण 13 युवकों को बेल्डर ट्रेड में तथा 11 युवकों को मशीनिष्ट ट्रेड में प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। बेल्डर ट्रेड में आर्क वेल्डिंग, स्टेबिलीटी, फॉर्मेशन ऑफ वेल्डिंग वेड, बट ज्वाइंट, टी ज्वाइंट, गैस कटिंग, फाइलिंग और ग्रिडिंग इत्यादि तथा मशीनिष्ट ट्रेड में लेथ पर कार्य करने, थ्रिंडिग, ड्रिलिंग, फेसिंग, टर्निंग, चैम्फरिंग और मशीनिंग मेजरमेंट कार्य का प्रशिक्षण दिया गया। पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के विद्युत कर्षण प्रशिक्षण केंद्र में 19वें बैच में प्रशिक्षण के उपरांत सुयोग्य एवं उत्तीर्ण 08 युवकों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान इन्हें विद्युत आयरन, विद्युत हीटर,स्टेयर केस वायरिंग, सीलिंग फैन, विद्युत बोर्ड बनाना एवं कनेक्शन करना, विभिन्न उपकरणों के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। सिगनल एवं दूरसंचार प्रशिक्षण केंद्र, दानापुर में 17वें बैच के 10 युवाओं को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस दौरान उन्हें डायोड, ट्रांजिस्टर, आईसी, पावर सप्लाई, सोल्डिंग, मल्टीमीटर ट्रांसफार्मर के उपयोग एवं मरम्मत इत्यादि कार्य का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षुओं ने प्रशिक्षण पूरा होने पर काफी संतोष व्यक्त किया। उन्होंने ज्ञानवर्द्धन और आत्मविश्वास को बढ़ाने में इस प्रशिक्षण को काफी उपयोगी पाया। आवेदक बेवसाइट पर विजिट कर ट्रेड से जुड़ी समस्त जानकारी, प्रशिक्षण संस्थान का विवरण, ऑनलाइन आवेदन पत्र सहित अन्य सभी सूचनाएं आसानीपूर्वक प्राप्त कर सकते हैं। इस पहल का मूल उद्देश्य युवाओं को विभिन्न ट्रेडों में गुणात्मक सुधार लाने के लिए प्रशिक्षण कौशल प्रदान करना है। यह कौशल युवाओं की रोजगार क्षमता में सुधार और उसे उन्नत करेगा। साथ ही युवाओं के रोजगार क्षमता में सुधार तथा स्वरोजगार के इच्छुक युवाओं के कौशल को भी उन्नत करेगा। रेल कौशल विकास योजना कार्यक्रम के लिए प्रशिक्षुओं का चयन खुले विज्ञापन और पारदर्शी शॉर्ट-लिस्टिंग तंत्र के माध्यम से किया जाता है। प्रशिक्षण के बाद, सभी प्रशिक्षुओं का एक मानकीकृत मूल्यांकन किया जाता है और सफल प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाता है। उक्त जानकारी पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी वीरेन्द्र कुमार द्वारा दी गई है।

सुप्रीम कोर्ट का फैसला भाजपा के लिए जोरदार तमाचा : ललन

बोलें - 2024 में देश से भाजपा का सफाया तय

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्षी राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने भाजपा पर बड़ा हमला बोला है। शुक्रवार को जदयू प्रदेश मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि केंद्र सरकार की अलोकतांत्रिक नीतियों के विरुद्ध कल सर्वोच्च न्यायालय का ऐतिहासिक फैसला भाजपा के लिए जोरदार तमाचा है। जिस प्रकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और उनके सिपाह-सलाहकर गृहमंत्री अमित शाह का भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं पर नियंत्रण था वह किसी से छिपा हुआ नहीं है। हम सर्वोच्च न्यायालय का सलाम करते हैं जिन्होंने अलोकतांत्रिक व्यवस्था चलाने वाले लोगों को आईना दिखाकर देश में लोकतंत्र को पुनः स्थापित करने का काम किया है। आगे उन्होंने दिल्ली सरकार के मामले में न्यायालय के निर्णय को कोट करते हुए कहा कि जनता द्वारा चुनी हुई सरकार को केंद्र सरकार द्वारा मनोनीत राज्यपाल नियंत्रण नहीं कर सकता है और महाराष्ट्र सरकार के मामलों में भी सर्वोच्च न्यायालय ने राज्यपाल की भूमिका को संदिग्ध माना। इन दोनों सन्दर्भों से स्पष्ट होता है कि केंद्र सरकार राज्यपाल के माध्यम से चुनी हुई लोकतांत्रिक सरकार को नियंत्रित करना चाहती है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि महंगाई और बेरोजगारी पर केंद्र सरकार के मंत्री चुप्पी साध लेते हैं। अभी हाल में ही पूर्व राज्यपाल सत्यपाल जी ने पुलवामा हमले पर जो खुलासा किया उस पर किसी ने अभी तक सफाई नहीं दी और न ही सत्यपाल मलिक के आरोपो का खंडन किया। केंद्र सरकार के पालतू तोतों के रूप में काम कर रही जांच एजेंसियां सिर्फ विपक्ष के नेताओं को निशाना बनाती है लेकिन देश में 81,000 करोड़ रुपए का कॉरपोरेट घोटाला हुआ उस पर किसी का ध्यान आकृष्ट नहीं हो रहा है। कर्नाटक चुनाव के सम्बंध में उन्हों

संक्षिप्त खबरें

फाइनेंस कंपनी के कर्मी से हथियार के बल पर 10 लाख की लूट

समस्तीपुर। समस्तीपुर जिले के दलसिंहसराय थाना क्षेत्र के चकशेखु बाजार के पास शुक्रवार को बाइक सवार हथियारबंद तीन अपराधियों के द्वारा भारत फाइनेंस कंपनी के कर्मी से 10 लाख रुपए की बड़ी लूट की घटना को अंजाम देकर सनसनी फैला दी और फरार हो गए। बताया गया कि भारत फाइनेंस कर्मी आदित्य कुमार कार्यालय से बैंक ऑफ बड़ौदा रुपए जमा करवाने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान बाइक पर सवार तीन हथियारबंद अपराधियों ने फाइनेंस कर्मी को पिस्तौल के बल पर रोक लिया और उनसे रुपयों से भरा बैग लूटकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर जांच में जुट गई थी। फाइनेंस कर्मी आदित्य कुमार ने बताया कि एक अपाचे बाइक पर सवार तीन नकाबपोश अपराधियों ने पिस्तौल के बल पर मुझे चकशेखु के निकट रोका और रुपये से भरा बैग लूटकर फरार हो गए।

बीडीओ ने लेखापाल से मांगा स्पष्टीकरण

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने लेखापाल वैद्यनाथ मिश्र से पत्र के माध्यम से स्पष्टीकरण मांगा है। जिसमें बताया गया कि 8 मई की बैठक में 2:30 बजे लेखापाल वैद्यनाथ मिश्र अपने कार्यस्थल से अनुपस्थित पाए गए। बिना सूचना के कार्यालय से गायब होने व बिना सूचना के अनुपस्थित रहने के कारण प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित कार्य समय से निष्पादित नहीं हो पाता है। ससमय कार्य निष्पादित नहीं होने के कारण वरीय पदाधिकारी के द्वारा कारण पूछा जाता है। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने लेखापाल को आदेश जारी करते हुए पत्र भेजा है जिसमें बताया गया है कि पुत्र प्राप्ति के साथ ही तथ्य से संबंधित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। अन्यथा समय अवधि बीत जाने के बाद अनुशासनिक कार्रवाई करने हेतु अनुशंसा करते हुए वरीय पदाधिकारी को प्रतिवेदित किया जाएगा।

फंदे से लटकता मिला अधेड़ का शव

समस्तीपुर। समस्तीपुर जिले के पटोरी थाना क्षेत्र अंतर्गत अरविंद चौक के समीप फंदे से लटका एक अधेड़ व्यक्ति का शव मिला है। बताया जाता है कि अरविंद चौक के समीप चंदेश्वर दास नामक व्यक्ति की अल्बेस्टर दुकान में काम करता था और रात को दिन उसी दुकान के अंदर रहता था। शुक्रवार की सुबह जब सड़क से गुजर रहे लोगों को अचानक फंदे से लटके शव की जानकारी मिली तो लोगों का घटनास्थल पर जमावड़ा लग गया। परिजन हत्या की आशंका जता रहे हैं। मृतक की पहचान समस्तीपुर जिले के पटोरी थाना क्षेत्र कवि चौक के रहने वाले 55 वर्षीय गुरु चरण के दास के रूप में की गई है। घटना की सूचना पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंचकर छानबीन में जुट गई है। हालांकि परिवार के लोगों का आरोप है कि उनकी हत्या करने के बाद शव को फंदे से लटकाया गया है। चुकीं शव का पैर नीचे जमीन से सट रहा है। उधर घटना की सूचना पर पटोरी पुलिस मौके पर पहुंचकर छानबीन में जुट गई है। पुलिस ने शव को जब कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजने की तैयारी शुरू कर दी है।

स्वर्णिमा बनी जदयू की जिला उपाध्यक्ष व प्रियंका महासचिव

जदयू जिला अध्यक्ष ने खानपुर प्रखंड के दोनों जिला परिषदों को जिला कमेटी में स्थान दिया है। जिला पार्षद स्वर्णिमा सिंह को जिला उपाध्यक्ष और प्रियंका कुमारी को जिला महासचिव बनाया है। जिला पार्षद को जदयू जिला कमिटी में शामिल करने पर विधायक अशोक कुमार मुन्ना, प्रखंड प्रमुख सन्नी हजारी, उप प्रमुख अमरेंद्र कुमार यादव, प्रखंड अध्यक्ष रामनारायण सिंह, मुखिया संजीव कुमार चौधरी, रविन्द्र कुमार प्रसाद, रामविलास सहनी, पूर्व मुखिया शिवनारायण राय, मो० शमसे आजम ऊर्फ लाडले, डॉक्टर परवेज आलम, जय राम सहनी, यतिम खां, बच्चा बाबू, रविन्द्र राय, अमरेश कुमार राय, संजय कुमार मिश्रा, दिनेश प्रसाद महतो, रामदेव सिंह, गंगा झा, संजय कुमार, राधा कृष्ण प्रसाद, शिवनाथ सहनी, रामशंकर राय, डॉक्टर अनिल कुमार, ललित सहनी, सुरेश प्रसाद आदि ने बधाई दी है। साथ ही कहा है कि इनके आने से पार्टी को मजबूती मिलेगी और समाज के नवनिर्माण में मिल का पत्थर साबित होंगे।

स्नान करने के दौरान बूढ़ी गंडक नदी में डूबने से दो युवक की हुई मौत, मचा कोहराम

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

थाना क्षेत्र के नरहन से होकर गुजरने वाली बूढ़ी गंडक नदी नरहन के पुराने पुल के पास स्नान करने के दौरान दो युवक की डूबने से मौत हो गई। डूबने की सूचना गांव में आग की तरह फैल गई। नदी के किनारे लोगों का भीड़ उमड पड़ा। देखते ही देखते लोगो का तांता लग गया। स्थानीय लोग, मछुआरे, गोताखोर एवं स्थानीय तैराक के अथक प्रयास से दोनो युवक के शव को बाहर निकाला गया। बरामद शव की पहचान थाना क्षेत्र के भुसवर निवासी अजय कुमार का 19 वर्षीय पुत्र अनुज कुमार एवं विभूतिपुर पूरब पंचायत के वार्ड 08 निवासी लालो शर्मा के 20 वर्षीय पुत्र पंकज कुमार के रूप में किया गया। अनुज की शव मिलते ही परिजनों ने उसे सीएचसी विभूतिपुर में भर्ती कराया जहां से डॉक्टरों ने परिजनों के दवाब में सदर अस्पताल समस्तीपुर रेफर कर दिया। हालांकि युवक की मौत हो चुकी थी। घटना के संबंध में बताया जाता है कि मृतक अपने चार दोस्त के साथ नरहन बाजार घर से निकला था। वहीं बूढ़ी गंडक नदी में नहाने चला गया। नहाने के दौरान एक दोस्त गहरे पानी में चला गया। उसे डूबते देख दूसरा दोस्त बचाने गया तो वह भी डूब गया। यह देख तीसरे और चौथे दोस्त वहां से हल्ला करते हुए भाग निकले। इसकी जानकारी घाट पर स्नान कर रहे अन्य लोग एवं मछली मार रहे मछुआरा को मिली। जब तक वे लोग वहां पहुंचे तब तक दोनों युवक डूब चुका था। इसी बीच विभूतिपुर पुलिस को इसकी सूचना दी गई। सूचना पर अंचलाधिकारी और विभूतिपुर पुलिस अपने दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर स्थानीय गोताखोर एवं ग्रामीणों के सहयोग से एक युवक के शव को निकालने में सफल रहे। वहीं दूसरा का शव चार घंटे बाद कड़ी मशक्कत के बाद मिली। इसकी खबर जैसे ही परिजनों को मिली परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो रहा था। सभी लोग बूढ़ी गंडक नदी के तट पर रोते बिलखते पहुंचे। जहां से अनुज के परिजन उसे लेकर समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। परंतु परिजनों के द्वारा काफी दवाब बनाए जाने के कारण उसे सदर अस्पताल समस्तीपुर रेफर कर दिया गया। माता बेबी देवी रो-रोकर बेसुध हो रही थी बता दें कि मृतक अनुज कुमार दो भाई एक बहन में भाइयों में छोटा था। वहीं विभूतिपुर पूरब पंचायत के वार्ड 8 निवासी लालो शर्मा के 20 वर्षीय पुत्र पंकज कुमार का शव 4 घंटे कड़ी मशक्कत के बाद बरामद की गई। पंकज के माता गुड़िया देवी एवं परिजनों का भी रो-रोकर बुरा हाल हो रहा था। पंकज भी दो भाई एक बहन में भाइयों में बड़ा बताया जा रहा है। वहीं विभूतिपुर थाना प्रारंभिक कागजी प्रक्रिया के बाद दोनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर भेज दिया।

मांगो को लेकर जूट मिल के श्रमिकों ने किया सड़क जाम

कल्याणपुर, प्रात : किरण संवाददाता

कल्याणपुर थाना क्षेत्र के समस्तीपुर दरभंगा मुख्य पथ के परतापुर चौक के समीप जुटमिल ने श्रमिकों ने शुक्रवार को जाम कर दिया। जाम का नेतृत्व रामबली महतो कर रहे थे। जूटमिल के श्रमिकों ने प्रबंधक पर वादा खिलाफी का आरोप लगाते हुए विरोध में नारेबाजी किया। वहीं श्रमिकों का कहना है कि रिटायर श्रमिकों को बकाया ग्रेच्युटी की राशि एवं ईपीएफ की राशि का वर्षों बाद अब तक भुगतान नहीं किया गया है। साथ ही दर्जनों श्रमिकों को बीमा से वंचित कर दिया गया है। वहीं श्रमिकों के महीनों दिन से चल रहे आंदोलन के बाद भी प्रबंधन के द्वारा कोई संतोषजनक वार्ता नहीं किया गया। जिससे श्रमिक आक्रोशित होकर समस्तीपुर समस्तीपुर-दरभंगा मुख्य पथ के प्रतापपुर चौक के समीप जाम कर दिया। वहीं सदर एसडीओ दिलीप कुमार ने कल्याणपुर जाने के दौरान सड़क जाम स्थल पर पहुंचकर आक्रोशित श्रमिकों को वार्ता के लिए अनुमंडल में बात कही। इसके बाद आक्रोशित श्रमिकों ने शांत होकर सड़क जाम समाप्त किया। सड़क पर आवागमन शुरू कराया गया। सड़क जाम करीब तीन घंटे तक रही। जिसके कारण सड़क पर आम लोगों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

सीबीएसई बारहवीं (विज्ञान) एवं दशवी रिजल्ट में सेंट जेवियर्स ने बनायी पहचान

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

सीबीएसई 12वीं विज्ञान एवं दशवीं के परीक्षाफल में सेंट जेवियर्स के छात्रों ने शानदार रिजल्ट लाकर शिक्षा के क्षेत्र में एक कीर्तिमान स्थापित किया। बारहवीं में 98 फीसदी तथा दशमी में शत प्रतिशत विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम विद्यालय के लिए गौरवपूर्ण क्षण रहा तथा यह कुशल प्रबंधण एवं सफल नेतृत्व का परिचायक है। 12वीं के टॉप टेन छात्रों में संदीप कुमार, आशीष कुमार झा, गौतम कुमार, संतोष कुमारी, प्रिंस कुमार, आयुष आर्यम, नीतिन कुमार, राजीव कुमार रंजन अदिति कुमारी आदि प्रमुख हैं। इनमें संदीप कुमार ने 91.2 फीसदी अंक प्राप्त कर सभी विद्यार्थियों को यह प्रेरणा दी की कड़ी मेहनत और लगन तथा सार्थक प्रयास से मनुष्य मनोवांछित सफलता को प्राप्त कर सकता है। वहीं 10वीं के टॉप टेन छात्रों में मनीष कुमार, ऋषिकेश कुमार, रक्षित कुमार, प्रियांशु कुमार, अनिकेत कुमार, अंकिता कुमारी, अमित आनन्द, आदर्श कुमार चौधरी, अभिषेक कुमार, सचिन कुमार, साकेत कुमार, विशाल कुमार, गौरव कुमार, तान्या कुमारी, अभिजीत कुमार, रौशन कुमार, आदर्श कुमार, रिया सान्डिल्य आदि ने 93 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त किया। इनमें मनीष कुमार ने 97.4 फीसदी अंक प्राप्त किया। इस सफलता से प्रभावित होकर विद्यालय प्रबंधक सह निदेशक विजय कुमार चौधरी, प्रधानाचार्य प्रकाश कुमार ठाकुर ने उर्तीण सभी छात्र छात्राओं को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य कि कामना की और कहा की सतत प्रयास और दृढ संकल्प के कारण ही सफलता प्राप्त हुई है। मौके पर विद्यालय के शिक्षक विक्की कुमार, सुबोध मिश्रा, ऋषी कुमार, एसएन झा आदि मौजूद थे।

बगैर मनरेगा स्वीकृति के चल रहा सड़क निर्माण का कार्य

मनरेगा पदाधिकारी ने कहा- नहीं दी गई है स्वीकृति, की जा रही है जांच

सरायरंजन, प्रात : किरण संवाददाता

सरायरंजन प्रखंड के रायपुर बुजुर्ग पंचायत में अवैध ढंग से मनरेगा योजना से सड़क निर्माण का कार्य कराया जा रहा है। इस संबंध में किसानों ने जिला पदाधिकारी, बीडीओ, मनरेगा पदाधिकारी को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। किसान सुनील सहनी, बैजू राय, रामावतार सहनी, हरिश्चंद्र ईश्वर, सूर्यकांत ईश्वर, मुनिनचद्र कुमार झा, महेश शर्मा आदि ने बताया कि देर रात में जेसीबी के द्वारा उनलोगों की जमीन से लगभग तीन फीट मिट्टी अवैध ढंग से काट लिया गया है। गुरुवार की अहले सुबह जब वे लोग अपने खेत पर पहुंचे तो देखा कि खेत से मिट्टी कटी हुई है तथा सभी किसानों के खेतों के बीच में मिट्टी का ढेर लगा हुआ है। पूछने पर पता चला कि ये मनरेगा के द्वारा सड़क निर्माण कार्य किया जा रहा है। किसानों ने बताया कि अक्सर रायपुर पंचायत में देर रात में ही बिना स्वीकृति एवं हथियार के बल पर मिट्टी काटकर मनरेगा से सड़क का निर्माण करा लिया जाता है। उसके पश्चात मनरेगा कर्मियों की मिलीभगत से बाद में फाइल खोलकर पैसे की निकासी करा दी जाती है। एक तरफ जहां सरकार की सोच है हर मजदूर को मनरेगा योजना से 100 दिन का रोजगार मिले, ताकि बेरोजगारी एवं आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके। वहीं इन दिनों सरायरंजन प्रखंड में मनरेगा योजना का काम जेसीबी से करा लिया जाता है। जिससे मजदूरों को काम नहीं मिल पाता है। वहीं जनप्रतिनिधि अपने करीबियों के खाते पर मजदूरी का पैसा भुगतान कर वापस ले लेते हैं। जिससे असली मजदूरों की स्थिति दयनीय बनी हुई है। मनरेगा योजना के अंतर्गत प्रखंड में सबल तथा जमींदारों के खाते पर सिर्फ राशि भेजी जाती है। आवेदन में यह भी कहा गया है कि सड़क के किनारे किसानों के खेतों में भारी मात्रा में शराब की खाली बोतलें भी रखी गई है। जिससे किसानों में भय और आक्रोश दोनों ही व्याप्त है। वहीं किसानों ने कहा कि अगर अविलंब इस पर कार्रवाई नहीं होती है तो हम सभी किसान चरणबद्ध आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस संबंध में पूछे जाने पर मुखिया प्रतिनिधि संजीत साह ने कहा कि किसानों से मेरी वार्ता हुई है। हथियार के बल पर मनरेगा से सड़क का निर्माण किसानों के खेतों में करा लिया गया है। यह सड़क निर्माण अवैध व अनुचित है। बिना स्वीकृति एवं आदेश के बिना कार्य कराना अवैध है। इधर, सरपंच अनिता देवी ने बताया कि इस तरह का मामला मेरे संज्ञान में नहीं आया है। मामला आने पर उसकी जांच करायी जाएगी। मनरेगा पदाधिकारी राहुल कुमार ने बताया कि इस तरह का मामला मेरे संज्ञान में आया है। इसकी जांच शुरू कर दी गई है। मनरेगा से कोई स्वीकृति नही दी गई है। उन्होंने प्रथम दृष्टया आपसी रंजिश बताया है।

क्राइम कंट्रोल को लेकर हथौड़ी पुलिस ने चलाया सघन वाहन जांच अभियान

शिवाजीनगर, प्रात : किरण संवाददाता

शिवाजीनगर प्रखंड अंतर्गत हथौड़ी थाना क्षेत्र के कोठी चौक, गलगल चौक, बंधार चौक, पर शुक्रवार को प्रशिक्षु एसआई राहुल कुमार के नेतृत्व में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अपर थानाध्यक्ष रमेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में बढ़ते अपराध पर अंकुश लगाने के लिए वरीय पुलिस पदाधिकारी के निर्देश पर जिले में सभी थाना क्षेत्र में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। उसी निर्देश की कडी.में हथौड़ी थाना क्षेत्र में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। थाना क्षेत्र के कोठी चौक, गलगल चौक, बंधार चौक, सहित विभिन्न चौक चौराहे पर चेकिंग किया गया है। चेकिंग अभियान में दोपहिया एवं चार पहिया गाड़ी के कागजात की जांच एवं गाड़ी के अंदर जांच पड़ताल की गई। पुलिस के वाहन चेकिंग अभियान को लेकर वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। वहीं वाहन चालकों ने रूट बदलकर चलना चाहा लेकिन पुलिस ने हर चौक-चौराहे पर चेकिंग अभियान चलाया। मौके पर प्रशिक्षण एसआई राहुल कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

जदयू जिलाध्यक्ष अश्वमेध देवी ने 141 सदस्ययी जिला कमेटी घोषित की

- 25 उपाध्यक्ष, 34 महासचिव, 41 सचिव और 38 कार्यकारिणी सदस्य बनाए गए हैं
- जदयू के युवा नेता अनस रिजवान को दी गई है मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

जदयू प्रदेश अध्यक्ष के अनुमोदन के बाद जिला जदयू समस्तीपुर के 141 सदस्ययी जिला कमेटी घोषित कर दी गई है। जिसमें पवन यादव, विरेन्द्र प्रसाद सिंह, बिरिया देवी, सत्यनारायण राय, कृष्णदेव महतो, अनिल सिंह बाबा, विजय यादव, दिनेश प्रसाद सिंह, असर्फी सहनी, कृष्णदेव पासवान, गणेश गिरी, अजय राय, लक्ष्मी सिंह, नरेश कुमार प्रभाकर, रंजीत महतो, अनिल सिंह, अजीत झा, बालेश्वर राय, सत्यनारायण सिंह, प्रेम पासवान, जीवछ महतो, स्वर्णिमा सिंह, मो० समद खान, नीरज कुमार एवं अवधकांत सिंह उपाध्यक्ष बनाए गए हैं। वहीं, सुबोध सिंह, रामबहादुर सिंह, दिलीप कुमार राय, प्रमोद मिलिंद, बनारसी ठाकुर, कौशल सिंह कुशवाहा, मनीष कुमार, विनोवा राम, अरुण पासवान, रामकुमार झा, रामचन्द्र राय फौजी, राणा विष्णु सिंह, संजय कुमार राय, विंदेश्वर राय, तरुण कुमार सिंह, नरेंद्र कुमार भगत, अंजनी कुमार सिंह, डॉ अमित कुमार मुन्ना, प्रवीण कुमार, हरेराम सहनी, विरेन्द्र कुमार हिटलर, लालबाबू झा, सिंघेश्वर दास, अफरोज अहमद पप्पू, श्याम बाबू सिंह, विश्वनाथ सिंह राकेश, मुकेश कुमार, वशिष्ठ राउत, प्रियंका कुमारी, मो० नूर इस्लाम, दिनेश राय, मो० तबरेज, मनोज पाल एवं संजीव कुमार ठाकुर महासचिव बनाए गए हैं। वहीं, धर्मदेव सिंह कुशवाहा, उमाकांत राय, राज कुमार साह, मुकेश कुमार राय, राज नारायण सिंह, रंधीर वर्मा बैजू ठाकुर, रामचन्द्र प्रसाद सिंह (मुंशीजी), बाल कृष्ण साह, राम उदगार महतो, शंभू प्रसाद सिंह, महेश ठाकुर विश्वकर्मा, अशोक कुमार सिंह, डॉ रामाशीष प्रसाद सिंह, संतोष कुमार साह, श्रेती सिंह, सुजीत गिरी, मुकेश कुमार राय, आदिल इमाम, रविंद्र ठाकुर, विधाकर झा, रामशंकर राय, रंधीर कुमार राय, रजा अहमद, फुलकांत चौधरी, अजीत कुमार, बिपीन कुमार कुशवाहा, महेंद्र प्रसाद सिंह, मनीषा कुमारी, विजय शंकर पोद्दार, प्रो अमरेश प्रसाद सिंह, रामदेव सिंह, रामाकांत राय, रामभजन ठाकुर, श्रीकांत सिंह, नरेंद्र कुमार, अबु नसर, नवीन सिंह, कृष्णदेव राय, मनोज कुमार कुशवाहा, अबुल हसन एवं पप्पू कुमार सचिव बनाए गए हैं। वहीं, युवा नेता अनस रिजवान को मीडिया प्रभारी बनाया गया है और छेदीलाल भरतिया को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं, जितेंद्र कुमार सिंह, शिवशंकर यादव, मिथलेश कुमार, अरविंद प्रसाद सिंह, रामनारायण मोले, महेंद्र महतो, जगदीश प्रसाद महतो, रंजीत कुमार राय फौजी, राय दयाल महतो, रविंद्र कुमार महतो, अजीजूर रहमान ताजू, सूर्यदेव सिंह, ब्रजेश किशोर ठाकुर (गुड्डू ठाकुर), गणेश पटेल, संतोष पटेल, अशोक कुमार पप्पू, रामलखन ठाकुर, शिव कुमार राय, रामशोभित राय, राम विलास राम, मो० नजीमुद्दीन होदा, मंजू पासवान, शकीला खातून, अनिल सिंह, निर्दोष सिंह, डॉ उदित नारायण सिंह, उमेश सिंह, उमेश कापर, लालदेव महतो, राजकुमार राय, रामसागर महतो, दिलीप कुमार सिंह, संजीव कुमार चौधरी, मो० शकील, सीताराम यादव, ब्रह्मानंद सिंह, रामप्रवेश राय, शिवनाथ महतो को कार्यकारिणी में जगह दी गई है। जिला कमेटी घोषित करते हुए जिला अध्यक्ष सह पूर्व सांसद अश्वमेघ देवी ने कहा कि कमेटी में समाज के सभी वर्गों का प्रतिनिधित्व दिया गया है। आगामी लोकसभा चुनाव ओर विधानसभा चुनाव में महागठबंधन को जीत दिलाने में इस कमेटी का महत्वपूर्ण योगदान होगा। मौके पर जदयू के प्रदेश महासचिव डॉ दुर्गेश राय, जिला महासचिव सुबोध सिंह, जिला सचिव धर्मदेव सिंह कुशवाहा, जिला मीडिया प्रभारी अनस रिजवान उपस्थित रहे।

मारवाड़ी युवा मंच हसनपुर द्वारा स्वास्थ्य केंद्र में अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया गया

प्रात : किरण संवाददाता

हसनपुर, समस्तीपुर। मारवाड़ी युवा मंच हसनपुर शाखा द्वारा 12 मई को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र हसनपुर में अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया गया। जिसमें स्वास्थ्य केंद्र की सभी नर्स ने संयुक्त रूप से केक काटा एवं एक दूसरे को खिलाया। इस अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच ने सभी नर्सों का हौसला बढ़ाते हुए स्वास्थ्य योद्धा का सम्मान पत्र दिया। कार्यक्रम संयोजक आलोक मुरथालिया ने बताया हमारी शाखा हमेशा इस तरह के सामाजिक कार्य करती रहती है। आज हमें यह कार्यक्रम कर के बहुत ही खुशी हो रही है। मौके पर मंच अध्यक्ष निशान्त अग्रवाल, उपाध्यक्ष आलोक मुरथालिया, सचिव शुभम चाँद, सदस्य बिल्लू अग्रवाल, मनीष गोयल, स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ संजय विद्यार्थी, डॉक्टर देव दत्त शर्मा, डॉक्टर प्रियंका, स्वास्थ्य केंद्र मैनेजर वहाब आलम, नर्स सुनीता कुमारी, स्मृता कुमारी, रमिता, सुधा, आशा, रीना, इंदु, किरण, उषा देवी एवं अन्य उपस्थित रही।

पुलिस को देख शराब कारोबारी झोला फेंककर हुआ फरार

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी खजौली एक्साईज कंट्रोल रूप पटना के निर्देश पर एएसआई इन्द्रदेब सिंह ने बीएमपी पुलिस जवान के साथ थाना क्षेत्र के मनियरवा गांव के रेलवे लाईन से हटकर पूरव दिशा में झाड़ी के पास बेहटा गांव निवासी छोटे सिंह द्वारा झोला में रखकर शराब बेचने की सूचना पर तत्वरित करवाई करते हुए छापामारी की. संध्या गश्ती पुलिस वह ज्यो ही बिड़नी चौक से आगे बढ़ी तो शराब कारोबारी को पुलिस वाहन पर नजर पड़ते ही शराब कारोबारी झोला फेंककर फरार हो गया.वही शराब कारोबारी भागने को लेकर बीएमपी के जवान ने खदेड़ा लेकिन शराब कारोबारी फरार हो गया. वही स्थल पर झाड़ी से एक झोला बरामद हुआ , जिसमे 300 एमएल के 30 बोतल देशी नेपाली शराब को बरामद कर थाना पर लाया गया.वही थाना क्षेत्र के सूक्की साईफन चौक से मुख्य कोसी नहर होकर कंहौली तुरकाहा जाने वाली सड़क पर एक वाइक सहित 300 एमएल के 300 बोतल देशी नेपाली शराब को जप्त कर एसआइ जितेश कुमार मिश्रा ने थाना पर लाकर अज्ञात शराब कारोबारी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गयी. एसआई जितेश कुमार मिश्रा ने बताया कि मंगती चौक से सूक्की साईफन चौक जाने क्रम में गुप्त सूचना मिली की एक शराब कारोबारी वाइक पर दो बोरा में शराब को लाद कर जा रहा है.गश्ती पुलिस पदाधिकारी ने शराब कारोबारी को पीछा करने पर शराब कारोबारी वाइक को पटक कर फरार हो गया.प्रभारी थानाध्यक्ष राम कुमार ने बताया कि फरार अज्ञात शराब कारोबारी को गिरप्तारी के लिए अनुसंधान जारी कर दी है.इस छपामारी अभियान में बीएमपी कटिहार के सशस्त्र पुलिस जवान राम प्रवेश प्रसाद, सतेंद्र कुमार,राजीव कुमार रमन एव जिला महिला पुलिस बल बिट्टू कुमारी,बिंदु कुमारी,सुमन कुमारी शामिल थे।

विधायक और सीओ ने अग्निपीड़ित सौंपा चेक

शिवाजीनगर, प्रात : किरण संवाददाता

शिवाजीनगर प्रखंड के जाखड़ धर्मपुर पंचायत के जंदाहा गांव में अग्नि पीड़ित लोगों से मिलकर उनका हालचाल लिया और 11-11 हजार 14 अग्नि पीड़ितों के बीच चेक वितरण किया गया। और अन्य अग्नि पीड़ितों की जांच के बाद चेक वितरण किया जाएगा। विधायक ने हर संभव अग्नि पीड़ितों की मदद करने की बातें बताई। उन्होंने अग्नि पीड़ित स्थलों का भी निरीक्षण किया। जिसमें पाया की कई लोग अपने पुत्री की शादी के लिए फर्नीचर कपड़ा एवं अन्य सामग्री इकट्ठा किए थे उनकी लड़की की शादी नहीं हो पाई। उन लोगों को भी सहायता देने की आश्वासन दिया। वहीं रन्ना मठ के महंथ रामायणी राम कृष्ण दास ने जन्दाहा मे अग्निपीड़ित लोगों के बीच मसीहा बनकर आये और सभी अग्निपीड़ित लोगो को खाद्य सामग्री चावल, दाल, आँटा, चुरा, तेल, चीनी, नमक, सत्तू, कपड़ा में साड़ी-धोती, गमछा, लुंगी, गंजी, वगैरह विरतण किया। साथ ही जिन दो लोगो को बेटी के शादी के तैयारी को लेकर जुटाए समान जल जाने वाले को पचास हजार से एक लाख रुपए तक मदद करने की बात बतायी। मौके पर कई गण्यमान्य लोग जनप्रतिनिधि मौजूद थे। जिसमें अंचलाधिकारी प्रिया आर्यनी, सीआई कपिल देव झा, नाजिर, भाजपा के जिला मंत्री अनिल कुमार सिंह, मंडल अध्यक्ष नंद कुमार सिंह, मुखिया रेखा देवी, ललित कुमार झा, मिथिला मित्र मंडली के अध्यक्ष राधेश्याम मुन्ना, जन वितरण प्रणाली दुकानदार अर्जुन यादव, रामचंद्र राय, समिति सदस्य बैजनाथ मुखिया, शंभू बैठा मुखिया पति महेश साह डुमरा मोहन पूर्व सरपंच राम प्रसाद सिंह, रन्ना मठ के सेवैत कन्हैया कुमार उपस्थित थे।

शिक्षक संघ की बैठक में लिए गए कई निर्णय

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर प्रखंड अंतर्गत विद्यालय इकाई रानी राज किशोरी बालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरहन की बैठक प्रभारी प्रधानाध्यापक पूनम कुमारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। संबोधित करते हुए राज्य कार्यकारिणी समिति सदस्य अरविन्द कुमार दास ने बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ जमाल रोड पटना के आह्वान पर प्रमंडल कार्यकारिणी समिति दरभंगा तथा जिला शाखा समस्तीपुर की सम्पन्न बैठक के निर्णय से सदस्यों को अवगत कराया। इसके आलोक में सरकार द्वारा अधिसूचित विद्यालय अध्यापक नियमावली 2023 के खिलाफ संचालित आन्दोलन के दूसरे चरण में 20 मई 2023 को प्रमंडल आयुक्त कार्यालय दरभंगा के समक्ष विशाल प्रर्दशन में भाग लेने की अपील की। इसके बाद आन्दोलन के तीसरे चरण में 22 मई 2023 से 03 जून 2023 तक जिला मुख्यालय पर धरना कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु व्यापक रूप से चर्चा की गई। संघर्ष कोष हेतु सभी सदस्यों ने कुल मिलाकर 700 रुपये जमा किया। इस बैठक में विद्यालय इकाई के शिक्षक जैनेन्द्र कुमार, अनिता भगत, सुमन कुमार, लिपिक जियाउर रहमान, परिचारी चंद्रमौली ठाकुर तथा जे पी एन एस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरहन के सेवा निवृत प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉक्ट्र अनिल कुमार तिवारी ने अपना विचार व्यक्त किया। सभी सदस्यों ने राज्य कर्मी का दर्जा देने के लिए सरकार सरकार के खिलाफ हर स्तर के आन्दोलन तथा संघर्ष में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। शिक्षक तथा शिक्षा जगत को बचाने के लिए करो या मरो तथा आर-पार की लड़ाई लड़ने का एलान किया।

गोडेश पब्लिक स्कूल के छात्रों ने सीबीएसई दसवीं की परीक्षा में लहराया परचम

प्रात : किरण संवाददाता

हसनपुर, समस्तीपुर। सीबीएसई की 10वीं के परीक्षा में गोडेस पब्लिक स्कूल के सभी छात्र-छात्राओं ने बाजी मारते हुए उत्तीर्णता प्राप्त की है। करण कुमार ने सबसे ज्यादा अंक प्राप्त किया। करण को 89 फीसदी अंक प्राप्त हुआ है। साथ ही साथ रिया कुमारी, राधिका कुमारी, सुहानी अग्रवाल, रूपेश कुमार, अमित कुमार जैसे सभी बच्चों ने अच्छे अंक प्राप्त किए हैं। सभी बच्चों ने अपने माता-पिता एवं स्कूल का नाम गौरवान्वित किया है। सभी सफल छात्र-छात्राओं को विद्यालय के निर्देशक निशांत अग्रवाल में उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामना दी है। वहीं स्कूल संस्था के प्रिंसिपल एवं शिक्षकों ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं दी हैं।

संक्षिप्त खबरें

शराब के नशे में हंगामा कर रहा युवक गिरफ्तार

गोपालगंज। थावे थाना के प्रशिक्षु एसआई प्रशांत कुमार ने शराब के नशे में हंगामा कर रहे एक युवक को धतीवना मोड़ से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपित की पहचान थाना क्षेत्र के धतीवना गांव के विजय शंकर सिंह के रूप में की गई है। इसकी जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष शशि रंजन कुमार ने बताया कि चिकित्सीय जांच के बाद आरोपित को शुक्रवार को न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया गया।

शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

गोपालगंज । थावे थाना के प्रशिक्षु एसआई प्रशांत कुमार ने गुरुवार की शाम शराब के साथ एक आरोपित को थावे बिहार सिनेमा हॉल के पास से गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष शशि रंजन कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित बेदु टोला गांव के मरगूब आलम के पास से 18 टेट्रा पैक देशी शराब बरामद हुआ। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार तस्कर के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी कर शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

थावे से वारंटी गिरफ्तार

गोपालगंज। थावे थाने के प्रशिक्षु एसआई प्रशांत कुमार ने गुरुवार की रात छापेमारी कर एक वारंटी को घर से गिरफ्तार कर लिया। इसकी जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष शशि रंजन कुमार ने बताया कि गिरफ्तार वारंटी थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव के श्री भगवान अवधिया से पूछताछ के बाद शुक्रवार को न्यायालय में भेज दिया गया।

जमसड़ से शराब के नशे में दो गिरफ्तार

गोपालगंज। जिले के उचकागांव थाना क्षेत्र के जमसड बाजार में पुलिस ने सूचना के आधार पर छापेमारी का शराब के नशे में हल्ला हंगामा करते दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। जिनकी पहचान मीरगंज थाना क्षेत्र के बड़कागांव के रिशु कुमार और राजीव महतो के रूप में की गई है। मामले में प्राथमिकी करने के बाद पुलिस ने गिरफ्तार आरोपितों को शुक्रवार के दिन न्यायालय में प्रस्तुत किया।

आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प, प्राथमिकी दर्ज

गोपालगंज। आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हो गई। मामले को लेकर दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। वहीं पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन में जुट गई है। बताया जाता है कि भरपटिया गांव के धनंजय कुमार यादव ने आरोप लगाया है कि इनके यहां से एक बारात गई थी। घर में सिर्फ औरतें ही थी। इसी मौके का फायदा उठाकर उसी गांव के दीपू यादव, अमित यादव, सोनू यादव घर में घुसकर औरतों से मारपीट कर उनके गहने छीन लिए। जब बारात लौट कर आई और मामले की जानकारी हुई तथा गहना उनसे मांगा जाने लगा, तो लोगों ने एक बार फिर से मारपीट कर दिया।

चोरी की तीन बाइक के साथ पिता-पुत्र गिरफ्तार, प्राथमिकी दर्ज

गोपालगंज । जिले के भोरे पुलिस को उस समय बड़ी कामयाबी हाथ लगी, जब पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर चोरी की तीन बाइकों के साथ पिता पुत्र को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की इस कार्रवाई के दौरान 3 लोग फरार होने में कामयाब हो गए। जिनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। बताया जा रहा है कि पुलिस को यह गुप्त सूचना मिली थी कि मिश्रौली गांव निवासी मुन्ना साईं अपने पुत्र अमावत अली के साथ मिलकर चोरी की बाइक की बिक्री करते हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने उनके आवास के पास बने एक झोपड़ी में जब छापेमारी की, तो वहां मौजूद लोगों में से 3 लोग भागने में सफल हो गए। जबकि पिता पुत्र को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। मौके पर से पुलिस ने चोरी की तीन बाइकों को बरामद किया। पकड़े गए लोगों ने बताया वे लोग काफी दिनों से चोरी की बाइकों की खरीदारी कर उसे ऊंचे दामों में बेचा करते थे।

दूसरी बार शराब पीने पर युवक को एक साल के लिए भेजा गया जेल

गोपालगंज प्रातः किरण संवाददाता स्थानीय पुलिस ने दूसरी बार शराब पीकर हंगामा कर रहे एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। जिसे नए संशोधित शराबबंदी कानून के तहत एक साल के लिए जेल भेज दिया गया। बता दें कि नए कानून में पहली बार शराब पीने पर 2000 से 5000 तक का जुर्माना लगाए जाने का प्रावधान किया गया है। अगर वही व्यक्ति दूसरी बार शराब पीकर हंगामा करता है, तो उसे एक साल के लिए जेल जाना होगा। बताया जाता है कि स्थानीय थाना क्षेत्र के बड़हरा तीनमुहानी पर एक युवक शराब पीकर हंगामा कर रहा था। जिसकी सूचना एसआई सुधीर कुमार पासवान को मिली थी। सुधीर ने मौके पर से युवक को गिरफ्तार कर लिया। जिसकी पहचान थाना क्षेत्र के बड़हरा गांव निवासी बिरेश राम के रूप में की गई। पुलिस ने ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांच कराई, तो शराब पीने की पुष्टि हुई। इसके बाद उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया गया।

मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन, तीन गिरफ्तार

गोपालगंज प्रात : किरण ब्यूरो

एसपी स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर गठित एसआईटी ने उचकागांव थाने के जमसर गांव में छापा मारकर लंबे समय से चलायी जा रही मिनी गन फैक्ट्री का भंडाफोड़ कर दिया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने एक देशी कट्टा के अलावा कई अर्द्धनिर्मित हथियारों व भारी मात्रा में हथियार बनाने का सामान बरामद किया है। इस कारोबार में संलिप्त अभियुक्त के साथ हथियार मरम्मत कराने के लिए सिवान से पंहुचे दो लोगो को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। प्रेसवार्ता के दौरान एसपी स्वर्ण प्रभात ने शुक्रवार की तड़के सूचना मिली कि सिवान के दो व्यक्ति हथियार मरम्मत कराने के लिए उचकागांव के जमसर गांव में आए हुए है। इस सूचना के आधार पर हथुआ एसडीपीओ अनुराग कुमार के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया। गठित एसआईटी की टीम ने त्वरित कारवाई करते हुए जमसर गांव के कृष्णा शर्मा के घर पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान कृष्णा शर्मा को अवैध तरीके से हथियार का निर्माण करते पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इसके साथ ही हथियार की मरम्मत कराने आए सिवान के हुसैनगंज थाने के हबीबनगर थाने के सोनू कुमार और मिककी कुमार उर्फ गोलू को भी गिरफ्तार कर लिया। छापेमारी के दौरान मकान के तहखाने की तलाशी के दौरान पुलिस ने एक देशी कट्टा, दो अर्द्धनिर्मित पिस्तौल, 315 बोर का दो बडा खोखा एवं एक छोटा खोखा, दो ट्रिगर, एक बसूला, एक हेक्सा आरी, चार छेनी, एक लोहा का निहाय, एक सेंटर पंच, एक रूखानी, एक बडा टोकन, एक लोहा का दरी, एक छोटा आरी, दो कजिंदा कारतुस, एक हैमर, नौ स्प्रिंग, चार हथौडा, तीन रेती, दो बर्मी, लोहा का खिला, मोबाइल व बाइक के अलावा कई अर्द्धनिर्मित बैरल व अन्य औजारों को बरामद किया गया। एसपी ने बताया कि इस कारोबार में संलिप्त अन्य लोगों की पहचान के लिए कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि पकड़े गये कृष्णा शर्मा इस कारोबार को व्यवसाय के रूप में काफी समय से कर रहे थे। छापेमारी में मुख्य रूप से हथुआ एसडीपीओ अनुराग कुमार, मीरगंज अंचल पुलिस निरीक्षक ललन कुमार, उचकागांव थानाध्यक्ष सुबाष कुमार सिंह, उचकागांव थाने के दारोगा मंटु कुमार रजक, शमशाद रजा, सहित सैप के जवान शामिल थे।

परसौनी दलित बस्ती में आग लगी में 25 घर जलकर राख

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

जिले के उचकागांव थाना क्षेत्र के परसौनी खास परती पर स्थित मुसहर बस्ती में गुरुवार की शाम अचानक एक आवासीय झोपड़ी में आग लग गई। जब तक लोग आग पर काबू पाते तब तक वहां पर स्थित मुसहर समुदाय के रहने वाले लोगों की 25 आवासीय झोपड़ी व करकट के मकान जलकर राख हो गए।

बताया जा रहा है कि गुरुवार की शाम परसौनी खास परती पर स्थित बसे मुसहर बस्ती के मोहन मुसहर के आवासीय झोपड़ी में अचानक आग लग गई। जब तक लोग आग पर काबू पाते तब तक वहां पर बनाए गए लगभग 25 आवासीय झोपड़ियों को आग ने चपेट में ले लिया। जिससे उसमें रखें कपड़ा, बर्तन, फर्नीचर, अनाज, रुपए सहित लाखों रुपए मूल्य के सामान जलकर राख हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे अग्निशमन वाहन के द्वारा आग लगी के बाद राख में धड़क रहे चिंगारी को बुझाने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान हुए आग लगी में कैलाश मुसहर, लंगड़ मुसहर, श्रवन मुसहर, झूमन मुसहर, रामायण मुसहर, नारायण मुसहर, मोहर मुसहर, मुखदेव मुसहर, जनकदेव मुसहर, राजेंद्र मुसहर, शिवबचन मुसहर सहित लगभग 25 लोगों की आवासीय झोपड़ी जलकर राख हो गई है। घटना के बाद परसौनी खास मुसहर बस्ती में चीख-पुकार मची हुई थीं।

सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे सीओ रवीश कुमार, थानाध्यक्ष सुभाष कुमार सिंह, बीडीओ मनोज कुमार पंडित, मुखिया संतोष कुमार राजा आदि के द्वारा क्षतिपूर्ति का आकलन किया जा रहा है। आग लगी में बचाव के दौरान गांव के लंगड़ मुसहर, उनकी पुत्रवधू, जनकदेव मुसहर सहित आधा दर्जन लोग झुलसने से जख्मी हो गए हैं। जिनका इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उचकागांव में चल रहा है। समाचार लिखे जाने तक अग्निशमन वाहन के द्वारा राख में धधक रही आग को बुझाने का प्रयास किया जा रहा था। घटना के कारणों का पता नहीं चल सका है। वैसे घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

एसपी ने जनता दरबार लगा सुनी आम लोगों की समस्या

गोपालगंज प्रात : किरण ब्यूरो

कलेक्ट्रेट में एसपी ने शुक्रवार को आम लोगों की समस्याओं को सुना। तमाम लोगों की समस्याओं को सुनने के बाद एसपी स्वर्ण प्रभात ने अधिकांश समस्याओं का आन-द-स्पाट निपटारे का आदेश दिया।

जनता दरबार में एसपी ने भूमि विवाद, मारपीट, जबरन कब्जा आदि से संबंधित आवेदनों पर सुनवाई की। इस बीच एसपी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को आवेदन देने वालों की समस्याओं की पूरी जवाबदेही के साथ सुनवाई करने का निर्देश दिया। तमाम थाना क्षेत्रों से आए फरियादियों से बारी-बारी मिलकर उनकी समस्याओं को सुना तथा निष्पादन के लिए संबधित थानाध्यक्षों को निर्देश दिया। एसपी के द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम लोगो की समस्याओं का निष्पादन का प्रयास किया जाता रहा है। एसपी की इस पहल से आम लोगो में न्याय की काफी उम्मीद जग गयी है। वही हथुआ एसडीपीओ अनुराग कुमार के द्वारा भी अपने कार्यालय में जनसुनवाई की गयी। इसके साथ ही एसपी के निर्देश पर जिले के सभी थानों में जनसुनवाई की गयी।

शराब की टोह में बैकुंठपुर दियारा इलाके में चला सर्च अभियान, भट्ठी ध्वस्त

गोपालगंज प्रात : किरण ब्यूरो

जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के सत्तरघाट दियारा इलाके में शुक्रवार को उत्पाद विभाग व बैकुंठपुर थाने की पुलिस टीम ने संयुक्त रूप से सर्च अभियान चलाकर तैयार की जा रही शराब की खेप को बरामद करने के साथ ही उसे नष्ट कर दिया। इस दौरान शराब भट्ठी को भी ध्वस्त कर दिया।

उत्पाद अधीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि गंडक नदी के किनारे स्थित सत्तरघाट के समीप नदी के किनारे उत्पाद विभाग व पुलिस की टीम ने सर्च अभियान चलाया। सर्च अभियान के दौरान नदी के तट पर छिपाकर बनाई जा रही शराब भट्ठी को ध्वस्त कर दिया गया। इस दौरान उत्पाद विभाग की टीम ने 8500 केजी गुड़ के पाश को बरामद करने के साथ ही उसे विनिष्ट कर दिया। इसके साथ ही शराब बनाने के उपयोग में लायी जाने वाली गैस चूल्हा, मैटेलिक पाइप, ड्रम सहित अन्य उपकरण को बरामद किया गया। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि उत्पाद विभाग की टीम की छापेमारी को देखकर दियारा इलाके में सक्रिय शराब तस्कर फरार हो गए। हालांकि फरार हुए शराब तस्करों की पहचान करने के बाद उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। उन्होने कहा कि दियारे इलाके में लगातार ड्रोन कैमरे की मदद से छापेमारी जारी है। किसी भी हाल में शराब का कारोबार नही होने दिया जाएगा। वही पुलिस व उत्पाद विभाग की कारवाई से दियारे इलाके के शराब तस्करों में दहशत का माहौल है।

चोरी की तीन बाइक व 239 लीटर शराब के साथ तीन गिरफ्तार

गोपालगंज प्रात : किरण ब्यूरो

जिले के मीरगंज थाने की पुलिस ने वाहन जांच के दौरान चोरी की तीन बाइक व करीब 239 लीटर देशी शराब के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस गिरफ्तार तस्करों से पूछताछ करने में जुटी हुयी है। गिरफ्तार तस्करों में हथुआ थाने के चैनपुर गांव के विक्की यादव, मीरगंज थाने के बिगही जगदीश गांव के सुनील कुमार यादव और कुसौंधी टोला दुदही गांव के गुलशन कुमार राम बताए गए है। इसकी जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष छोटन कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि यूपी से कुछ शराब तस्कर बाइक से शराब की खेप लेकर आ रहे है। सूचना के आधार पर पुलिस ने मीरगंज में वाहनों की सघन जांच शुरू कर दी। जांच के दौरान पुलिस ने चोरी की तीन बाइक पर सवार तीन लोगो को करीब 239 लीटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार तस्करो से पूछताछ के दौरान पुलिस को कई अहम जानकारी मिली है। जिसके आधार पर पुलिस आगे की कारवाई में जुट गयी है।

अपरहरण, हत्या के प्रयास व आर्म्स एक्ट में 15 साल से फरार धरम कुंवर गिरफ्तार

गोपालगंज प्रात : किरण ब्यूरो

जिले के विशम्भरपुर थाना क्षेत्र के सलेहपुर गांव में पुलिस ने छापेमारी कर करीब 15 साल से फरार चल रहे लाल वारंटी धरम कुंवर उर्फ धरमनाथ सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद लाल वारंटी को शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। एसपी स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर पुलिस टीम ने यह कारवाई की है। सदर एसडीपीओ प्रांजल ने बताया कि विशम्भरपुर थाना क्षेत्र के सलेहपुर गांव का निवासी धरम कुंवर उर्फ धरमनाथ सिंह पर सरकारी कर्मी की हत्या का प्रयास, अपरहण और आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज था और वह करीब 15 से फरार चल रहा था। इसके खिलाफ न्यायालय के द्वारा लाल वारंट निर्गत किया गया था। अपराधी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी। इसी बीच पुलिस को सूचना मिली कि लाल वांरटी अपने गांव में आया हुआ है। जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कारवाई करते हुए गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

डीएवी पब्लिक स्कूल के छात्रों का सीबीएसई 10वीं के परीक्षा परिणाम में जलवा

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

सीबीएसई के दसवीं की परीक्षा परिणाम में डीएवी पब्लिक स्कूल थावे के छात्र छात्राओं ने शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त की। डीएवी पब्लिक स्कूल की छात्रा श्रिया केशरी ने 97.2 प्रतिशत अंकों के साथ अंक प्रथम स्थान प्राप्त किया है, जबकि विद्यालय के छात्र अभिनव श्रीवास्तव ने 97 प्रतिशत के साथ दूसरा और अंशु कुमार पांडे ने 96.6 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय की 6 छात्र छात्राओं ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया है। विद्यालय के छात्र आनंद कुमार पांडे को 96 प्रतिशत प्रियांशु सिंह को 95.4, शहनाज को 95, आशिका गुप्ता को 94.4, शिखा गुप्ता को 94.2, अंशु कुमार को 94, प्रसून मिश्रा और पल्लवी शर्मा को 93.6, सानिया शमशाद को 93.4, पीयूष कुमार सिंह और प्राची सिंह को 93.2, हर्षिता कुमारी और सृष्टि कुमारी को 93, आदित्य प्रकाश को 92.8, आदित्य कुमार सिंह को 92.6, कुमारी अंजली सिंह को 92.4, आयुष सिन्हा और आयुष राज को 92, यश राय और आबिदा निखत को 91.8, निवेदिता सिंह को 91.4, प्रगति राज और रितिका गुप्ता को 91.2 प्रतिशत, श्रेया कुमारी को 90.8, अंकिता सिंह को 90.6, शिवम राज को 90.4, और विकास राज को 90.2 प्रतिशत अंक प्राप्त हुआ है। विद्यालय के छात्र प्रियांशु सिंह ने गणित में 100 अंक प्राप्त किया है। श्रेया केसरी अभिनव श्रीवास्तव और अंशु कुमार पांडे ने गणित में 99 अंक प्राप्त किया है। जबकि श्रेया केसरी और अभिनव श्रीवास्तव ने सामाजिक विज्ञान में 99 अंक प्राप्त किया है। विद्यालय के 31 छात्र और छात्राओं ने 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त किया है। जबकि विद्यालय के 49 छात्र और छात्राओं ने 80 और 90 प्रतिशत के बीच अंक प्राप्त किया है। विद्यालय के 49 छात्र और छात्राओं ने 70 और 80 प्रतिशत के बीच अंक प्राप्त किया है जबकि 34 छात्र-छात्राओं ने 60 और 70 प्रतिशत के बीच अंक प्राप्त किया है। विद्यालय के 83 प्रतिशत छात्र और छात्राओं ने प्रथम श्रेणी से सफलता प्राप्त की है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के परीक्षा परिणाम में विद्यालय के छात्र छात्राओं के शानदार प्रदर्शन पर विद्यालय के प्राचार्य भरत प्रसाद सिंह ने खुशी जाहिर करते हुए इसका श्रेय विद्यालय के सभी शिक्षकों, छात्रों के अभिभावकों और छात्र-छात्राओं के कठिन परिश्रम को दिया है। विद्यालय के शिक्षक ललन कुमार सिंह, मिथिलेश कुमार, सुभाष बहादुर, पी आर के सिंह, अमोद कुमार चैबे, एस बी प्रियदर्शी, गुड्डू सिंह, प्रकाश सिंह, वीके सिंह, अजीत कुमार सिंह, अखिलेश कुमार, सहित सभी शिक्षकों शिक्षिकाओं ने विद्यालय के छात्र और छात्राओं के शानदार प्रदर्शन पर खुशी जाहिर की है और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

सिपाही भर्ती परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने हेतु डीएम ने दिए निर्देश

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। आगामी 14 मई को आयोजित होने वाली केन्द्रीय चयन पर्षद की सिपाही भर्ती परीक्षा को कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उदेश्य से सभी केन्द्राधीक्षक, स्टैटिक दण्डाधिकारी-सह-प्रेक्षक, स्टैटिक पुलिस पदाधिकारी, जोनल दण्डाधिकारी-सह- समन्वयक, जोनल पुलिस पदाधिकारी, उड़नदस्ता दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को आपसी समन्वय स्थापित कर परीक्षा संपन्न कराने का निदेश दिया गया। इस संबंध में स्पष्ट कहा गया कि परीक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

उक्त बातें जिलाधिकारी अमन समीर एवं पुलिस अधीक्षक सारण डॉ गौरव मंगला के द्वारा स्थानीय प्रेक्षागृह-सह-आर्ट गैलेरी में आयोजित संयुक्त ब्रीफिंग में कही। कदाचार मुक्त परीक्षा संचालन हेतु सभी परीक्षा केंद्रों की विडियोग्रॉफी कराने का निदेश केन्द्राधीक्षक को दिया गया। बताया गया कि मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग में मद्य निषेध सिपाही पद पर नियुक्ति हेतु लिखित परीक्षा आगामी 14 मई से आयोजित होगी। परीक्षा के लिए सारण जिला में 41 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है। जिसमें 20692 परीक्षार्थी भाग लेंगे। आयोग द्वारा दिये गये दिशा-निर्देश का शत-प्रतिशत अनुपालन करने का निर्देश जिलाधिकारी के द्वारा प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं केन्द्राधीक्षक को दिया गया ताकि परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त संपन्न कराया जा सके। बताया गया कि परीक्षा के सफल संचालन हेतु आयोग द्वारा जिलाधिकारी को परीक्षा का संयोजक एवं अपर समाहर्ता डॉ गगन को सहायक संयोजक बनाया गया है। परीक्षा को कदाचारमुक्त, निष्पक्ष, स्वच्छ संचालन एवं विधि-व्यवस्था संधारण हेतु आयोग के निर्धारित मानक के अनुरूप प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर 1-4 सशस्त्र पुलिस बल ६ महिला पुलिस बल, स्टैटिक दण्डाधिकारी-सह- प्रेक्षक, स्टैटिक पुलिस पदाधिकारी, जोनल दण्डाधिकारी-सह- समन्वयक, जोनल पुलिस पदाधिकारी, उड़नदस्ता दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गयी है। प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल परीक्षा प्रारंभ होने से 2 घंटा पूर्व अपनी प्रतिनियुक्ति स्थल ग्रहण कर लेंगे एवं परीक्षा के समाप्ति के बाद भी स्थिति सामान्य होने तक केन्द्र पर उपस्थित रहकर विधि-व्यवस्था संधारित करेंगे। परीक्षा केन्द्र के मुख्य द्वार पर ही केन्द्राधीक्षक, प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी एवं पुलिस बल की सहायता से परीक्षार्थियों की शारीरिक जाँचोपरांत उनके ई-प्रवेश पत्र को देख कर परीक्षा कक्ष में प्रवेश करने देंगे। सभी दण्डाधिकारी एवं केन्द्राधीक्षक को निदेश दिया गया कि वे परीक्षार्थियों के लिए सीट प्लान आयोग के द्वारा निर्धारित मानकों को ध्यान में रखते हुए करेंगे। सीट प्लान को परीक्षा कक्ष के अलावे परीक्षा केन्द्र के मुख्य द्वार पर प्रदर्शित करने का भी निदेश दिया गया है। ताकि परीक्षार्थियों को आवश्यक सुविधा मिल सके। एक बेंच पर दो परीक्षार्थी ही बैठेंगे। परीक्षा कक्ष में प्रत्येक 24 परीक्षार्थियों पर एक वीक्षक की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र में न्यूनतम दो वीक्षक रहेंगे। परीक्षा के अवधि में कोविड-19 से संबंधित सभी दिशा-निदेर्शों का अनुपालन करना सबके लिए अनिवार्य होगा। सभी के लिए मास्क का प्रयोग एवं सोशलरू डिस्टेंसिंग का अनुपालन करना अनिवार्य होगा। परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्ष के अंदर मोबाईल, ब्लूटूथ, पेजर या अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिभाईस चिट, चाकू, माचिस, ब्लेड आदि ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध होगा। परीक्षा केन्द्र पर मूलभूत सुविधाएं यथा शौचालय, पेयजल, पर्याप्त लाईटिंग की व्यवस्था कराने का भी निदेश दिया गया। कदाचार के आरोप में गिरफ्तार किये गये अभिभावकों, परीक्षार्थियों एवं वीक्षकों के विरुद्ध बिहार परीक्षा संचालन अधिनियम 1981 के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह एक महत्त्वपूर्ण परीक्षा है, जिसके सफल संचालन में सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी एवं कर्मी विशेष सर्तकता रखते हुए अपनी जवाबदेही निभाएँगे। सभी अनुमंडल पदाधिकारी को अपने क्षेत्र अंतर्गत परीक्षा केन्द्रों के 500 गज की परिधि में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा लागू करने हेत निर्देशित किया गया है। इस परीक्षा के अवसर पर सदर अनुमंडल कार्यालय परिसर में जिला नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गयी है जिसका दूरभाष संख्या-06152-242444 है।

पैसा वापस मांगने गए युवक पर जानलेवा हमला, प्राथमिकी दर्ज

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

भोरे में कर्ज की रकम मांगने गए एक युवक पर जानलेवा हमला कर दिया गया। साथ ही सोने की चेन व 10000 भी छीन लिए गए। वहीं इसी मामले में दूसरे पक्ष ने भी दुकान पर चढ़कर पैसा छीनने व रंगदारी मांगे जाने का आरोप लगाया है। दोनों पक्षों के आवेदन के आधार पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पहली प्राथमिकी भोरे निवासी वृंदा सिंह के पुत्र अजय कुमार सिंह ने दर्ज कराई है। जिसमें उन्होंने कहा है उन्होंने रेडवरिया तिवारी गांव के अशोक प्रसाद के पुत्र सोनी महिवाल को वर्ष 2021 में 700000 शादी के लिए कर्ज दिए थे। जिसके एवज में उसने चार चेक दिया था। लेकिन इसके बाद भी वह पैसा वापस नहीं कर रहा था। जब उसके दुकान पर पैसा वापस मांगने गए, तो उज्जवल कुमार सिंह, सोनी महिवाल, प्रिंस कुमार और अशोक प्रसाद ने उन पर हमला कर दिया और लोहे की रॉड से सर पर वार कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसके साथ ही 10000 छीन लिए गए। वहीं दूसरे पक्ष से अशोक प्रसाद की पत्नी चंद्रावती देवी ने आरोप लगाया है कि चरमुहानी के पास उनका पुत्र सोनी महिवाल दवा की दुकान चलाता है। जहां वो मौजूद था। तभी भोरे के अजय कुमार सिंह, अभिषेक प्रसाद सिंह, वृंदा प्रसाद जोरावर पुर के अरुण कुमार कुशवाहा, प्रमोद कुमार, चंद्र भूषण पांडेय और विजय राय सभी लोगों ने जान से मारने की नियत से हमला कर दिया। इस दौरान 10 ग्राम सोने की चेन और रंगदारी के रूप में 20000 महीना मांगा जाने लगा। विरोध करने पर उनकी जमकर पिटाई की गई। दोनों ही तरफ से पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन में जुट गई है।

शिक्षक संघ ने जताया विरोध

छपरा। शुक्रवार को अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जयप्रकाश स्नातकोत्तर शिक्षक संघ का आंदोलन हुआ। इस क्रम में वेतन न मिलने के कारण सभी शिक्षकों ने विरोध स्वरूप काली पट्टी बांधी और अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए प्रतिरोध जताया। शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ सिद्धार्थ शंकर, उपाध्यक्ष डॉ अजीत कुमार तिवारी, संयुक्त सचिव डॉ दिव्यांशु कुमार, कोषाध्यक्ष डॉ मुर्शीद आलम के साथ साथ कार्यकारिणी के सदस्य डॉ राणा विक्रम सिंह, डॉ अभय कुमार सिंह, डॉ अनिल कुमार गोप तथा कार्यालय सचिव उदयन समाजपति की सहभागिता रही। सभी ने विश्वविद्यालय प्रशासन से आग्रह किया कि वह यथाशीघ्र मार्च अप्रैल का वेतन निर्गत करे। शिक्षक संघ के सक्रिय सदस्य के रूप में संकायाध्यक्ष मानविकी डॉ कुमार मोती, संकायाध्यक्ष वाणिज्य डॉ लक्ष्मण सिंह, संकायाध्यक्ष विज्ञान डॉ उदय अरविंद तथा रसायनशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ रवीन्द्र कुमार सिंह, इतिहास विभाग के अध्यक्ष डॉ सैयद रजा , गणित विभाग के अध्यक्ष डॉ अशोक कुमार, मनोविज्ञान विभाग की अध्यक्ष डॉ पूनम सिंह वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष डॉ हरेन्द्र सिंह समेत डॉ गजेन्द्र कुमार, डॉ उदय शंकर ओझा, डॉ विभु कुमार, डॉ संजय कुमार, डॉ रंजीत कुमार, डॉ नीरज सिंह डॉ शफी अहमद , डॉ रामफेर, डॉ विश्वामित्र, डॉ वीरेन्द्र कुमार, डॉ गजेन्द्र डॉ अजय कुमार, डॉ चन्दन कुमार श्रीवास्तव डॉ राजेश नायक, डॉ रितेश्वर तिवारी आदि की सक्रिय सहभागिता रही इस आंदोलन को सफल बनाने के लिए शिक्षक संघ ने सभी माननीय शिक्षकों के प्रति आभार प्रकट किया।

क्रिकेट के फाइनल मैच में तरैया ने विजेता कप पर जमाया कब्जा

छपरा। तरैया प्रखंड के राजवाड़ा गांव स्थित खेल मैदान में आयोजित एमआर प्रीमियर नाइट क्रिकेट टूनार्मेंट का फाइनल मैच चांदपुरा बनाम तरैया के बीच खेला गया। जिसका उद्घाटन पूर्वी जिला परिषद सदस्य हरिशंकर सिंह व समाजसेवी बच्चा बिहारी सिन्हा ने संयुक्त रूप से किया। मैच में टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए चांदपुरा की टीम ने 18 ओवर में 51 रन बनाकर आल आउट हो गई। वही जबाबी पारी खेलते हुए तरैया की टीम ने 15 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 52 रन बनाकर विजेता कप पर कब्जा जमाया। फाइनल मैच में मैन ऑफ द मैच व मैन ऑफ द सीरीज तरैया क्रिकेट टीम के गणेश कुमार को दिया गया। विजेता टीम को जिला परिषद सदस्य हरिशंकर सिंह व समाजसेवी बच्चा बिहारी सिन्हा ने संयुक्त रूप से कप और मैडल देकर सम्मानित किया।

सीबीएसई इंटर के रिजल्ट में सारण के छात्र-छात्राओं का जलवा रहा कायम

छपरा। सीबीएसई बोर्ड नई दिल्ली द्वारा इंटरमीडिएट का रिजल्ट शुक्रवार को घोषित कर दिया गया, जिला के कई शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राओं ने बेहतर अंकल आया है। सारण में फिर एक बार 94 प्रतिशत से अधिक अंक लाकर अपने समाज और परिवार सहित जिला का नाम रौशन किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सीबीएसई बोर्ड द्वारा शुक्रवार को इंटरमीडिएट का परिणाम घोषित कर दिया गया है । बेहतर अंक पाने वाले छात्र छात्राओं के बीच जश्न का माहौल है, परिवार और समाज के लोगों द्वारा बेहतर अंक पाने वाले छात्र छात्राओं को मुबारकबाद दी जा रही है। वहीं शिक्षण संस्थानों द्वारा भी छात्रों को बधाइयां दी जा रही है। बंगरा दाउदपुर स्थित जेडी पब्लिक स्कूल के छात्रों का जलवा सीबीएसई बोर्ड में कायम रहा, दर्जनों से अधिक छात्र-छात्राओं ने सीबीएसई बोर्ड द्वारा घोषित इंटर के रिजल्ट में 90: से अधिक अंक हासिल किया है। मिली जानकारी के अनुसार जेडी पब्लिक स्कूल के इंटरमीडिएट के छात्र शुभम कुमार ने 95.8 प्रतिशत, आकाश कुमार 95.4 प्रतिशत, अनिकेत आर्यन 90.6 प्रतिशत, प्रभात कुमार साह ने 91:, अनामिका कुमारी 90 प्रतिशत, श्रुति कुमारी 91.4 प्रतिशत, कुंदन कुमार 92.8 प्रतिशत, शिखा कुमारी 90 प्रतिशत तथा शालवी 93.2 प्रतिशत सहित एक दर्जन से अधिक छात्र-छात्राओं ने 90: से अधिक अंक लाकर अपने ज

सम्पादकीय

माहवारी पर आखिर इतना भेदभाव क्यों?

हिमानी गढ़िया

हम भले ही आधुनिक समाज की बात करते हैं, नई नई तकनीकों के आविष्कार का दंभ भरते हैं, चांद से आगे बढ़ कर मंगल पर बस्तियां बसाने का खाका तैयार करते हैं, लेकिन एक कड़वी सच्चाई यह भी है कि महिलाओं के प्रति आज भी समाज का नजरिया बहुत ही संकुचित है. उसके उठने बैठने से लेकर जीवन के हर पहलू को संस्कृति के नाम पर जंजीरों में जकड़ने को आतुर है. नियमों के पालन की गठरी महिलाओं के सर बांध दी गई है. जन्म से ही पुरुषसत्तात्मक समाज द्वारा लड़कियों की आजादी पर किसी न किसी प्रकार से हस्तक्षेप किया जाता है. जैसे ही वह रजस्वला होती है, संस्कृति और परंपरा के नाम पर उसके साथ मानसिक अत्याचार का एक अनंत सिलसिला शुरू हो जाता है.

आज भी समाज अपने मन में मासिक धर्म को लेकर न जाने कितने खोखले और अवैज्ञानिक भ्रम लिए घूम रहा है. हालांकि मासिक धर्म एक जैविक प्रक्रिया है जो प्रकृति ने महिलाओं को दिया है. लेकिन पुरुषसत्तात्मक समाज की खोखली नजरों में यह नारी जाति के लिए सजा है. हैरत की बात तो यह है कि यही समाज एक तरफ लड़कियों को देवी मानकर पूजता है और फिर उसी के साथ भेदभाव भी करता है. एक अच्छी बात यह है कि जहां जहां शिक्षा की लौ पहुंच रही है, वहां वहां महिलाओं और किशोरियों के साथ माहवारी के नाम पर होने वाला भेदभाव अपेक्षाकृत कम हो रहा है. वहीं देश के दूर दराज ग्रामीण क्षेत्रों में यह रुढ़िवादी सोच आज भी बदस्तूर जारी है. इसका एक उदाहरण पहाड़ी राज्य उत्तराखंड के बागेश्वर जिला स्थित गरुड़ ब्लॉक का सुराग गांव है. जो ब्लॉक मुख्यालय से करीब 30 किमी की दूरी पर बसा है. इस ग्रामीण क्षेत्र में बहुत से ऐसे घर हैं जहां पर मासिक धर्म के दौरान किशोरियों और महिलाओं को करीब एक सप्ताह तक घर से बाहर गौशाला या अन्य स्थान पर रखा जाता है. जब तक उनके मासिक चक्र की प्रक्रिया पूरी नहीं हो जाती है, तब तक उन्हें अपने ही घर में प्रवेश की इजाजत नहीं होती है. यानि वह इन दिनों में अपवित्र कहलाती हैं, जिनके घर में प्रवेश मात्र से घर दूषित हो जाने का भय रहता है. इस दौरान चाहे जैसी भी परेशानियों का सामना करना हो, उन्हें घर में प्रवेश नहीं करने दिया जाता है.

इस अमानवीय और क्रूर परंपरा पर गांव की एक किशोरी कुमारी पिंकी का कहना है कि हमारे गांव में आज भी महावारी को लेकर भेदभाव किया जाता है. महिलाओं को परिवार से अलग रखा जाता है, किशोरियों को भी इस दर्द और कष्टों से जूझना पड़ता है. यह समय हमारे लिए बहुत ही कष्टकारी होता है. वहीं कुमारी गीता का कहना है कि यह बात सत्य है कि हमारे गांव में मासिक धर्म को लेकर आज भी बहुत ही भेदभाव किया जाता है. यह रूढ़िवादी सोच है जो सदियों से चली आ रही है. इसे बदलने में काफी वक्त लगेगा, लेकिन समय के साथ-साथ चीजें बदल रही हैं. जो लोग पढ़े लिखे हैं वह अपनी सोच को बदल रहे हैं और इस अमानवीय परंपरा का त्याग कर माहवारी के समय महिलाओं और किशोरियों को घर से बाहर नहीं भेजते हैं. लेकिन जो अशिक्षित हैं, वह आज भी वहीं पर हैं. इस तथ्यहीन परंपरा को खत्म करने में सरकार के साथ साथ कुछ गैर सरकारी संस्थाओं ने भी बड़ी भूमिका निभाई है. दिल्ली स्थित चरखा डेवलपमेंट कम्युनिकेशन नेटवर्क पिछले कुछ वर्षों से ह्यप्रोजेक्ट दिशाह्न के माध्यम से लगातार किशोरियों को जागरूक कर रही है. संस्था कार्यशाला के माध्यम से किशोरियों को माहवारी से जुड़े फैक्ट और अन्य जागरूकता कार्यक्रम चला रही है।

बड़ी अदालत के बड़े सदके

राकेश अचल

बड़ी अदालत बड़ी ही होती है। बड़ी अदालत का बड़ा बड़प्पन होता है। बड़ी दृष्टि होती है, बड़ा दिल होता है। शायद इसीलिए बड़ी अदालत बड़ी अदालत कही जाती है। गुरुवार को बड़ी अदालत ने भारत में ही नहीं अपितु पड़ौसी पाकिस्तान में भी अपनी गुरुता का परिचय अपने फैसलों के जरिये दिया। बड़ी अदालतों के बड़े फैसले भारत और पाकिस्तान की राजनीतिक दशा और दिशा को बदलने वाले हो सकते हैं, बाशर्त की सब इन फैसलों का सम्मान करें और अदालत की मंशा के मुताबिक काम करें। दुनिया में हो न हो लेकिन भारत और पाकिस्तान में छोटी-बड़ी अदालतों के लिए ये सबसे बुरा दौर है। अदालतों का सत्ता से निरंतर टकराव हो रहा है। अदालतों के फैसलों पर उंगलियां उठाई जा रहीं हैं और तो और दूसरे संवैधानिक संस्थानों की तरह अदालतों को भी अविश्वसनीय बनाने की नाकाम कोशिश की जा रही है। अदालतों को प्रभावित किया जा रहा है, लालच दिए जारहे हैं। बावजूद इसके अदालतें अपना काम कर रहीं हैं। कहीं कम तो कहीं ज्यादा। अदालतें राहत भी देतीं हैं,निराश भी करतीं है और नजीरें भी पेश करतीं हैं। इसीलिए मुझे अदालतों पर आज भी यकीन है। दूसरों को भी होगा ही।

भारत की सबसे बड़ी अदालत ने दिल्ली सरकार को राहत दी और केंद्र के नुमाइंदे लेफ्टिनेंट जनरल के अधिकारों को स्पष्ट करते हुए दिल्ली की निर्वाचित सरकार के वे अधिकार बहाल किये जिनका अतिक्रमण लेफ्टिनेंट जनरल अक्सर किया करते हैं। कभी-कभी तो लगता है जैसे दिल्ली में चुनी हुई सरकार है ही नहीं।सबसे पहले दिल्ली की बात कोई जाये। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अगुआई वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने फैसला सुनाते हुए कहा कि दिल्ली में जमीन, पुलिस और कानून-व्यवस्था को छोड़कर बाकी सारे प्रशासनिक फैसले लेने के लिए दिल्ली की सरकार स्वतंत्र होगी। अधिकारियों और कर्मचारियों का ट्रांसफर-पोस्टिंग भी कर पाएगी। उपराज्यपाल इन तीन मुद्दों को छोड़कर दिल्ली सरकार के बाकी फैसले मानने के लिए बाध्य हैं।

एक तरह से ये फैसला दिल्ली की केजरीवाल सरकार के लिए बड़ी जीत है। वहीं, केंद्र सरकार और उपराज्यपाल को बड़ा झटका लगा है। केंद्र को इसतरह के झटके की जरूरत थी, क्योंकि केंद्र ने राजनीतिक अदावतों को भुनाने के लिए उप राज्यपाल को अपना औजार बना रखा है। केवल दिल्ली में ही नहीं बल्कि जहां -जहां दिल्ली जैसी स्थितियां हैं वहां-वहां उम्मीद है कि अब केंद्र सरकार के एजेंटतमाम उप राज्यपाल अपनीहदों में रहेंगे। उन्हें हदों में रहना चाहिए ,क्योंकि लोकतंत्र के लिए ऐसा आवश्यक है। उप राज्यपाल और राज्यपालों के केंद्र के इशारे पर राज्यों की निर्वाचित सरकारों से टकराने और उन्हें परेशान करने के असंख्य किस्से हैं। उन पर चर्चा फिर कभी।

बड़ी अदालत का दूसरा बड़ा फैसला महाराष्ट्र में लोकतंत्र के साथ मजाक से जुड़ा है। यहां सत्ता लोलुपताऔर नैतिकता के बीच जंग थी। बड़ी अदालत ने महाराष्ट्र विधान सभा अध्यक्ष और राज्यपाल की भूमिका पर उँगलियाँ उठाएं लेकिन बड़ी अदालत महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को बहाल नहीं कर सकी,क्योंकि ठाकरे ने नैतिकता के आधार पर खुद इस्तीफा दिया था। सत्ता हथियाने में नैतिकता की जरूरत नहीं पड़ती और ये दौर नैतिकता का है भी नहीं ऐसे में ठाकरे साहब को बड़ी अदालत के फैसले पर संतोष करने के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं है। अब उन्हें जनता की अदालत के फैसले का इन्तजार करना चाहिए। गनीमत है किदेश में अभी कुर्सी की लड़ाई ही अदालतों तक पहुंचती है। सरकारों के उत्तरदायित्व की नहीं, अन्यथा बड़ी अदालत में आज मणिपुर की हिंसा भी फैसले के लिए आ सकती थी। मणिपुर में राज्य सरकार पूरी तरह नाकाम रही है।केंद्र का इंजन भी मणिपुर की मदद नहीं कर सका। वहां सब कुछ भगवान भरोसे हैं। मणिपुर में क्या चल रहा है,कोई नहीं जानता, क्योंकि खबरें छन-छन कर आ रहीं हैं। बड़ी अदालत का तीसराबड़ा फैसला पड़ौसी देश पाकिस्तान का है। हिंसा की आग में जल रहे पकिस्तान की बड़ी अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरानखान की गिरफ्तारी को गैरकानूनी करार देतेहुए खान साहब को फौरन रिहा करने के निर्देश दिए हैं। पकिस्तान में अदालतों की दशा भारत जैसी नहीं है, फिर भी जैसी है उल्लेखनीय है। गनीमत है कि पाकिस्तान की हुकूमतऔर सेनाने बड़ी अदालत का फैसला मानतेहुए इमरानखान साहब को रिहाकर दिया है। अगर वे रिहा न भी किये जातेतो शायद अदालत भी हाथखड़ेकर देती। इमरान खान की गिरफ्तारी और रिहाईसे मुमकिनहै कि सीधे तौर पर हमारा कोई लेना-देना न बनता हो किन्तु पड़ौसी देश की सियासी हरकतें हमारे लिएभी महत्वपूर्ण हैं क्योंकि पाकिस्तान हमारा पड़ौसी ही नहीं बल्कि एक अमित्र राष्ट्र भी है। वहां कौन नेता है इसका असर हमारे रिश्तों पर पड़ता है। कभी कम तो कभी ज्यादा। ऐसे में इमरान खान की रिहाई पाकिस्तान की जम्हूरियत के लिए एक शुभ लक्षण है और इसके लिए पाकिस्तान की सबसे बड़ी अदालत का शुक्रियाअदाकिया जानाचाहिए। आपजानतेहैं कि अदालतें किसी से कोई शुकराना नहीं मांगतीं, हाँउन्हें अपने कामकाज में किसीभी दखल पसंद नहीं। अदालतों को कोई आँखें दिखाए ये भी उचित नहीं है। हमारे यहांये काम पिछलेकुछ वर्षों से हो रहा है। बड़ी बेशर्मी से हो रहा है। सरकार के संरक्षण में हो रहा है। बहरहाल बड़ी अदालतों के बड़े फैसलों की इन दिनोंसब दूरचर्चा है। मुमकिन है इनफैसलों से जनता में अदालतों के प्रतिविशवास और बढ़े।

जब किस्मत में ही बुरा हश्र लिखवा कर लाये हैं पाक हुक्मरान, तो क्या करेंगे इमरान खान?

जुल्फिकार अली भुट्टो से लेकर यूसुफ रजा गिलानी, बेनजीर भुट्टो और नवाज शरीफ तक प्रधानमंत्री की कुर्सी से हटने के बाद जेल यात्रा कर चुके हैं। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी ने पाकिस्तान में लोकतंत्र होने के कई भ्रम भले ही तोड़े हैं, लेकिन यह पूर्व संभावित घटना है। वहां के सियासतदानों ने सुशासन एवं लोकतांत्रिक मूल्यों की मजबूती की दृष्टि से हमेशा निराश ही किया है। वहां के शीर्ष नेतृत्व ने मूल्यहीन सोच से शासन किया और वह एक परम्परा-सी हो गयी है। आतंकियों की हिमायत, शीर्ष स्तर पर भ्रष्टाचार और बदले की राजनीतिक भावना ने पाकिस्तान को ऐसी अंधी खोह में धकेल दिया है, जहां से निकलना उसके लिए बेहद कठिन है। इमरान खान ही नहीं, वहां प्रधानमंत्रियों व राष्ट्रपतियों की एक लंबी फेहरिश्त है, जिन्हें अदालतों ने भ्रष्टाचार व बदनीयती के मामलों में सजाएं सुनाई हैं। इमरान के समर्थक भले ही अपने नेता की गिरफ्तारी को बदले की भावना से की गई कार्रवाई बता रहे हैं ।

ललित गर्ग
लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं

पाकिस्तान का सियासी इतिहास देखें तो कमोबेश सभी शासन प्रमुखों का कार्यकाल किसी न किसी विवाद से जुड़ा रहा है। जुल्फिकार अली भुट्टो से लेकर यूसुफ रजा गिलानी, बेनजीर भुट्टो और नवाज शरीफ तक प्रधानमंत्री की कुर्सी से हटने के बाद जेल यात्रा कर चुके हैं। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी ने पाकिस्तान में लोकतंत्र होने के कई भ्रम भले ही तोड़े हैं, लेकिन यह पूर्व संभावित घटना है। वहां के सियासतदानों ने सुशासन एवं लोकतांत्रिक मूल्यों की मजबूती की दृष्टि से हमेशा निराश ही किया है। वहां के शीर्ष नेतृत्व ने मूल्यहीन सोच से शासन किया और वह एक परम्परा-सी हो गयी है। आतंकियों की हिमायत, शीर्ष स्तर पर भ्रष्टाचार और बदले की राजनीतिक भावना ने पाकिस्तान को ऐसी अंधी खोह में धकेल दिया है, जहां से निकलना उसके लिए बेहद कठिन है। इमरान खान ही नहीं, वहां प्रधानमंत्रियों व राष्ट्रपतियों की एक लंबी फेहरिश्त है, जिन्हें अदालतों ने भ्रष्टाचार व बदनीयती के मामलों में सजाएं सुनाई हैं। इमरान के समर्थक भले ही अपने नेता की गिरफ्तारी को बदले की भावना से की गई कार्रवाई बता रहे हैं और उनके विरोध प्रदर्शन भी शुरू हो गए हैं। पाकिस्तान में कोहराम के जो हालात बने हैं, वे हालात जैसी करनी वैसी भरनी की भावना की निष्पत्ति है। पाकिस्तान एवं उनके नेता एक के बाद एक बुरे कुकर्म करते हुए सोचते रहे हैं कि इसका फल तो हमें नहीं भोगना होगा, यह उनकी गलतफहमी है। बुरे कर्म का फल कभी भी अच्छा नहीं होता।

इमरान को हिरासत में लेने की घटना अप्रत्याशित नहीं है, क्योंकि इसकी आशंका तो वह खुद लंबे समय से जताते आ रहे थे, मगर गिरफ्तारी के वक्त उनके साथ जिस तरह का सुलूक हुआ, वह भी अदालत-परिसर में, वह लोकतंत्र होने का दावा करने वाले किसी मुल्क के लिए शर्मनाक बात है। एक तरफ पाकिस्तान आर्थिक बदहाली से जूझ रहा है तो दूसरी तरफ राजनीतिक संकट और गहराता जा रहा है। इमरान खान को सत्ता से बेदखल करने के एक साल बाद भी राजनीतिक अस्थिरता बनी हुई है। इमरान ने अपनी सरकार को गिराए जाने को हमेशा से एक साजिश करार दिया है और कभी भी इस फैसले को स्वीकार नहीं किया था। इमरान खान जल्दी चुनाव की मांग कर रहे हैं, लेकिन सत्ताधारी गठबंधन जल्द चुनाव के लिए किसी हालत में तैयार नहीं है। ऐसे में सवाल उठना लाजिमी है कि सरकार ने इमरान को गिरफ्तार करने का फैसला क्यों किया और इसके बाद पाकिस्तान के हालात किस तरह बेहतर हो पायेंगे? इमरान की गिरफ्तारी का नतीजा क्या होगा यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा। फिर भी पाक हुक्मरानों को यह समझना ही चाहिए कि बबूल का पेड़ बोने वालों को आम का स्वाद सपने में भी नसीब नहीं हो सकता। वर्तमान पाकिस्तानी नेतृत्व का यह निर्णय निश्चित ही उनकी राजनीतिक अपरिपक्वता का परिचायक है। इमरान ने ही पाकिस्तान के हालात बदतर किये हैं, वे भ्रष्टाचार के नये दलदल में धंसे, भले ही वे एक दौर में अपने मुल्क के सबसे बड़े खेल के ह्यआइकनह्न रहे हों और भले ही उन्होंने दुनिया भर में प्रतिष्ठा अर्जित की हो। इमरान वहां अदालती प्रक्रिया का सम्मान करने ही गए थे। बहरहाल, पाकिस्तानी रेंजर्स ने उन्हें जिस अल-कादिर ट्रस्ट मामले में हिरासत में लिया है, उसकी वैधानिकता पर इस्लामाबाद हाई कोर्ट को फैसला करना है, पर आरोप है कि एक यूनिवर्सिटी खोलने के लिए गठित इस ट्रस्ट को गलत तरीके से भूमि दी गई और इमरान खान ने इसकी खातिर अपने पद का दुरुपयोग किया। अल-कादिर ट्रस्ट के दो ही ट्रस्टी हैं- खुद इमरान और उनकी बीवी! पूर्व प्रधानमंत्री पर भ्रष्टाचार के और भी कई आरोप हैं और वह 100 से भी अधिक मुकदमों का सामना कर रहे है। इसलिये इमरान की गिरफ्तारी पर शायद ही किसी को अचरज हो। सत्ता पाने के लिए सेना का सहारा लेने और बाद में इसी सेना के जरिए सत्ता से बेदखली के उदाहरण पाकिस्तान में नए नहीं हैं। साथ ही यह कोई पहली बार भी नहीं कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री की कुर्सी पर रहे किसी नेता की सत्ता से बेदखली के बाद गिरफ्तारी की नौबत आई हो।

पाकिस्तान का सियासी इतिहास देखें तो कमोबेश सभी शासन प्रमुखों का कार्यकाल किसी न किसी विवाद से जुड़ा रहा है। जुल्फिकार अली भुट्टो से लेकर यूसुफ रजा गिलानी, बेनजीर भुट्टो और नवाज शरीफ तक प्रधानमंत्री की कुर्सी से हटने के बाद जेल यात्रा कर चुके हैं। यह कैसी राजनीतिक व्यवस्था है? यह कैसा लोकतंत्र है? इतना स्पष्ट है कि पाकिस्तानी हुक्मरान सेना की कठपुतली मात्र ही बने हुए हैं। आर्थिक तंगी, बेरोजगारी, महंगाई का सामना कर रहे पाकिस्तान में लोकतंत्र का तो महज मुखौटा ही होता है। वह भी इसलिए ताकि इसी लोकतंत्र की दुहाई देकर वह विश्व समुदाय से तमाम तरह की आर्थिक व सैन्य मदद हासिल करता रहे। दुनिया इसे बखूबी जानती है कि आतंककारियों को आश्रय देने व आतंक का पोषण करने में पाकिस्तान सबसे आगे रहा है। यह सब भी सत्ता को अपने इशारे पर नचाने वाली सेना की सहमति के बिना संभव नहीं है। इसीलिए जब भी कोई नेता सेना के खिलाफ होता है तो उसका जेल जाना तय हो जाता है। इमरान खान, पाकिस्तान की सेना और वहां की खुफिया एजेंसी पर जिस तरह से सवाल उठा रहे थे तब से ही सेना के लिए आंख की किरकिरी बने हुए थे। पिछले दिनों ही इमरान खान ने आरोप लगाया था कि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आइएसआइ के एक अधिकारी उनकी हत्या कराने की कोशिश कर रहे हैं। इसके बाद पाकिस्तानी सेना की ओर से भी इमरान को फटकार लगाई गई थी। सत्ता से बेदखल होने के बाद भी इमरान ने कानूनी व राजनीतिक लड़ाई को अराजक भीड़ की बदौलत जीतने का दुस्साहस किया। मगर उनकी राह अब आसान नहीं है। इमरान के खिलाफ इतने सारे मुकदमे हैं कि सत्तारुढ़ गठजोड़ उन्हें शायद ही कोई मोहलत दें। लेकिन इन सबका खामियाजा पाकिस्तानी जनता को भुगतना पड़ रहा है। एक ऐसे दौर में, जब आम पाकिस्तानी गरीबी, चरम महंगाई से कराह रहा है, वहां का सियासी निजाम उनके लिए राहत जुटाने के बजाय उनका ध्यान बंटाने वाला राजनीतिक प्रहसन रचने में जुटा है। एक और बड़ी विडम्बना तो पाकिस्तान की हमेशा से यही रही है कि अन्दरूनी संकटों का समाधान करने की बजाय वह हमेशा कश्मीर का राग अलापती रही है। आम लोगों के संकटों एवं अभावों को दूर करने की बजाय उसका ध्यान कश्मीर पर ही लगा रहता है। आज उसकी दुर्दशा का कारण भी यही है। इमरान का भी कश्मीर राग अलापना भी उनकी विवशता थी। कश्मीर का राग भले ही वहां की सरकारों की विवशता हो, ऐसा ना करना पाकिस्तान का गद्दार करार दिया जाता हो, लेकिन इससे पाकिस्तान के न केवल राजनीतिक बल्कि जनजीवन के हालात भी संकटपूर्ण होते गये हैं।

पाकिस्तान अनेक संकटों से घिरा है। वैसे भी पाकिस्तान में अगले साल आम चुनाव होने हैं। शाहबाज को सत्ता भले मिल गई हो और इमरान को गिरफ्तार करना उनकी राजनीतिक अपेक्षा हो। पर उनके सामने भी वही बड़ी मुश्किलें और चुनौतियां हैं जो पाकिस्तान में हर प्रधानमंत्री को विरासत में मिलती रही हैं, बल्कि इस बार वे ज्यादा उग्र हैं। महंगाई से मुल्क बेहाल है। अर्थव्यवस्था बेदम है। भ्रष्टाचार चरम पर है। दुनिया भर में पाकिस्तान को सहयोग के नाम पर सन्नाटा पसरा है। यह नहीं भूलना चाहिए कि शाहबाज भी उन्हीं नवाज शरीफ के भाई हैं जिन पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप हैं और पनामा पेपर्स मामले उन्हें सत्ता से बेदखल होना पड़ा था। इसके अलावा देश पर लगा आतंकवाद के गढ़ होने का ठप्पा भी अलग तरह के संकट खड़े किए हुए है साफ है।

अमेरिका में बढ़ती ब्याज दरें अन्य देशों की अर्थव्यवस्थाओं को भी प्रभावित कर सकती है

मार्च 2022 के बाद से यूएस फेड दर में यह लगातार 10वीं बार वृद्धि की गई है एवं वर्ष 2007 के बाद से यूएस फेड दर अपने उच्चत्तम स्तर पर पहुंच गई है। हालांकि,अमेरिका में मुद्रा स्फीति को नियंत्रण में लाने के उद्देश्य से अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा यूएस फेड दर में वृद्धि की जा रही है परंतु अब उच्च ब्याज दरों का विपरीत प्रभाव अमेरिकी अर्थव्यवस्था के अन्य क्षेत्रों पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। हाल ही में दो अमेरिकी बैंकें, सिलिकोन वैली बैंक एवं सिग्नेचर बैंक असफल हो चुकी हैं एवं तीसरी बैंक फर्स्ट रिपब्लिक भी असफल होने की स्थिति में पहुंच गई थी, परंतु उसे समय रहते जेपी मोर्गन कम्पनी को बेच दिया गया। पेसिफिक वेस्टर्न बैक एवं वेस्टर्न अलाइन्स बैंक में भी तरलता की समस्या खड़ी हो गई है ।

प्रहलाद सबनानी
लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं

दिनांक 03 मई 2023 को अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने यूएस फेड दर में 25 आधार बिंदुओं की वृद्धि करते हुए इसे 5.25 प्रतिशत तक पहुंचा दिया है। मार्च 2022 के बाद से यूएस फेड दर में यह लगातार 10वीं बार वृद्धि की गई है एवं वर्ष 2007 के बाद से यूएस फेड दर अपने उच्चत्तम स्तर पर पहुंच गई है। हालांकि,अमेरिका में मुद्रा स्फीति को नियंत्रण में लाने के उद्देश्य से अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा यूएस फेड दर में वृद्धि की जा रही है परंतु अब उच्च ब्याज दरों का विपरीत प्रभाव अमेरिकी अर्थव्यवस्था के अन्य क्षेत्रों पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। हाल ही में दो अमेरिकी बैंकें, सिलिकोन वैली बैंक एवं सिग्नेचर बैंक असफल हो चुकी हैं एवं तीसरी बैंक फर्स्ट रिपब्लिक भी असफल होने की स्थिति में पहुंच गई थी, परंतु उसे समय रहते जेपी मोर्गन कम्पनी को बेच दिया गया। पेसिफिक वेस्टर्न बैक एवं वेस्टर्न अलाइन्स बैंक में भी तरलता की समस्या खड़ी हो गई है। असफल हो रही अमेरिकी बैंकों को अन्य स्वस्थ बड़े आकार के बैंकों को बेच देना, इस समस्या का स्थाई हल नहीं कहा जा सकता है। असफल हो जाने की स्थिति तक पहुंचे उक्त पांच बैंकों के अतिरिक्त छोटे आकर के अन्य कई बैंकों पर अभी भी तरलता का दबाव बना हुआ है और यह समस्त बैंक, ब्याज दरों में लगातार हो रही वृद्धि के चलते ही इस स्थिति में पहुंचे हैं। दरअसल, अमेरिका में बैकों द्वारा अपनी जमाराशि का एक बड़ा हिस्सा यूएस ट्रेजरी द्वारा जारी बांड्स में निवेश किया गया है। पूर्व में इन बांड्सपर ब्याज दर कम थी, परंतु अब जारी किये जा रहे बांड्स पर ब्याज दर अधिक है, जिसके चलते पूर्व में जारी किए गए बांड्स की बाजार कीमत कम हो गई है इससे बैकों पर तरलता का दबाव आ गया है। अमेरिका में निर्मित हुई इस स्थिति के लिए पूर्ण रूप से फेडरल रिजर्व को ही जिम्मेदार माना जा रहा है। साथ ही, अमेरिका ने स्वयं भी भारी मात्रा में कर्ज ले रखा है और अमेरिकी सरकार को स्वयं भी बढ़ती ब्याज दर का दंश झेलना पड़ रहा है। अमेरिकी वित्त सचिव ने चेतावनी भरे अन्दाज में कहा है कि यदि अमेरिकी सरकार द्वारा अपने कर्ज लेने की सीमा में वृद्धि नहीं की गई तो 1 जून 2023 के बाद अमेरिका अपने ऋण के भुगतान में चूक कर सकता है।

दूसरे, चूंकि अमेरिका में ब्याज दरों को लगातार बढ़ाया जा रहा है और निवेशकों द्वारा अन्य देशों से अमेरिकी डॉलर निकालकर अमेरिका में निवेश किया जा रहा हैं, अतः अन्य देशों की मुद्राओं पर दबाव बढ़ता जा रहा है और इन देशों की मुद्राओं का अवमूल्यन हो रहा है। इन देशों की मुद्राओं के अवमूल्यन से इन देशों द्वारा आयात किए जाने वाले उत्पाद महंगे हो रहे हैं एवं यह देश आयातित महंगाई की मार झेलने को मजबूर हो रहे हैं। इस स्थिति से निपटने के लिए अन्य कई देशों द्वारा भी ब्याज दरों में वृद्धि की जा रही है और अपने देश के बैकों को खतरे में डाला जा रहा हैं। इस प्रकार लम्बे समय में अमेरिकी आर्थिक नीतियों का असर अन्य देशों पर भी विपरीत प्रभाव डाल सकता है। पूर्व में, भारतीय रिजर्व बैंक भी, अमेरिका द्वारा लगातार की जा रही ब्याज दरों में वृद्धि को देखते हुए, रेपो दर में वृद्धि करने का निर्णय ले रहा था। परंतु, अप्रेल 2024 में भारतीय रिजर्व बैंक ने रेपो दर में किसी भी प्रकार की वृद्धि नहीं करने का निर्णय लिया। भारतीय रिजर्व बैंक के इस निर्णय को एक साहसिक कदम बताया गया था। भारत को देखते हुए कुछ अन्य देशों ने भी ब्याज दरों में लगातार की जा रही वृद्धि को रोक लिया है। ब्याज दरों में अब और वृद्धि भारतीय बैंकिंग उद्योग एवं उद्योग जगत को निश्चित रूप से विपरीत रूप से प्रभावित करने लगेगी क्योंकि एक तो भारत में मुद्रा स्फीति तुलनात्मक रूप से नियंत्रण में आ चुकी है और दूसरे, भारत तेज आर्थिक विकास के चक्र में शामिल हो चुका है। अप्रेल 2023 माह में वस्तु एवं सेवा कर संग्रहण का उच्चत्तम स्तर पर आना, बढ़ती हवाई यात्रियों की संख्या का उच्चत्तम स्तर पर आना, टोल संग्रहण में उच्छाल आना, अप्रेल 2023 माह में सेवा क्षेत्र के पीएमआई (परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स) का 13 वर्ष के उच्चत्तम स्तर 62 पर पहुंचना, जो मार्च 2023 माह में 57.8 पर था, विनिर्माण क्षेत्र के पीएमआई का चार माह के उच्चत्तम स्तर पर पहुंचना, आदि ऐसे सूचक हैं जिनसे सिद्ध होता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था बेहद मजबूत स्थिति में पहुंच गई है। वर्ल्ड आफ स्टेटिक्स द्वारा जारी किए गए प्रतिवेदन में भी बताया है कि बड़े देशों में भारत अकेला एक ऐसा देश है जहां मंदी की शून्य सम्भावना है। जबकि ब्रिटेन में 75 प्रतिशत, अमेरिका में 65 प्रतिशत, जर्मनी, इटली एवं कनाडा में 60 प्रतिशत, फ्रान्स में 50 प्रतिशत, दक्षिणी अफ्रीका में 45 प्रतिशत, मंदी आने की सम्भावना व्यक्त की गई है। अन्य कई देशों, रूस, जापान, दक्षिण कोरिया, स्पेन, ब्राजील, चीन आदि पर भी मंदी का साया मंडरा रहा है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के अनुसार, वर्ष 2023 में दुनिया में बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच भारत ही पुनः सबसे तेज गति से आगे बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बनी रहेगी।

दूसरी ओर, हाल ही में भारत द्वारा विभिन्न देशों के साथ सम्पन्न किए गए मुक्त व्यापार समझौतों का असर भी अब भारत से उत्पादों के निर्यात पर दिखाई देने लगा है। भारत वित्तीय वर्ष 2026-27 तक संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को अपना निर्यात बढ़ाकर 50 अरब डॉलर तक ले जा सकता।

माहवारी पर आखिर इतना भेदभाव क्यों?

हिमानी गढ़िया

हम भले ही आधुनिक समाज की बात करते हैं, नई नई तकनीकों के आविष्कार का दंभ भरते हैं, चांद से आगे बढ़ कर मंगल पर बस्तियां बसाने का खाका तैयार करते हैं, लेकिन एक कड़वी सच्चाई यह भी है कि महिलाओं के प्रति आज भी समाज का नजरिया बहुत ही संकुचित है. उसके उठने बैठने से लेकर जीवन के हर पहलू को संस्कृति के नाम पर जंजीरों में जकड़ने को आतुर है. नियमों के पालन की गठरी महिलाओं के सर बांध दी गई है. जन्म से ही पुरुषसत्तात्मक समाज द्वारा लड़कियों की आजादी पर किसी न किसी प्रकार से हस्तक्षेप किया जाता है. जैसे ही वह रजस्वला होती है, संस्कृति और परंपरा के नाम पर उसके साथ मानसिक अत्याचार का एक अनंत सिलसिला शुरू हो जाता है.

आज भी समाज अपने मन में मासिक धर्म को लेकर न जाने कितने खोखले और अवैज्ञानिक भ्रम लिए घूम रहा है. हालांकि मासिक धर्म एक जैविक प्रक्रिया है जो प्रकृति ने महिलाओं को दिया है. लेकिन पुरुषसत्तात्मक समाज की खोखली नजरों में यह नारी जाति के लिए सजा है. हैरत की बात तो यह है कि यही समाज एक तरफ लड़कियों को देवी मानकर पूजता है और फिर उसी के साथ भेदभाव भी करता है.एक अच्छी बात यह है कि जहां जहां शिक्षा की लौ पहुंच रही है, वहां वहां महिलाओं और किशोरियों के साथ माहवारी के नाम पर होने वाला भेदभाव अपेक्षाकृत कम हो रहा है. वहीं देश के दूर दराज ग्रामीण क्षेत्रों में यह रुढ़िवादी सोच आज भी बदस्तूर जारी है. इसका एक उदाहरण पहाड़ी राज्य उत्तराखंड के बागेश्वर जिला स्थित गरुड़ ब्लॉक का सुराग गांव है. जो ब्लॉक मुख्यालय से करीब 30 किमी की दूरी पर बसा है. इस ग्रामीण क्षेत्र में बहुत से ऐसे घर हैं जहां पर मासिक धर्म के दौरान किशोरियों और महिलाओं को करीब एक सप्ताह तक घर से बाहर गौशाला या अन्य स्थान पर रखा जाता है. जब तक उनके मासिक चक्र की प्रक्रिया पूरी नहीं हो जाती है, तब तक उन्हें अपने ही घर में प्रवेश की इजाजत नहीं होती है. यानि वह इन दिनों में अपवित्र कहलाती हैं, जिनके घर में प्रवेश मात्र से घर दूषित हो जाने का भय रहता है. इस दौरान चाहे जैसी भी परेशानियों का सामना करना हो, उन्हें घर में प्रवेश नहीं करने दिया जाता है. इस अमानवीय और क्रूर परंपरा पर गांव की एक किशोरी कुमारी पिंकी का कहना है कि हमारे गांव में आज भी महावारी को लेकर भेदभाव किया जाता है. महिलाओं को परिवार से अलग रखा जाता है, किशोरियों को भी इस दर्द और कष्टों से जूझना पड़ता है. यह समय हमारे लिए बहुत ही कष्टकारी होता है. वहीं कुमारी गीता का कहना है कि यह बात सत्य है कि हमारे गांव में मासिक धर्म को लेकर आज भी बहुत ही भेदभाव किया जाता है. यह रूढ़िवादी सोच है जो सदियों से चली आ रही है. इसे बदलने में काफी वक्त लगेगा, लेकिन समय के साथ-साथ चीजें बदल रही हैं. जो लोग पढ़े लिखे हैं वह अपनी सोच को बदल रहे हैं और इस अमानवीय परंपरा का त्याग कर माहवारी के समय महिलाओं और किशोरियों को घर से बाहर नहीं भेजते हैं. लेकिन जो अशिक्षित हैं, वह आज भी वहीं पर हैं. इस तथ्यहीन परंपरा को खत्म करने में सरकार के साथ साथ कुछ गैर सरकारी संस्थाओं ने भी बड़ी भूमिका निभाई है. दिल्ली स्थित चरखा डेवलपमेंट कम्युनिकेशन नेटवर्क पिछले कुछ वर्षों से ह्यप्रोजेक्ट दिशाह्न के माध्यम से लगातार किशोरियों को जागरूक कर रही है. संस्था कार्यशाला के माध्यम से किशोरियों को माहवारी से जुड़े फैक्ट और अन्य जागरूकता कार्यक्रम चला रही है, जिसका लाभ धीरे धीरे नजर आने लगा है. कई किशोरियों ने परिवार के

संक्षिप्त खबरें

अगलगी में दर्जन घर जले ,तीन की मौत ,दो घायल

मुजफ्फरपुर। जिले के कथैया थानान्तर्गत जसौली बाबू टोला में आज अगलगी की भीषण घटना घटी।इस अग्निकांड में दो महिला समेत तीन लोगों की जल कर दर्दनाक मौत हो गई। वहीं दो अन्य गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं।करीब एक दर्जन घर जल कर राख हो गया। लाखों की सम्पत्ति के जल कर नष्ट होने की खबर है।आग खाना बनाने के दौरान लगी बताई गई है। घटना के बाद गांव में कुहराम मंच गया। अगलगी की घटना में मृतकों की पहचान हाफिज मिया,मुमनेश बेगम और अलीना बेगम रूप में हुई है। तीनों मृतक रिश्वते में सास ,ससुर और बहू बताए जा रहे हैं। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में आग पर काबू पाने की कोशिश की लेकिन देखते ही देखते आग इतनी तेजी से फैली कि किसी को संभलने का मौका नहीं मिला।स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना अग्निशमन विभाग को दी। मौके पर पहुंची अग्निशमन विभाग की टीम आग पर काबू पाने की कोशिश कर रही है।

शराबी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

मधुबनी खजौली थाना अंतर्गत स्थानीय बाजार में शुक्रवार को मनियरवा गांव निवासी महेंद्र यादव ने शराब की नशे में मुख्य सड़क पर राहगीर एव दुकानदार के साथ गाली गलौज एव अभ्रद व्यवहार करने के आरोप में एएसआई इन्द्रदेब सिंह ने गिरफ्तार कर न्यायायिक हिरासत में भेज दिया गया. प्रभारी थानाध्यक्ष राम कुमार ने बताया कि सुवह करीब 8.45 वजे में बाजार में शराब पियक्कड़ द्वारा गाली गलौज एव हो हंगामा करने की सूचना मिलने पर तत्वरित करवाई करते हुए एएसआई इन्द्रदेब सिंह भेजकर शराब पियक्कड़ को गिरफ्तार कर स्थानीय पीएचसी जांच पड़ताल कर न्यायायिक हिरासत में भेज दिया गया।

सात लोगों पर मारपीट करने का लाग का आरोप

मंसूरचक, बेगूसराय। थाना क्षेत्र के राजापुर राघो निवासी मो ओबैदूल्लाह ने थाने में आवेदन देकर अपने पडोसी मो कैसफ सहित सात लोगों पर मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने आवेदन में बताया है कि आरोपी के यहां बागीचा का पैसा बकाया था। जिसे मांगने पर उसके साथ मारपीट की गई।बताया कि मारपीट के दौरान आरोपी के पास से एक देसी कट्टा भी हम लोगों ने छीन ली। जिसे थाने को सुपूर्द कर दिया गया है। थानाध्यक्ष रंजन कुमार ठाकुर ने बताया कि केस दर्ज कर अग्रेतर कारवाई की जा रही है।

पुलिस कप्तान ने जनता दरबार में 35 लोगों की सुनी फरियाद

बेगूसराय। शुक्रवार को पुलिस कार्यालय कक्ष में पुलिस कप्तान द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए लोगों की फरियादें सुनी गयीं। एसपी ने 35 लोगों की फरियादें सुनी, जिसमें एक-एक कर प्रत्येक फरियादियों से समस्याएँ सुनी गयी। इस दौरान संबंधित अधिकारियों को मामले का त्वरित निस्तारण के लिए आवश्यक निर्देश भी दिए गये हैं। बताया जाता है कि जनता दरबार में भूमि विवाद, मारपीट, दहेज उत्पीड़न, हत्या, बलात्कार आदि के मामलों में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से लोग पहुंचे थे।

नेहा आर्या ने हासिल किया 88.8 फीसदी अंक

मुजफ्फरपुर। मनियारी:प्राथमिक विद्यालय मथुरापुर के शिक्षिका अनीता कुमारी के पुत्री नेहा आर्या ने केंद्रीय माध्यमिक परीक्षा में 440 अंक 88.8 प्रतिशत अंक लाकर अपने विद्यालय किड्स कैंप नरौली के साथ ही नौनिहाल हरपुर बलड़ा टोले कमलपुरा का नाम रौशन किया है। माता अनिता कुमारी नौनिहाल हरपुर बलड़ा पंचायत के मथुरापुर विद्यालय में शिक्षिका के पद पर कार्यरत है वही पिता सुनील कुमार साहनी रुद्र संस्कृत उच्च विद्यालय सुपौल में पदस्थापित है। .नेहा आर्या आगे की पढ़ाई जारी रखते हुए मेडिकल क्षेत्र में डॉक्टर बनकर समाजसेवा करना चाहती है।.उनके शानदार सफलता पर माता पिता के साथ ही विद्यालय के निदेशक चंदन सर, मामा राकेश रंजन शिक्षक ने समेत अन्य उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी है।

भारी मात्रा में शराब के साथ पांच शराब तस्कर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जयनगर थाना पुलिस के द्वारा शराब मामले में करवाई करते हुए भारी मात्रा में शराब की खेप और शराब तस्करी में प्रयुक्त 07 मोटरसाइकिल समेत मामले में पाँच शराब तस्करों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के द्वारा शराब मामले में की गई करवाई को लेकर थाना अध्यक्ष अमित कुमार के द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक गुप्त सूचना मिली कि नेपाल के रास्ते कुछ कुछ शराब तस्कर मोटरसाइकिल से थाना क्षेत्र के यूनियन टोल रजिस्ट्री ऑफिस के रास्ते शराब लेकर जाने वाला है। प्राप्त उक्त सूचना के सत्यापन एवं करवाई हेतू पु. अ. नि. रौशन कुमार और पुलिस बल को छापेमारी दल का गठन कर शराब तस्करों की गिरफ्तारी को निर्देशित किया गया। गठित छापेमारी दल द्वारा थाना क्षेत्र के यूनियन टोल रजिस्ट्री ऑफिस के पास पहुँच कर पुलिस पदाधिकारी रौशन कुमार और पैंथर पुलिस बल द्वारा विधिवत करवाई करते हुए आशीष कुमार यादव एवं साजन कुमार दास को दो मोटरसाईकिल पर लदे 79.2 लीटर नेपाली विदेशी शराब की खेप के साथ दोनों शराब तस्कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। शराब और जप्त मोटरसाइकिल समेत मामले में गिरफ्तार दोनों आरोपियों को आगे की करवाई हेतू थाना लाया गया।

आरोपियों से पूछ ताछ के बाद आरोपियों के निशानदेही पर थाना क्षेत्र के बलडीहा के पास पुलिस बल पहुँचकर पुनः विधिवत कारवाई करते हुए तीन अन्य शराब तस्कर पप्पू कुमार यादव और विरेन्द्र पासवान एवं पंकज कुमार सिंह को 05 मोटरसाइकिल पर लदे 405 लिटर नेपाली देशी शराब की खेप के साथ गिरफ्तार किया गया। अन्य दो शराब तस्कर मोटरसाइकिल पर लदे शराब की खेप को छोड़कर फरार हो गया। जिसका खोजबीन जारी है। पुलिस के द्वारा शराब के अलग अलग मामले में कई करवाई में जप्त शराब में कुल 14 बोरियों में कुल 484.2 लीटर नेपाली देशी विदेशी शराब शामिल है और शराब तस्करी में प्रयुक्त 07 मोटरसाइकिल और 40 हजार सात सौ रुपैया है। मामले में गिरफ्तार आरोपियों में थाना क्षेत्र के बलडीहा वार्ड दो निवासी आशीष कुमार यादव, नेपाल धनुषा जिला के खजूरी थाना क्षेत्र निवासी साजन कुमार दास, लदनिया थाना क्षेत्र के योगिया वार्ड एक निवासी पप्पू कुमार यादव एवं वार्ड दो निवासी वीरेंद्र पासवान, थाना क्षेत्र के पड़वा वार्ड नौ निवासी पंकज कुमार सिंह बताया जाता है। मामला दर्ज कर आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

मध्य निषेध सिपाही पद पर नियुक्ति की परीक्षा 14 मई को

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। मद्य निषेध सिपाही के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु लिखित परीक्षा दिनांक 14 मई, रविवार) को पूर्वी अनुमंडल के 25 परीक्षा केन्द्रों पर एक पाली में आयोजित की जायेगी। इस अवसर पर परीक्षा केन्द्रों के इर्द-गिर्द भीड़ एकत्रित होने तथा यातायात प्रभावित होने की पूर्ण संभावना है जिससे की परीक्षा को दूषित करने एवं विधि-व्यवस्था को भंग किया जा सकता है। अवांछित तत्वों पर नजर रखने एवं सामान्य शांति बनाए रखने हेतु सभी केन्द्रों पर दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दिया गया है कोई भी व्यक्ति परीक्षा केन्द्र के आस-पास माईक्रोफोन, ध्वनि विस्तारक यंत्र या ध्वनि परिवर्धित करनेवाले यंत्रों का प्रयोग नही करेंगे। परीक्षा केन्द्रों के 200 (दो सौ गज के भीतर पाँच या पाँच से अधिक व्यक्ति एक जगह एकत्रित नहीं होगे। परीक्षा केन्द्रों के आस-पास किसी भी प्रकारका घातक हथियार या आगनेयास्त्र भाला तथा किसी भी साईज का लाठी आदि लेकर नहीं चलेगें। कोई भी व्यक्ति उपर्युक्त परीक्षा केन्द्रों के 200 (दो सौ गज के भीतर कार्यरत पुलिस कर्मियों, दंडाधिकारियों एवं परीक्षा कार्य में संलग्न व्यक्तियों को छोड़कर बिना किसी पूर्ण औचित्य या अनुमति के ताक-झांक नहीं करेंगें।

जदयू के पूर्व जिलाध्यक्ष भुवन पटेल बने प्रदेश महासचिव, बने दरभंगा विधान सभा प्रभारी

प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल। जनता दल (यू.) के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा द्वारा पूर्वी चंपारण के पूर्व जिलाध्यक्ष कपिल देव प्रसाद उर्फ भुवन पटेल को अब प्रदेश महासचिव बनाते हुए दरभंगा जिले के जाले विधानसभा का प्रभारी पद पर मनोनित किया है। इसके लिए भुवन पटेल ने कहा कि मैं पार्टी के सर्वमान्य नेता बिहार के विकास पुरुष लोकप्रिय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए यह विश्वास दिलाता हूं कि जिस भरोसा,आशा एवं उम्मीद के साथ मुझे जो पद पर बनाया गया है, मैं उस उम्मीद पर तन मन धन से खड़ा उतरने का अथक प्रयास करूंगा। इसके बाद उन्हें शुभकामनाएं और बधाई देने वालों में पूर्व मंत्री श्यामबिहारी प्रसाद, पूर्व विधायक वीरेंद्र कुशवाहा, भेलाही पंचायत की मुखिया सुमन पटेल, एमएलसी प्रतिनिधि मो. एहतेश्याम, जिला उपाध्यक्ष सुरेश कुमार, जिला सचिव सह वार्ड पार्षद मुकेश कुमार, जिला सचिव सह पार्षद दीपक कुमार, रक्सौल प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र पटेल, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष डॉ. सौरव राव, ।रक्सौल नगर अध्यक्ष शिवशंकर प्रसाद, तकनीकी प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष विकाश पटेल, शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष रवींद्र पटेल, जिला महासचिव उषा श्रीवास्तव, जिला सचिव इंद्रजीत पटेल, चंदन पटेल, सुनील कुमार, मंटू गुप्ता, सुशांत गुप्ता, सूरज गुप्ता अन्य जदयू कार्यकता शामिल हैं।

अनोखी पहल कमिश्नर ने स्कूल को लिया गोद , खुद पढ़ाएंगे सप्ताह में एक दिन

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। तिरहुत प्रमंडल के आयुक्त गोपाल मीणा ने गुरुवार को शहर के सराय सैयद अली बालिका उच्च विद्यालय का निरीक्षण करने पहुंचे। वहां उन्होंने पाया कि विद्यालय में शिक्षकों की कमी के कारण वहां नामांकित छात्राओं की पढ़ाई बाधित हो रही है।

आयुक्त ने तत्काल इस विद्यालय को गोद लेने की घोषणा कर दी।उन्होंने कहा कि वे सप्ताह में एक दिन खुद यहां क्लास लेंगे।इतना ही नहीं ,आयुक्त ने अपने कार्यालय के साथ कर्मियों की प्रतिनियुक्ति भी इस विद्यालय में पढ़ाने के लिए करने का आदेश भी जारी कर दिया। आयुक्त को बताया गया कि विद्यालय में विषयवार शिक्षकों की घोर कमी है। इस कारण यहां पढ़ाई पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। इसपर आयुक्त ने इग्नाइट यंग माइंड्स इनिशिएटिव के तहत स्कूल की शिक्षा में गुणवत्ता हासिल करने के लिए विद्यालय को गोद ले लिया। उन्होंने विषयवार शिक्षकों की कमी देखते हुए अपने कार्यालय के कमलदेव यादव को गणित ,सुबोध कुमार को रसायन विज्ञान , अभिनय को भौतिकी विज्ञान,अजित कुमार को जीव विज्ञान ,अरुण कुमार को बायो केमेस्ट्री , रोहित कुमार को अर्थशास्त्र तथा प्रिया सत्संगी को संस्कृत एवं अन्य विषय पढाने की जिम्मेवारी दी है।

कमलदेव आयुक्त कार्यालय के इन कर्मियों की समय सारणी का समन्वय करेंगे।आयुक्त स्वयं सप्ताह में एक दिन यहां बच्चों को पढ़ाएंगे। आयुक्त ने छात्राओं को कक्षा में बुलाकर उनसे पढ़ाई के बारे में फीडबैक लिया और खूब मन लगाकर पढ़ने की सलाह दी।

अगलगी में 75हजार नगद समेत सामान जल कर हुआ नष्ट

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। गायघाट थाना क्षेत्र के तीन अलग अलग जगहों पर शुक्रवार को भीषण आगलगी की घटना हुई। रामनगर पंचायत के हंसना गांव स्थित वार्ड संख्या 12 में प्रसाद बनाने के दौरान एलपीजी गैस चूल्हे से शिवजी मंडल के घर में आग लग गई। इस घटना में घर में रखे अनाज कपड़ा बर्तन समेत सभी सामान जलकर राख हो गया। भाजपा के प्रखंड महा सचिव अभय कुमार सिंह ने बताया कि 22 मई को शिवजी मंडल की पुत्री की शादी होने वाली थी। आग लगने के कारण घर में रखे शादी के सामान समेत नकद 75 हजार रुपए जल गया। उन्होनें बताया कि शनिवार को हनुमान आराधना का आयोजन किया गया था। जिसके लिए घर की महिलाएं प्रसाद तैयार कर रही थी। इसी बीच गैस का पाईप लीकेज होने लगा। जबतक लोग जुटते, इतने में पूरे घर को आग ने अपने आगोश मे ले लिया। वहीं मौके पर पहुंची अग्निशमन विभाग की टीम ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया। उसके बाद रामनगर पंचायत के वार्ड संख्या चार में ट्रांसफार्मर में हुई शॉट सर्किट के कारण झाड़ियों में आग लग गई। जिससे करीब डेढ़ एकड़ में लगे काष्ठ के पौधे जलकर खाक हो गये। बरुआरी गांव में भी आग लग जाने के कारण खेत में लगे पेड़ -पौधे जल गए। अंचलाधिकारी राधवेंद्र कुमार राघवन ने बताया कि अगलगी की घटना की जानकारी मिलने के बाद संबंधित राजस्व कर्मचारी को क्षति की आंकलन करने का निर्देश दिया गया है। इसके बाद आगे की कार्रवाई कघ जाएगी।

मुखिया द्वारा पंचायत समिति की बैठक का विरोध प्रदर्शन

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी खजौली प्रखंड़ क्षेत्र के इनरवा पंचायत भवन परिसर में चंद्रडीह पंचायत के मुखिया सह प्रखंड़ मुखिया संध अध्यक्ष जय प्रकाश मंडल के अध्यक्षता में प्रखंड़ क्षेत्र के 14 पंचायतों की मुखिया द्वारा पंचायत समिति की बैठक का विरोध प्रदर्शन किया गया.इस विरोध प्रदर्शन के दौरान प्रखंड़ मुखिया संध अध्यक्ष जय प्रकाश मंडल ने कहा कि पूर्व में पंचायत समिति की बैठक में सीडीपीओ सहित अन्य कर्मियों द्वारा उपस्थित नही होने पर सदन द्वारा निंदा प्रस्ताव पारित करने के बाद भी प्रखंड़ कार्यपालक पदाधिकारी सह प्रखंड़ पंचायती राज पदाधिकारी द्वारा कोई करवाई नही की गयी. वही मुखिया संध अध्यक्ष श्री मंडल ने आरोप लगाया कि बीपीआरओ द्वारा एक दिन अपने चैंबर में बैठक का आयोजन करने पर एक भी मुखिया उपस्थित नही हुआ.उन्होंने बीपीआरओ पर आरोप लगाया कि वे वजह मुखिया पर स्पष्टीकरण पूछ कर मुखिया को परेशान कर रहे है. प्रखंड़ मुखिया संध जय प्रकाश मंडल ने कहा कि यदि प्रखंड़ कार्यपालक पदाधिकारी सह बीपीआओ द्वारा बिना क्षेत्र भ्रमण के बिना ही किसी भी मुखिया पर नोटिस जारी करके पंचायत के जनप्रतिनिधि को अपमान कर रहे है.उन्होंने कहा कि यदि बीपीआओ अपना रवैया सुधार नही लाते है तो उनके विरोध में प्रखंड़ कार्यालय पर धरना प्रदर्शन कर विरोध किया जाएगा.इस मौके पर कंहौली मुखिया अर्जुन सिंह, सूक्क ी मुखिया अशोक कुमार सिंह, श्रीमोहन झा, अमरेंद्र कुमार राय, छठु पासवान,आशा देवी, साधना देवी,अनिता देवी,मधुवाला देवी,सोनी देवी,विनीता देवी,बबलू महतो,रीना देवी सहित सभी मुखियागण मौजूद थे।

बाइक सवार अपराधियों ने दंपति से 65 हजार लूटे

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। बाईक सवार अपराधियों ने शहर के व्यस्ततम चौराहे पर आज दिनदहाड़े एक दंपति से 65 हजार रुपए लूट लिए।घटना मिठनपुरा थाने के साथी चौक की है। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। घटना को लेकर बताया जा रहा है कि दंपती पास के एक बैंक से रुपये की निकासी करने के बाद जैसे ही मिठनपुर थाना क्षेत्र के हाथी चौक के पास पहुंचे , बाइक सवार दो अपराधियों ने बैग में रखे रुपए और सामान की छिनतई कर फरार हो गए। पीड़ित मो.हफीजुल्ला ने बताया कि उसने आंख का आपरेशन कराने के लिए बैंक से रुपया निकाला था और वापस अपने घर जा रहा था।

चीनी सेव से भरी एक पिकप के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

मधुबनी जिला के 18 वी वाहिनी एस एस बी को लगातार मील रही है सफलता

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जिला के भारत-नेपाल सीमा पर तैनात 18 वीं बटालियन मुख्यालय राजनगर के कमांडेन्ट अरविंद वर्मा के निदेर्शानुसार ई समवाय लौकहा के जवानों ने भारत एवं नेपाल के स्तम्भ संख्या-246 के सीमा पर तैनात 18 वीं वाहिनी एस एस बी के जवानों ने चेक पोस्ट पर चीनी सेव से भरी पिकप के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। यह बड़ी कार्रवाई उस समय हुआ जब लौकहा चेक पोस्ट पर तैनात एस एस बी के जवानों ने नेपाल एवं भारत से आने-जाने वालों राहगीरों को तलाशी ले रहे थे। एस एस बी जवानों के कथनानुसार सेव से भरी उजले रंग के पिकप लिए नेपाल से चोरी-छुपी स्तंभ संख्या-246 के रास्ते भारत के सीमा में प्रवेश कर रहे थे। तभी एस एस बी जवानों को असंका हुआ तभी उसे रुकने के लिए आवाज दिया। तभी युवक गाड़ी से उतर कर गाड़ी छोड़कर भागने लगा तभी जवानों ने उसे खदेड़ कर दबोच लिया। तभी उस पिकप कि तलाशी ली गई। तालाशी के दौरान उनके पिकप में चीनी सेब से भरी कार्टून दिखाई पड़ा। ड्यूटी पर तैनात जवानों ने तुरंत इसकी सूचना कम्पनी कमांडर सहायक कमांडेन्ट अतुल कुमार मौर्य को दिया। सूचना मिलते ही मौर्य ने अपने दल-बल के साथ स्थल पर पहुच कर और पिकप एवं एक धंधेवाज को हिरासत में लेकर लौकहा कैम्प में लायाऔर उसे जांच पड़ताल करते हुए एस एस बी ने फलों से भरी पिकप एवं धंधेबाज को हिरासत में लेकर लौकहा कस्टम को सौंप दिया।-

चापाकलों की अविलम्ब मरम्मती के लिए जिलाधिकारी ने दिए निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा ने बढ़ती गर्मी को दरखते हुए उससे निपटने की तैयारी भूजलस्तर चापाकलों की वर्तमान स्थिति जिले में बाढ़ पूर्व तैयारियो आदि को लेकर जिले जिला स्तरीय सभी संबधित अधिकारियों के साथ बैठक कर विस्तृत समीक्षा किया। जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में बढ़ती गर्मी की स्थिति एवं उससे निपटने हेतु की जाने वाली तैयारियों को लेकर कार्यपालक अभियंता पीएचईडी नगर आयुक्त मधुबनी को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने भूजलस्तर पर लगातार निगाह रखने खराब चापाकलों की अविलम्ब मरम्मती के निर्देश दिए। उन्होंने सभी चिन्हित 19 स्थानो पर लगातार टैंकर से जलापूर्ति करते रहने का निर्देश दिया। समीक्षा क्रम यह पाया गया कि वर्तमान में मधुबनी शहरी क्षेत्रों में 20 स्थान सहित जिले में कुल 323 स्थानो पर प्याऊ की व्यवस्था की गई है। जिलाधिकारी ने कहा कि अगलगी की घटनाओं के आलोक में इससे बचाव को लेकर लगातार जागरूकता अभियान चलाते रहे। समीक्षा के क्रम में यह पाया गया कि अभी तक अगलगी की घटनाओं में तीन लोगों की मृत्यु हुई है,जिसमे एक मृतक के आश्रित को 4 लाख रुपये राहत राशि प्रदान कर दी गई है। जिलाधिकारी ने शेष दो मृतकों के निकटतम आश्रित को दो दिनों के अंदर भुगतान करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा की हरहाल में आपदा पीड़ितों को ससमय राहत राशि प्रदान करना सुनिश्चित करे। बाढ़ पूर्व तैयारी की समीक्षा के क्रम में डीएम ने कहा कि ससमय पूरी तैयारी के द्वारा ही हम बाढ़ के प्रभाव को कम से कम कर सकते है। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अंचल अधिकारी ये सुनिश्चित करें कि निजी नाव चालकों को विगत वर्षों की बकाया राशि का भुगतान ससमय कर दे।उन्होंने कहा कि आवश्यकता का आकलन करते हुए और भी निजी नावों के लिए एकरारनामा की तैयारी कर ले। मरम्मती योग्य सरकारी नावों का अविलम्ब मरम्मती करवा लें। उन्होंने स्थाई बाढ़ आश्रय स्थल के साथ साथ बाढ़ राहतस्थल, शिविर,सामुदायिक रसोई,का शीघ्र भौतिक सत्यापन कर लेने का निर्देश दिया। उन्होने कहा की बाढ़ आश्रय स्थल में पेय जल शौचालय आदि मूलभूत व्यवस्थाएं का भौतिक सत्यापन कर ले। उन्होंने कहा कि बाढ़ संभावित क्षेत्रों में तैयारियों से जुड़े सभी स्तर के लोगों जनप्रतिनिधियों आदि के नाम और उनके मोबाइल नंबर सहित एक ठोस संचार प्लान बना बना ले,साथ हीं उसकी एक प्रति जिला आपदा प्रबंधन शाखा को भी भेज दे। पुल-पुलिया के नीचे भेंट की सफाई की समीक्षा के क्रम में यह पाया गया कि कुल 8846 भेंट में से 5438 भेंट की सफाई हो चुकी है।

शानदार रिजल्ट पाकर खुशी से झूम उठे सेंट जोसेफ पब्लिक स्कूल के बच्चे

प्रात : किरण संवाददाता

बेगूसराय। सीबीएसई सेंट जोसेफ पब्लिक स्कूल के बच्चों ने दसवीं और बारहवीं में शानदार अंक प्राप्त कर विद्यालय समेत जिले का नाम रौशन किया। सेंट जोसेफ के बच्चे समेत जिले के सभी सफल विद्यार्थी की आगामी भविष्य की शुभकामनाएं दी गई। विद्यालय की प्राचार्या अनिता तलवार ने जानकारी देते हुए कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सेंट जोसेफ पब्लिक स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत बेहतर रहा है। विद्यालय के बारहवीं की वाणिज्य विभाग की छात्रा सानिया शकील ने 95 प्रतिशत, अभिजीत ने 92.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं विज्ञान संकाय में अंशु प्रिया ने 93.6 प्रतिशत, मोहम्मद अब्दुस समद को 92.8 प्रतिशत और अवि कश्यप ने 92.2 प्रतिशत समेत विद्यालय के 65 प्रतिशत छात्र-छात्राओं ने 85 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त किया। दूसरी और दसवीं में कृष्णा कुमारी ने 96.2 प्रतिशत, नेहा कुमारी ने 94.6 प्रतिशत, प्रियांशु और कुमारी आयुषी ने 94.2-94.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। वही 70 प्रतिशत से अधिक छात्र-छात्राओं ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

लोजपा (रामविलास) की बैठक आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

बेगूसराय। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) द्वारा पोखरिया स्थित जिला प्रधान कार्यालय में प्रदेश उपाध्यक्ष व जिला प्रभारी अभय सिंह एवं प्रदेश महासचिव सह प्रभारी राजकुमार पासवान ने सभी प्रकोष्ठों के जिला अध्यक्ष के साथ पार्टी संगठन पर बैठक की। इस बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रेम कुमार पासवान ने की। बैठक में सभी प्रकोष्ठों के जिला अध्यक्ष को दिशा निर्देश दिया गया कि अपनी-अपनी प्रखंड कमेटी एवं पंचायत अध्यक्षों की सूची 20 मई तक जिला प्रधान कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें। इस बैठक में जिला संगठन मंत्री कमल कुमार जिला सदस्यता प्रभारी, अरविंद कुमार दास, युवा जिला अध्यक्ष अजय कुमार, महिला सेल के जिला अध्यक्ष कुमारी माला देवी, चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष जालंधर राय, अल्पसंख्यक के जिला अध्यक्ष मोहम्मद नसीरुद्दीन, विधि प्रकोष्ठ के संजीव कुमार, लेबर सेल के जिलाध्यक्ष बहोर पासवान, किसान सेल के जिला अध्यक्ष दीपक कुमार, आईटी सेल के जिला अध्यक्ष अजीत कुमार, सिन्हा, राजेश कुमार मालाकार, उमेश पासवान, दीपक पासवान आदि उपस्थित थे।

मधुबनी नगर निगम क्षेत्र में सभी प्रमुख स्थानों पर प्याऊ का किए गए इंतजाम

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी बढ़ती गर्मी के एवं नगरनिगम मधुबनी के कुछ वार्डो में भूगर्भीय जल स्तर को देखते हुए जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा द्वारा नगर निगम को सभी चिन्हित स्थानों पर टैंकर द्वारा जल आपूर्ति किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। उक्त संदर्भ में नगर आयुक्त अनिल चौधरी ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में सभी प्रमख स्थानों पर प्याऊ के इंतजाम किए गए हैं। साथ ही नगर निगम क्षेत्र के सभी प्रमुख चौक चौराहों और भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पीने का पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से छोटे छोटे स्थाई टैंकरों में पेय जल की आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने बताया कि कई वार्डों में जहां पेय जल आपूर्ति की कठिनाई महसूस हो रही है वैसे जगहों पर नगर निगम की ओर से कुल आठ टैंकरों से सुबह शाम नियमित रूप से जल आपूर्ति की जा रही है। नगर आयुक्त ने जानकारी दी है कि नगर निगम के किसी भी वार्ड में जल आपूर्ति की समस्या होने पर मोबाइल नंबर 97710 81811 पर संपर्क कर सूचना दी जा सकती है। उक्त जगह पर जल्द से जल्द जल आपूर्ति की व्यवस्था की जाएगी।

दोबारा मनोनीत किए गए डॉ. ए. हक अंसारी प्रदेश महासचिव

प्रात : किरण संवाददाता

बेगूसराय। बिहार प्रदेश जनता दल यू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने डॉ. ए.हक अंसारी उर्फ लूलू अंसारी को बिहार प्रदेश जदयू के महासचिव मनोनीत किया। विदित हो कि लुलु अंसारी अल्पसंख्यक समुदाय के अतिपिछड़ा समाज से आते हैं। गरीब-गुरबा बीड़ी मजदूर, रिक्शा, ठेला चालक मजदूर संगठन के हित उनके हक हकूक की लड़ाई के साथ साथ जनता दल यू पार्टी संगठन के मजबूत स्तम्भ के रूप में काम कर रहे हैं। इनके अच्छे कार्यो के फलस्वरूप जदयू जिलाध्यक्ष रूदल राय एवं विधायक परबत्ता डॉ संजीव सिंह ने प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा को बताये और पार्टी संगठन में इनकी चर्चा की। पार्टी अध्यक्ष ने डॉ. ए. हक अंसारी को दोबारा प्रदेश महासचिव मनोनीत किया। डॉ. ए. हक अंसारी को प्रदेश महासचिव मनोनीत पर जदयू जिलाध्यक्ष रूदल राय, जिला परिषद उपाध्यक्ष नंदलाल राय, जदयू नेता अरुण महतो, मनोहर राय, पवन राय, सदर प्रखंड मीडिया अध्यक्ष प्रिंस कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह, प्रखंड अध्यक्ष अबधेश नागर सहित पार्टी के कार्यकर्ता साथी ने पुष्प गुच्छ देकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

संक्षिप्त खबरें

राजद के लोग सनातन धर्म को नहीं मानते : विधायक

भागलपुर। बिहार में बागेश्वर धाम वाले बाबा धीरेन्द्र शास्त्री के आगमन के पहले राजनीतिक गलियारों में बवाल मचा हुआ है, जिसे लेकर अब भाजपा विधायक इंजीनियर शैलेंद्र ने बड़ा बयान दिया है। विद्यायक शैलेंद्र ने कहा कि राजद के लोग सनातन धर्म को नहीं मानते है, आज कोई मुसलमान का बड़ा चेहरा आ जाये तो उसके लिए कार्पेट बिछा देते हैं, ये सब केवल तुष्टिकरण की नीति करते हैं। राजद व जदयू के नीतीश कुमार दोनों गलबहियां कर जो इसका विरोध कर रहे हैं, वैसे हिन्दू आस्था पर कुठाराघात करने वाले का किसी भी हाल में अब बिहार में राज नहीं होगा। गरीब तबके के लोग, अतिपिछड़ा लोग सबसे ज्यादा मन्दिर जाते हैं, धर्म पर विश्वास रखते हैं, इसका मतलब है ये लोग अतिपिछड़ा के विरोधी हैं।

विद्यालय विकास व शैक्षणिक व्यवस्था पर हुई चर्चा

हवेली खड़गपुर। नगर परिषद खास बाजार पुरानी चौक वार्ड संख्या-12 स्थित बनारसी देवी टिबडेवाल न सरस्वती शिशुमंदिर में प्रबंध कार्यकारिणी समिति की बैठक संपन्न हुई अध्यक्षता संरक्षक विनोद कुमार केजरीवाल ने की। विद्यालय विकास से जुड़े बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई साथ ही कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर भी विचार विमर्श किया गया। विद्यालय में बच्चों के नामांकन और गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक व्यवस्था को इस प्रकार सुधार किया जाए इस पर विशेष चर्चा हुई। इस मौके पर विद्यालय समिति के सचिव एवं जिला निरीक्षक सतीश कुमार सिंह विद्यालय प्रधान रौशन कुमार सिंह कोषा अध्यक्ष डॉक्टर अशोक कुमार केसरी हरिप्रसाद यादव दुर्गेश कुमार उपस्थित थे।

आग लगने से चार घर जलकर हुआ राख

पूर्णिया/ केनगर। गुरुवार की देर रात केनगर थाना क्षेत्र के विठनौली पूरब पंचायत के वार्ड संख्या- 1 स्थित सिसवा रहिका टोला मे अचानक लगी आग से दो ब्यक्ति का 4 घर जलकर राख हो गया। आग लगने की घटना में अग्निपीड़ितों के लाखों का नुकसान पहुंचने की बात कही जा रही है। अचानक लगी आग पर केनगर थाना द्धारा भेजी गई अग्नि शमन एवं स्थानीय लोगों के सहयोग से आग पर काबू पा लिया गया। बिठनौली पूरब पंचायत के समिति सदस्य रविंद्र यादव ने बताया की अग्नि पिडित स्व योगेश्वर शर्मा का पुत्र अर्जुन यादव का तीन घर, बिजली से संचालित एक मोटर, सात बकरी, तीन खस्सी और 3 बोरा मक्का वहीं दूसरा ब्यक्ति स्व योगेश्वर शर्मा का पुत्र जगन शर्मा का एक घर, एक गाय, दो साइकिल एवं फल से लदे एक आम का पेड़ सहित जलकर राख हो गया है। बताया की दोनों अग्नि पिडित के लाखों की क्षति पहुंची है। घटना गुरूवार की रात करीब साढ़े 12 बजे का बताया गया। उक्त घटना की क्षति पूर्ति को लेकर राजस्व कर्मचारी पंकज भारती घटना स्थल पर पहुंच कर जायजा लिया और अग्निपीड़ितों को सरकारी प्रावधान के अनुसार आर्थिक सहायता वरीय अधिकारियों द्धारा देने का आश्वासन दिया गया है।

पूर्व विधायक एवं पूर्व जिप अध्यक्ष ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

रुपौली (पूर्णिया)। टीकापट्टी थाना क्षेत्र में बढ़ती अपराध को लेकर पूर्व विधायक सह कटिहार जिला प्रभारी शंकर सिंह एवं पूर्व जिप अध्यक्ष सह जिला परिषद सदस्य प्रतिमा सिंह उर्फ सुनीता सिंह ने पूर्णिया पुलिस अधीक्षक अमिर जावेद को एक ज्ञापन सौंपा। वहीं पूर्व विधायक शंकर सिंह ने कहा कि हाल के महीने में टीकापट्टी थाना क्षेत्र में अपराध का माहौल व्याप्त हो गया है। उन्होंने कहा कि राहगीरों के साथ साथ किसानों से भी अपराधियों ने रंगदारी मांगने लगा है और नहीं देने पर जान से मारने की धमकी भी देता है। बता दें कि गोड़ियर पट्टी श्रीमाता पंचायत स्थित बैरिया गांव के बैरमा बहियार में एक किसान राजेश यादव ने अपने ही खेत में रविवार को छलनी कर रहे थे, कि उसी वक्त अपराधियों ने आकर किसान राजेश यादव से रंगदारी मांगने लगा। वहीं किसान राजेश यादव ने रंगदारी देने से इंकार किया तो उसे अपराधियों ने उन पर गोली चलाकर हत्या कर दिया। वहीं निवार्चित क्षेत्र संख्या 05 जिला परिषद सदस्य प्रतिमा सिंह उर्फ सुनीता सिंह ने बताया कि जिसके कारण मौजूदा वक्त में इलाके में भयभीत हो गया है। उन्होंने बताया कि लोग अपने खेत जाने में डर रही है, साथ ही गोड़ियर पट्टी श्रीमाता पंचायत के बैरिया गांव में पुलिस कैंप की भी पूर्णिया पुलिस अधीक्षक अमिर जावेद से मांग किया है।

कटावरोधी कार्य की जांच, विभाग के फ्लाइंग स्क्वायड टीम करेगी : डीएम

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। नवगछिया अनुमंडल में विभिन्न स्थानों पर गंगा कटाव निरोधी कार्य लगभग 25 करोड़ की लागत से किया जा रहा है, वही चल रहे कटावरोधी कार्य की जांच जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन व उसकी टीम ने जल संसाधन विभाग के कार्यपालक अभियंता दिनेश कुमार नवगछिया एसपी सुशांत कुमार सरोज सहित अन्य अधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान इन्होंने इस्माईलपुर से बिंदटोली में किए गए कार्यों की जांच करने के साथ उसकी गुणवत्ता को लेकर विभाग के फ्लाइंग स्क्वायड की टीम से जांच कराने की बात कही। वही मामले को लेकर डीएम ने बताया कि गंगा कोसी नदी के तटबंध पर किये जा रहे कटावरोधी कार्य को लेकर विशेष तौर पर निरीक्षण किया है। इस क्रम में नवगछिया के इस्माईलपुर, बिंदटोली के अलावा अलग-अलग जगहों पर कटावरोधी कार्य किया जा रहा है, जिसमें कुछ कार्य पूरा हुआ है। इसके बाद उन्होंने बताया कि झल्लू दास टोला में इस समय कटाव निरोधी कार्य शुरू हुआ है, लेकिन यह कटाव निरोधी कार्य को आगामी 15 मई तक पूरा नहीं किया जा सकेगा। इसलिए इस कार्य को कुछ समय के लिए बढ़ाया जाएगें, साथ ही उन्होंने बताया कि यहां पर गुणवत्तापूर्ण कार्य हो इसके लिए झल्लू दास टोला के मुखिया गणेशी मंडल की मांग के आधार पर 3 सौ मीटर में और कार्य की बात कही। वहीं कार्य समय पर संपन्न हो जिससे कि बाढ़ व कटाव से पहले नदी के किनारे पत्थर का स्लोप बन जाए। इसलिए कार्य दिन-रात कराने का निर्देश दिया गया है। वही डीएम ने बताया कि उक्त चिन्हित स्थल पर कार्य शुरू हुआ है, जहां पर सबसे ज्यादा छति हुआ है और कार्य को पूर्णता में अभी समय लगेगा। वही इन्होंने जहांगीरपुर बैसी, ग्वारीडीह, चौरहर आदि जगहों का भी कार्यो का जायजा लिया है। जिसमें कार्यपालक अभियंता के द्वारा बताया गया था कि इन सभी जगहों पर कार्य पूरा कर लिया गया है। इस पर जिलाधिकारी ने कार्य को फ्लाइंग स्क्वायड की टीम से जांच कराने की बात कही है।

ज्ञात हो कि विगत दिनों भागलपुर के सांसद अजय कुमार मंडल ने इस्माईलपुर में हुए कटाव रोधी कार्य में गुणवत्तापूर्ण कार्य नहीं करने के कारण कार्य को पुनः कराने का निर्देश दिया था, साथ ही गुणवत्तापूर्ण कार्य नहीं होने पर जिला पदाधिकारी और जल संसाधन विभाग के पदाधिकारी से तत्काल जांच कराने की मांग की थी। जिसके बाद जिला पदाधिकारी खुद कटाव स्थल पर किए गए कार्यों का जांच करने पहुंचे थे। इस निरीक्षण के दौरान नवगछिया अनुमंडल पदाधिकारी उत्तम कुमार, नवगछिया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिलीप कुमार, गोपालपुर इस्माइलपुर के प्रखंड विकास पदाधिकारी व अंचलाधिकारी सहित आदि लोग उपस्थित थे।

दोस्त ने दोस्त को उतारा मौत के घाट

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। मायागंज अस्पताल के सर्जरी इमरजेंसी वार्ड में एक युवक की मौत होने के बाद उसके साथ हुई घटना की वारदात को सुनकर लोगों के रोंगटे खड़े दिए हैं। घटना को लेकर बताया जा रहा है कि कलयुगी दोस्त ने अपने जिगरी दोस्त को मौत की नींद सुला दिया है। एक विवाह कार्यक्रम में भोज खा कर लौट रहे युवक को शराब पार्टी के के बाद युवक के अपने खास दोस्त ने चाकू से तब तक बार करता रहा जब तक वह अधमरा नहीं हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक आदमपुर थाना क्षेत्र के कोयला घाट के रहनेवाले 5 ने एक दोस्त पर चाकू से तबतक वार करता रहा जबतक वो अद्मरा नही हो गया।

घटना को लेकर मिली जानकारी के अनुसार आरोपी पांचो दोस्त ततारपुर थाना क्षेत्र के गोलाघाट स्थित एक शादी समारोह में भोज खाने के लिए गए हुए थे। जहां से घर वापस लौटने के क्रम में घटना के पहले पांचो दोस्तों के बीच शराब पार्टी चली, इस क्रम में सभी दोस्त नशे में टल्ली हो गये थे, इसी बीच दो दोस्त के बीच में किसी बात को लेकर तू तू मैं मैं हो गई और बात यहां तक पहुंच गई, कि एक युवक दोस्त ने अपने ही खास दूसरे दोस्त को चाकू से हमला कर गम्भीर रूप से घायल व जख्मी कर दिया। इस दौरान दूसरे दोस्त ने तब तक चाकू से अपने दोस्त पर वार करता रहा जब तक कि वह अदमरा नहीं हो गया, इस घटना क्रम में पहले दोस्त के गर्दन पर वार किया, फिर सीने पर उसके बाद पेट पर जोरदार चाकू घोपना शुरू कर दिया, जिससे वह अदमरा व लहूलुहान हो घटना स्थल पर ही गिर पड़ा। यह सारी घटना प्रत्यक्षदर्शी 3 अन्य दोस्त मौके देख रहा था। उसी दौरान मौके पर मौजूद दोस्तों ने त्वरित इलाज के लिए आनन-फानन में घायल हुए युवक दोस्त को जख्मी व गम्भीर हालत में मौके से उठा कर मायागंज अस्पताल लेजाया गया। जहां घायल युवक की इलाज के दौरान चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना को लेकर दोस्तों द्वारा सारी बात पहले तो मृतक युवक के परिजन को नहीं बता रहा था, लेकिन जब उस पर दबाव डाला गया तो वह सारी हकीकत सामने खोल कर रख दी।

वही हकीकत जानकर मृतक के परिजन के होश उड़ गए थे, मृतक के परिजन ने कहा मैंने भोज खाने को जाने से मना भी किया था, लेकिन उसे जबरदस्ती भोज खाने के लिए बुलाया गया था, मुझे क्या पता मेरा बेटा इस हाल में मिलेगा। मृतक युवक की पहचान जगदीशपुर के बलुआचक इलाके के रहने वाला पेंटर बिट्टू मंडल उर्फ छोटु के 17 वर्षीय बेटा आशीष कुमार के रूप में बताया जा रहा है। वह अपने नाना-नानी के घर रह कर अभी नवमी कक्षा में जिला स्कूल में पढ़ाई कर रहा था। मृतक आशीष के शरीर में पहले अपराधी दोस्त ने गर्दन पर चाकू से वार किया है, फिर सीने में वार किया फिर पेट में जोरदार चाकू के वार किए जाने के घाव उभरे हैं। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। वहीं घटना को लेकर मृतक आशीष की फुआ सीमा देवी ने बताया की आशीष भोज खाने जा ही नहीं रहा था, उक्त अपराधी दोस्तों ने जबरन उसे घर से बुलाकर भोज खाने के लिए ले गया और चाकू से गोंदकर उसे मौत के घाट उतार डाला। वहीं मृतक आशीष की नानी रवीना देवी ने बताया कि मेरा नाती पढ़ने लिखने वाला लड़का था, उसे उसके दोस्त ने जबरदस्ती भोज खाने लेकर गया, लेकिन आशीष के दोस्त ने ही आशीष को चाकू मारकर अदमरा कर मौत की नींद सुला दिया है। ऐसे धोखेबाज दोस्त को पुलिस जल्द से जल्द गिरफ्तार करें। वहीं दूसरी ओर पुलिस प्रशासन घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच कर घटना की जांच में जुटी गई है। वही पुलिस परिजनों व सहयोगी दोस्तों के बताये गये घटना के आधार पर लिखित फर्द बयान के साथ मृतक आशीष के हत्यारे दोस्त को गिरफ्तारी के लिए छापेमारी में जुट गई है। वही पुलिस ने मृतक आशीष के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के साथ शव के अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को शव सौप दिया है।

पीड़ितों के बीच खाद्य सामग्री के साथ कपड़े का किया वितरण

प्रात : किरण संवाददाता

नाथनगर (भागलपुर)। रत्तिपूर बैरिया पंचायत के अजमेरीपुर गांव में विगत दिनों हुए भीषण अग्निकांड में गांव के लगभग दर्जनों घर अगलगी की भेंट चढ़ जल कर राख की ढेड़ में तब्दील हो गया। जिनके सर पर कल तक आशियाना हुआ करता था आज वहां सैकड़ो किसान परिवार बेघर हो सड़क पर आ पहुंचे हैं। विपदा की इस घड़ी में मारवाड़ी युवा मंच नाथनगर शाखा के द्वारा पीड़ितों के बीच राहत सामान मुहैया कराने की दिशा में कार्यकताओं की टीम करीब तीन सौ से ज्यादा फूड पैकेट का वितरण किया गया है। फूड पैकेट में चावल, आलू, सरसों तेल, बिस्कुट, दालमोट, नमक, मोमबत्ती और माचिस दिये गये थे, साथ ही साथ कार्यकताओं ने पीड़ित ग्रामीण परिवार के लिये कपड़े भी वितरण किया गया है। वही पीड़ितों व ग्रामीणों ने बताया की अब तक उन्हें कोई सहायता प्राप्त नहीं हुई है, और उनके पास रहने के साथ-साथ खाने-पिने का भी संकट उत्पन्न हो गया है। वही मारवाड़ी युवा मंच, नाथनगर शाखा की इस मदद से पीड़ितों के बीच एक राहत मिलने की उम्मीद जताई है। वही शाखा संरक्षक सह ए.आर. अग्रवाल इंटरनेशनल स्कूल के चेयरमैन संजय अग्रवाल द्वारा पीड़ित परिवारों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। इस क्रम में पूर्व शाखाध्यक्ष अश्विनी खटोड़ ने ग्रामीणों को संयम से राहत कार्य वितरण कराने हेतु धन्यवाद दिया। इस दौरान मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष रेशु चौधरी, सचिव अभिनन्दन जैन के नेतृत्व में शुभम दलानिया, पीयूष जैन, नीलमणि बाजोरिया, रवि बाजोरिया, शशि बाजोरिया, विनीत बाजोरिया, राजेश बाजोरिया आयुष बाजोरिया, पीयूष बाजोरिया, आदि कई युवाओं ने सहयोग किया है।

दूसरे स्थान पर नाला निर्माण कर ठेकेदार ने निकाला 14 लाख की राशि

प्रात : किरण ब्यूरो

मुंगेर। 400 मीटर नाला निर्माण के चयनित स्थान छोड़कर अन्य स्थान पर 90 मीटर नाला निर्माण कार्य करवा कर 14 लाख निकाल लिए ठेकेदार इस संबंध में अधिवक्ता अमरेश कुमार ने बिहार के मुख्यमंत्री नगर एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव आयुक्त मुंगेर, जिलाधिकारी मुंगेर अनुमंडल पदाधिकारी खड़गपुर मुख्य अभियंता बिहार शहरी विकास अभियंत्रण अधीक्षण अभियंता बिहार शहरी विकास, अभियंता जिला शहरी विकास अभियंत्रण मुंगेर नगर पंचायत परिषद हवेली खड़गपुर के कार्यपालक पदाधिकारी को एक आवेदन सौंपकर नगर पंचायत (परिषद) कार्यालय और एक ठेकेदार के भ्रष्टाचार रवैया को उजागर किया है। मुख्यमंत्री सहित कई पदाधिकारियों को दिए गए आवेदन में कहा है कि मुंगेर जिला अंतर्गत नगर पंचायत परिषद हवेली खड़गपुर से एक निविदा संख्या 11/ 2016-17 ग्रुप संख्या 08 वार्ड संख्या 10 में बिना काम कराए ही एक ठेकेदार को नगर पंचायत (परिषद) है द्वारा बिल भुगतान कर दिये जाने का प्रकाश में आया है। श्री कुमार ने कहा है कि शहर के पोशाक रेडीमेड दुकान से मनी नदी तक आरसीसी संयुक्त नाला निर्माण का टेंडर 14लाख50हजार 117 रुपए का प्राक्कलन अनुसार 400 मीटर कभरयुक्त नाला निर्माण ठेकेदार के द्वारा बनाया जाना था। इसके ठेका नरेश बिंद के नाम से खड़गपुर नगर पंचायत (परिषद) में एग्रीमेंट हुआ था।

उन्होंने बताया कि बहुत दिनों तक नाला निर्माण कार्य आरंभ नहीं हुआ तो आम जनता के बीच अति चर्चा में बात आई तब ठेकेदार नरेश बिंद दो स्थानीय व्यक्तियों के सहयोग से नगर पंचायत (परिषद) द्वारा चयनित नाला निर्माण स्थल को छोड़कर अन्य स्थान पर 400 मीटर के स्थान पर 90 मीटर नाला निर्माण किया। श्री कुमार ने बताया कि बहुत दिनों तक यह मामला दीवार में फंसा रहा परंतु यह जानकारी प्राप्त हुआ है कि नगर (परिषद) ठेकेदार को बिल का भुगतान बिना स्थलीय जांच कराएं फर्जी तरीके से भुगतान करा दिया गया है। जबकि निविदा संख्या 11/2016-2017 का अग्रिम एनएससी अब तक निकासी नहीं हुआ है जबकि काम के एवज में 1450000 170 की राशि का भुगतान हो चुका है इस प्रकार तथाकथित ठेकेदार के द्वारा सरकारी राशि का दुरुपयोग तथा गमन फर्जी भोजन पर किया गया है जो कि जांच का विषय बनता है श्री कुमार ने मुख्यमंत्री से मांग किया है कि इस घोटाला की उच्चस्तरीय जांच करा कर दोषी ठेकेदार और तथाकथित दो अन्य लोगों पर फर्जी तरीके से सरकारी धनराशि गबन की प्राथमिकी दर्ज कराने की मांग किया है।

पीड़ित परिवार के बीच राजद सदस्यों के पहल पर एसडीओ ने दिया चेक

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। विगत 9 मई को नाथनगर प्रखंड के रत्तीपुर बैरिया पंचायत के अजमेरीपुर गांव में हुई भीषण अगलगी की घटना की तबाही में इलाके के करीब 2 सौ घर पूरी तरह जलाकर राख की ढेड़ में तब्दील हो करोड़ों रुपए की संपत्ति खाद्ध सामग्री, वस्त्र, बर्तन, मवेशियों का चारा व्यापक स्तर पर क्षतिग्रस्त होने की स्थिति को देखते हुए राष्ट्रीय जनता दल जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर प्रसाद यादव व उनकी सहयोगी दलों की टीम ने स्थानीय नाथनगर विधायक अली अशरफ सिद्धिकी के साथ मौके पर पहुंच कर पीड़ितों के दशा दुर्दशा की जानकारी ली।

साथ ही इस दौरान संगठन के सदस्यों ने अग्नि पीड़ित के मुआवजे को लेकर प्रशासनिक स्तर पर बात करते हुए पीड़ितों को तत्कालीन राहत दिये जाने के दिशा में राजद जिलाध्यक्ष व नाथनगर विधायक के प्रयास से जिला प्रशासन के नेतृत्व में एसडीएम ने तत्काल आर्थिक सहायता के तहत 11-11 हजार रुपये का चेक 220 अग्नि पीड़ित परिवारों को मौके पर दिया है, साथ ही राजद जिलाध्यक्ष ने पीड़ित परिवारों को आश्वासन देते हुए कहा प्रशासनिक स्तर पर आपदा विभाग से बात कर जो भी सुविधा होगी, उसे जल्द से जल्द उपलब्ध कराया जाएगा। वही उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा निर्गत योजना के तहत सभी पीड़ित परिवार को इंदिरा आवास योजना के अन्तर्गत आवास देने की प्रस्ताव विभाग को भेजे जाने की बात कही। वही मौके पर एसडीएम नाथनगर अंचलाधिकारी, नाजिर ने पीड़ितों के रसोई घर की व्यवस्था की जांच को लेकर सभी लोगों ने जमीन पर बैठ कर भोजन भी किया वही उन्होंने व्यवस्था में कोई कमी न हो इसके लिए संबंधित कर्मियों को दिशा निर्देश भी दिये हैं। इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुमार राकेश, युवा जिलाध्यक्ष मो. बसारूल हक, जिला कोषाध्यक्ष सच्चिदानंद शर्मा, विधायक प्रतिनिधि अभय मंडल, सामाजिक कार्यकर्ता राजू महाराणा, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष छत्रधारी मंडल, मुखिया प्रमोद यादव सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

अवैध बने मकान पर चला जिला प्रशासन का बुलडोजर

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। पटल बाबू रोड खरमनचक इलाका स्थित हजरत घोड़ा शाह रहमतुल्लाह मजार के सटे हिस्से पर अवैध रूप से रूम बनाकर रह रहे, मुजाहिद मोहम्मद शरबर के बने दो रूम को जिला प्रशासन के आदेश पर जेसीबी चलाकर ध्वस्त कर दिया गया। वही मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल के सामने नगर निगम और मजिस्ट्रेट की देखरेख में मजार के पीछे बने मकान को तोड़कर अतिक्रमण मुक्त कराया गया। इस दौरान अतिक्रमित कर अवैध रूप से रह रहे मो. सरवर व उनके परिवार के लोगों ने जमकर घंटों बवाल काटा वही मो. मोजाबिर व उनके परिवार का कहना है कि वह लोग यहां पिछले कई सालों से रह रहे थे, लेकिन आसपास के भू माफियाओं के द्वारा प्रशासन पर दवाब देकर यह कार्रवाई कराई गई है। जबकि यह जमीन सुन्नी वक्फ बोर्ड की है। वहीं नगर निगम के अतिक्रमण प्रभारी का कहना है कि अंचल के द्वारा मिले आदेश के बाद जगह को अतिक्रमण मुक्त कराया गया है।

क्षेत्रीय उपनिदेशक ने किया अनुमंडलीय अस्पताल धमदाहा का औचक निरीक्षण

प्रात : किरण संवाददाता

धमदाहा/पूर्णिया। धमदाहा अनुमंडलीय अस्पताल का औचक निरीक्षण क्षेत्रीय उपनिदेशक विजय कुमार के द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने चिकित्सक उपस्थिति पंजी रोस्टर के अनुसार चिकित्सक ड्यूटी सिफ्ट का अनुपालन किया जाता है। ओपीडी, अस्पताल का साफ सफाई रोगी को मिलने वाला भोजन मीनू के हिसाब से दवाई वितरण कक्ष, प्रसव कक्ष, वार्ड सहित दवाई स्टोर पंजी अन्य कागजातों का बारीकी से जांच किया गया। निरीक्षण के क्रम में लोगो ने पुरूष दंत चिकित्सक नहीं मिलने का शिकायत किया दंत के रोगियों के द्वारा किया गया। उपस्थित लोगो ने बताया कि जब अस्पताल आते हैं दंतचिकित्सक नहीं मिलते हैं। उपस्थिति पंजी के रोस्टर में डॉ मनीष मित्रा अनुपस्थित पाए गए। उपस्थित प्रभारी उपाधीक्षक को स्पष्टीकरण मांगने का निर्देश दिया। मौके पर अस्पताल प्रभारी उपाधीक्षक डॉ मनोज कुमार, डाक्टर बी के सहनी, डॉक्टर तौसीफ आलम, डाक्टर मुस्ताक आलम, डॉक्टर बागेश्वर कुमार, डॉक्टर दिनेश कुमार, डॉक्टर नेहा भारती, डॉक्टर गजाला कैफी, डॉक्टर उमेश कुमार, डाक्टर के एम दास, अस्पताल प्रबंधक विकल कुमार, एफआरयू शिल्पी पांडे, लिपिक विवेक करकट्टा सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

प्रशिक्षु डीएसपी ने किया जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोगों के साथ बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

धमदाहा / पूर्णिया। धमदाहा थाना में पुलिस एवं जनप्रतिनिधि के साथ एक बैठक आहूत किया गया। प्रशिक्षु डीएसपी सह थाना अध्यक्ष सीमा देवी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जनप्रतिनिधि को संबोधित करते हुए प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष सीमा देवी ने बताया कि पंचायत में मर्डर, दुष्कर्म, लूट, छिनतई वाली घटना को कतई बरदाश्त नहीं किया जाऐगा। इसकी सूचना जनप्रतिनिधि को दिया जाना चहिए। सभी जनप्रतिनिधि से अपील करते हुए कहा आप लोगो के द्वारा पहले सूचना दी जाए। लेकिन जनप्रतिनिधि के द्वारा सहयोग करने में मदद नहीं की जा रही है। आम व्यक्ति सूचना देने मदद करते है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में धमदाहा थाना क्षेत्र में हर गली चौक चौराहे स्टेट हाईवे सहित हर जगह सघन वाहन चेकिंग किया जा रहा है। मोटरसाइकिल पर तीन व्यक्ति बैठने वाले बिना लाइसेंस हेलमेट के चलाते हुए पकड़े जाते हैं तो इसमें किसी भी प्रकार की पैरवी नही सुनी जाऐगी। गाड़ी चेकिंग के दौरान कागजात के सत्यापन होने पर छोर दिया जाऐगा।संदिग्ध व्यक्ति को जेल भेजा जाऐगा। समाज में किसी भी प्रकार की घटना एवं दुर्घटना को छुपाने अपराधी तत्व वाले व्यक्ति का मनोबल बढ़ता है। वैसे समाज के लिए घातक होता है आप सभी से अपील है कि ऐसे व्यक्ति के बारे में पुलिस को सूचना दें मामले का जांच पड़ताल कर दोषी व्यक्ति के ऊपर कार्रवाई की जाएगी। उन्होने कहा मुगलिया पुरन्दाहा में दो दो घटना लगातार हुआ उसे छिपाने का प्रयास किया गया लेकिन गोपनीय सूचना मिलने पर तुरंत कार्रवाई किया गया। उन्होंने सभी मक्का व्यवसायिक से कहा रात में गाड़ी लेकर नहीं जाए ना ही सड़क के किनारे कही भी गाड़ी खडा करे।

एयरपोर्ट की मांग को लेकर कर दवा प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

प्रात : किरण संवाददाता

पूर्णिया। बिहार प्रदेश सेल्स रिप्रेजेंटेटिव एसोसियेशन (बीपीएस-आरए) पूर्णिया यूनिट के द्वारा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नाम जिला पदाधिकारी को पत्र लिखा। बीपीएसआरए पूर्णिया यूनिट के सचिव प्रिन्स सिन्हा ने बताया कि एयरपोर्ट के लिए शीघ्र 15 एकड़ अतिरिक्त जमीन अधिग्रहण करने की मांग की। पत्र मे लिखा गया कि एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के प्लान एवं लोकेशन को साजिशपूर्ण तरीकों से उल्टा पुल्टा करके अधिग्रहण की गई 52.18 एकड़ भूमि पर संशोधित प्रस्ताव के अनुसार सुविधाओं को नियोजित क्षमताओं को पूरा करने के लिए 15 एकड़ अतिरिक्त भूमि बिहार सरकार से एएआई द्वारा मांगी महीनों पूर्व से मांगी जा रही है, परन्तु बिहार सरकार इस दिशा अबतक कुछ नहीं कर पाई है। पूर्णिया एयरपोर्ट के लिए भूमि अधिग्रहण से संबंधित दस करोड़ से अधिक की राशि पूर्णिया जिला भू अर्जन पदाधिकारी कार्यालय के पास अभी भी शेष बची हुई है।

राज्य सरकार की अनुकूल इच्छाशक्ति एवं पूर्णिया एयरपोर्ट के प्रति पोजीटिव एट्टीट्यूड की आवश्यकता है। पूर्णिया एयरपोर्ट के एक सौ किलोमीटर की त्रिज्या में आने वाली पूर्णिया, सहरसा, भागलपुर एवं मुंगेर प्रमंडलों सहित पश्चिम बंगाल की पश्चिमी और नेपाल की दक्षिणी इलाकों के लिए वरदान साबित होगा। श्री प्रिन्स ने बताया कि एयरपोर्ट और एयर कार्गो की सुविधाएं पूर्णिया में नहीं होने के कारण बिहार एवं बिहार सरकार को जीएसटी एवं अन्य राजस्व आधारित मदों में करोड़ों रुपए का नुकसान प्रति वर्ष होता है और इसका लाभ पश्चिम बंगाल एवं पश्चिम बंगाल सरकार को बागडोगरा एयरपोर्ट के कारण होता है। साथ साथ इस क्षेत्र के चहुमुखी विकास पर भी बुरा प्रभाव निश्चित रूप से पड़ता है। बागडोगरा (सिलिगुड़ी), दरभंगा और पटना से हवाई जहाज की सेवाओं का लाभ लेने वालों को छह हजार से सात हजार रुपए टैक्सी भाड़ा लगता है, पांच से छह घंटे समय की बबार्दी होती है, बहुमूल्य और कीमती पेट्रोल एवं डीजल की बबार्दी होती रहती है।

11000 फीट रनवे वाला पूर्णिया एयरफोर्स स्टेशन में इंडियन एयर फोर्स का रन-वे अपग्रेडेड स्थिति में उपलब्ध है। 52.18 एकड़ जमीन अधिग्रहित हो चुकी है। पीएम पैकेज बिहार 15 का हिस्सा विलंबित पूर्णिया एयरपोर्ट की शुरूआत शीघ्रता से दरभंगा एयरपोर्ट की तर्ज पर पोर्टा केबिन कंसेप्ट आधारित सिविल एन्क्लेव के बल पर शीघ्र करने की मांग की कि करोड़ों आबादी की वर्तमान एवं भावी पीढ़ियों के लिए पूर्णिया एयरपोर्ट की शुरूआत मूल्यवान साबित हो सकती है।

मुख्यमंत्री के जनता दरबार कार्यक्रम अन्तर्गत प्राप्त आवेदनों के निष्पादन में आयी तेजी

प्रात : किरण संवाददाता

पूर्णिया। जिला पदाधिकारी कुन्दन कुमार द्वारा लगातार सरकार के महत्वपूर्ण कार्यक्रम के लिए समीक्षात्मक बैठकों का दौर जारी है एवं संबंधित अधिकारियों को लगातार मामलों के निष्पादन करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए जा रहे हैं। उक्त आलोक में जिला पदाधिकारी द्वारा बैठक में लोक शिकायत के मामलों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन का निदेश संबंधित पदाधिकारियों को दिया गया था। जनता के दरबार में मुख्यमंत्री कार्यक्रम अन्तर्गत अब तक कुल 768 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें बैठक से पूर्व 84 आवेदनों का निष्पादन किया गया था, जो प्राप्त आवेदन का मात्र 11 प्रतिशत था। बैठक में जिला पदाधिकारी द्वारा निष्पादन हेतु निदेश के उपरांत निष्पादित मामलों की संख्या बढ़कर 480 हो गया है जो प्राप्त आवेदनों का लगभग 63 प्रतिशत है। बताते चलें कि सबसे ज्यादा राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग में कुल 304 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें एक भी आवेदन निष्पादित नहीं था, सोमवारीय बैठक में ज़िला पदाधिकारी द्वारा निदेश दिये जाने के उपरांत अब तक कुल 248 आवेदनों का निष्पादन किया जा चुका है। वैसे ही शिक्षा विभाग में प्राप्त 67 आवेदनों में बैठक से पूर्व निष्पादन शून्य था जो अब बढ़कर 34 हो गया है, ग्रामीण विकास में 25 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें 17 का निष्पादन कर दिया गया है। बिजली विभाग में 24 आवेदन प्राप्त हुए थे एवं 20 का निष्पादन कर दिया गया है, स्वास्थ्य विभाग में प्राप्त कुल 11 आवेदनों में से 08 का निष्पादन किया गया है। वहीं कई ऐसे विभाग हैं जैसे परिवहन, उद्योग, श्रम संसाधन, पथ निर्माण, निर्वाचन इत्यादि जिन्होंने बैठक के उपरांत प्राप्त आवेदनों का शत प्रतिशत निष्पादन किया है।

शार्ट सर्किट से लगी आग में दो परिवार का नौ घर जला, लाखों की संपत्ति का नुकसान

पूर्णिया/बड़हरा कोठी। प्रखंड अंतर्गत दिवराधानी पंचायत के वार्ड संख्या 3 दिवराधानी गांव में बिजली के शार्ट सर्किट से लगी आग में दो परिवार का नौ घर और उसमे रखा अनाज, कपड़ा, जेवरात, कागजात, फर्नीचर सहित चालीस हजार रुपया नगद जलकर राख हो गया। वहीं आग में झुलसने से एक बकड़ी की मौत हो गई है तथा एक अधजली बकड़ी अभी जिंदा है। मिली जानकारी के अनुसार अपराह्न लगभग एक बजे बिजली के पोल से उठी चिंगाडी से सुधीर मंडल के घर में आग पकड़ लिया तथा घर धु धु कर जलने लगा।

घर में आग लगा देख परिज

संक्षिप्त खबरें

अरुण कुमार को जदयू के प्रदेश सचिव सह कुर्था विधानसभा प्रभारी पद पर मनोनीत

गया।बोधगया प्रखंड अंतर्गत ग्राम कांछ के निवासी अरुण कुमार राव को जदयू के प्रदेश सचिव सह कुर्था विधानसभा प्रभारी पद पर मनोनीत किया गया है राव ने बताया कि पार्टी के प्रति मेरी कर्तव्यनिष्ठ को देखते हुए प्रदेश सचिव सह कुर्था विधानसभा प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई श्री राव पुर्व में राज्य परिषद् सदस्य एवं कई बार जिला के उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई थी ।राव ने कहा प्रदेश अध्यक्ष द्वारा दिए गए जिम्मेदारी को निस्वार्थ भाव से जी तोड़ मेहनत कर जदयू संगठन का काम ईमानदारी पूर्वक करुंगा इसके लिए पार्टी के सर्वमान्य नेता बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा एवं मुख्यालय (स्थापना) प्रभारी चंदन कुमार सिंह एवं पार्टी के वरिष्ठ साथियों को सहदय आभार प्रकट करता हूं उनके मनोनयन पर जिला अध्यक्ष सह पुर्व विधायक अभय कुशवाहा जिला प्रवक्ता अवध बिहारी पटेल, कुण्डल वर्मा डॉ आसिफ जफर, जितेंद्र दास, विरेन्द्र कुमार, धनंजय शर्मा,मितबरा लोहड़े सिताराम सिंह रौशन राऊत राजेश कुमार रौशन मांझी, विनोद शर्मा,मनोज मेहता रामाकांत पटेल आदि वरिष्ठ अन्य राजनीतिक दल के लोगों ने बधाई देते हुए शुभकामनाएं दिए।

अज्ञात वाहन ने बुजुर्ग को मारी टक्कर

आरा। भोजपुर जिले के सिकरहट्टा थाना क्षेत्र के फतेहपुर एवं कुरमुरी गांव के बीच अज्ञात वाहन ने बाजार से वापस घर लौट रहे एक बुजुर्ग को टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसके बाद परिजन द्वारा उन्हें आनन-फानन में इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद उनकी हालत को चेंताजनक देखते हुये पटना रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार जख्मी बुजुर्ग स्व. रामसेवक ठाकुर के 60 वर्षीय पुत्र महेंद्र ठाकुर हैं एवं वह पेशे से किसान हैं। इधर जख्मी बुजुर्ग के परिजन ने बताया के शुक्रवार की सुबह अपने गांव से फतेहपुर बाजार समान खरीदने गए थे। जब वह पैदल वापस अपने गांव लौट रहे थे उसी दौरान फतेहपुर एवं कुरमुरी गांव के बीच पीछे से आ रही अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसके बाद परिजन द्वारा उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज कराया जा रहा है।

चार नए प्रवक्ता सहित कीड़ा प्रकोष्ठ संयोजक की घोषणा

आरा। भारतीय जनता पार्टी भोजपुर जिलाध्यक्ष दुर्गा राज द्वारा संगठन का विस्तार करते हुए चार नए प्रवक्ताओं की सूची जारी की गई है।इसके साथ-साथ कीड़ा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक की भी घोषणा की गई। भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता विनय सिंह,युवा मोर्चा के पूर्व उपाध्यक्ष संतोष तिवारी, पूर्व प्रवक्ता धीरज सिंह और युवा कार्यकर्ता निशांत सिंह सेंगर को जिला प्रवक्ता की जिम्मेदारी दी गई है। दूसरी तरफ जिलाध्यक्ष द्वारा प्रकोष्ठों के गठन मे कीड़ा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक की घोषणा कर दी गई।संतोष कुमार को कीड़ा प्रकोष्ठ का संयोजक बनाया गया है। नए जिला प्रवक्ताओं और कीड़ा प्रकोष्ठ जिला संयोजक की नियुक्ति होने पर जिला पदाधिकारी, भाजपा नेताओं और कार्यकताओं ने बधाई और शुभकामनाएं दी।

पुलिस ने शराबी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

करपी(अरवल) स्थानीय प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत करपी थाना क्षेत्र स्थित करपी गांव निवासी गोपाल कुमार पिता अशोक कुमार को पुलिस ने शराबी को गिरफ्तार किया है, इस संबंध में थाना अध्यक्ष देनेश बहादुर सिंह ने बताया कि गिरफ्तार शराबी के खिलाफ मध निषेध शराब अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय भेजा जा रहा है, उन्होंने कहा के थाना क्षेत्र में लगातार शराब के विरूद्ध चलाई जा रही है छापामारी अभियान किसी भी हालात मे शराब कारोबारी एवं शराब सेवन करने वाले को फलने फुले नहीं दिया जाएगा समय रहते गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

बेल्चा से पीट-पीटकर मजदूर की हत्या, शव बरामद

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। भोजपुर जिले के चांदी थाना क्षेत्र के विशुनपुरा गांव में एक मजदूरकी बेल्चा से पीट-पीटकर हत्या कर फेंका गया शव बरामद हुआ है। उसका शव शुक्रवार की सुबह गांव में ही स्थित बधार से बरामद हुआ है। शव के मिलने से गांव में एवं आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई है। घटना की सूचना मिलते ही चांदी थाना इंचार्ज सौरव कुमार अपने दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की छानबीन में जुट गए।

वहीं घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों का आक्रोश भड़क उठा। जिसके बाद स्थानीय ग्रामीण शव को उठाने एवं पोस्टमार्टम कराने से साफ इंकार करने लगे। पुलिस के समझाने बुझाने के बाद ग्रामीण का गुस्सा शांत हुआ। जिसके बात पुलिस शव अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। जानकारी के अनुसार मृतक चांदी थाना क्षेत्र के विशुनपुरा गांव निवासी स्व.रामानुज सिंह के 45 वर्षीय पुत्र जीतन सिंह उर्फ इंद्रजीत सिंह है। वह पेशे से मजदूर थे एवं बालू घाट पर मजदूरी किया करते थे। इधर मृतक के चचेरे भाई शंकर सिंह ने बताया कि गुरुवार की सुबह करीब 11 बजे खाना खाकर घर से निकले थे। गुरुवार की देर शाम जब घर वापस नहीं लौटे तो उन्होंने खोजबीन की लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया था। शुक्रवार की सुबह जब गांव के ही कुछ लोगों ने उनके शव को बधार में पड़ा देखा। जब जाकर उन्होंने इसकी सूचना मृतक के परिजनों को दी। सूचना पाकर मृतक के परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। जिसके पश्चात उन्होंने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। वही मृतक के चचेरे भाई शंकर सिंह ने बताया कि गांव के ही कुछ दोस्तों के साथ बालू घाट पर मजदूरी करते थे और शाम में आने के बाद सभी लोग एक जगह बैठ कर खाते शराब पीते और खाते थे। गुरुवार की शाम भी वह सभी लोग मजदूरी कर वापस लौटे और बधार में बैठकर शराब पी रहे थे और खा रहे थे।

उसी दौरान उनके बीच झगड़ा हो गया। जिसके बाद जक्त लोगों ने बेल्चा से सिर पर मारकर पीट-पीटकर उनकी हत्या कर दी गई। वही दूसरी ओर मृतक के चचेरे भाई शंकर सिंह ने गांव के ही उमा सिंह के पुत्र लच्छू कुमार,मानहानि यादव के पुत्र जगनी यादव एवं दो अन्य लोगों पर बेलचे से पीट-पीटकर हत्या करने का आरोप लगाया है ।बाहर हाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। बताया जाता है कि मृतक अपने सात बहन व चार भाई ने नौवें स्थान पर था। मृतक के परिवार में मां लीला कुंवर,पत्नी पुतुल देवी एवं में 6 वर्षीय पुत्र राजू कुमार है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। गहटी घटना के बाद मृतक की मां लीला कुंवर पत्नी पुतुल देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

दो अंतरराज्यीय कुख्यात नक्सली ने किया आत्मसमर्पण

प्रात : किरण संवाददाता

गया। गया में आईडी विस्फोट लगा कर विस्फोट कर उड़ा देने वाले दो अंतरराज्यीय कुख्यात हार्डकोर नक्सली हथियार और 57 जिंदा कारतूस के साथ आत्मसमर्पण किया है। इसकी खुलासा एसएसपी आशीष भारती ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर की है। सुरक्षाबलों के कार्रवाई से प्रभावित होकर दो नक्सली ने गया पुलिस व 205 कोबरा बटालियन, सीआरपीएफ 159 बटालियन व एस.एस.बी 32 बटालियन के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। आत्मसमर्पण करने वाले दोनों कुख्यात नक्सली की उम्र 18 वर्ष है ।इस संबंध में एसएसपी आशीष भारती ने बताया कि नक्सलियों की गिरफ्तारी हेतु लगातार विशेष अभियान चलाए जा रहे है। इसी क्रम में अंतरराज्यीय कुख्यात हार्डकोर नक्सली प्रदीप सिंह भोक्ता उर्फ नीरज एवं दिनेश भुईयां उर्फ उमेश उर्फ मिठ्ठु ने आत्मसम्पर्ण किया। आत्मसमर्पण करने वाले दोनों नक्सली पर बिहार झारखंड राज्य में दर्जनों नक्सली कांडों में वांछित अभियुक्त थे। झारखंड राज्य में भी इन दोनों के विरूद्ध कई कांड दर्ज है। इनके द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर कई जघन्य कांडों को अंजाम दिया गया है।

एसएसपी आशीष कुमार भारती ने बताया कि प्रदीप सिंह भोक्ता बड़े-बड़े नक्सली वारदात में शामिल रहा है वर्ष 2019 में प्रदीप सिंह भोक्ता ने नक्सली संगठन के लुतुआ में नक्सली घटना को अंजाम दिया था जिसमें सीआरपीएफ के सब इंस्पेक्टर रोशन सिंह शहीद हो गए थे उन्हें आईडी ब्लास्ट कर उड़ा दिया गया था ।इसके अलावा 2020 -21 और 22 में भी नक्सली घटना को अंजाम देने में शामिल रहा है ।एसएसपी ने आगे बताया कि आत्मसमर्पण नीति के तहत दोनों नक्सलियों को ढाई ढाई लाख रुपए मिलेंगे, यह रुपए प्रदीप व दिनेश के खाते में एफडी के रूप में जमा होगा जो तीन साल बाद इस्तेमाल कर सकेगा।

मुठभेड़ के दौरान जख्मी जवान को देखने पहुंचे डीआईजी नवीन चन्द्र झा

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। शाहाबाद रेंज के डीआईजी नवीन चंद्र झा शुक्रवार की दोपहर आरा अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। इसके बाद उन्होंने आर शहर के बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल में जाकर गुरुवार को अपराधियों के साथ मुठभेड़ के दौरान गोली लगने से हुये जख्मी जवान अर्जुन कुमार से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उन्होंने जख्मी जवान के परिजनों से भी बातचीत की साथ ही उन्होंने जख्मी जवान से उसका हाल-चाल भी पूछा। इसके बाद उन्होंने पत्रकारों से भी बातचीत की। इस दौरान डीआईजी नवीन चंद्र झा ने कहा कि कल लूट की वारदात कुछ अपराधियों द्वारा की गई थी। उसमें जो हमारे थाना के क्रॉस मोबाइल के जवाब अन्य पदाधिकारी हैं उनके द्वारा उसकी घेराबंदी की गई थी। जिसके बाद एक छोटा सा मुठभेड़ भी हुआ। जिसमें हमारे भी एक सिपाही को गोली लगी थी। जिसका नाम अर्जुन कुमार है। बाकी जो क्रिमिनल इसमें शामिल था उसे भी गोली लगी है प्रॉपर एनकाउंटर हुआ है। जो पैसे लूटे गए थे वह पैसे बरामद हो गए हैं। डीआईजी ने कहा कि काफी बहादुरी का काम किया है, हमारे पुलिसकर्मियों ने और खासकर जो सिपाही हमारा घायल है। उन्होंने कहा कि मैं अभी उसी जख्मी जवान को देखने आया था। डॉक्टर साहब से भी बातचीत हुई है। वह अब खतरे से बाहर है। साथी उनके जो परिवार के लोग यहां मौजूद हैं उनसे भी मेरी बातचीत हुई है। वही उन्होंने कहा कि पुलिस अधीक्षक यहां पर हैं और वह इस घटना की लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं। साथी जो इस घटना में जख्मी जवान है उसके भी स्वास्थ्य को प्रत्येक दिन देखते हैं और विजिट भी करते हैं। उन्होंने कहा कि जो इन लोगों का बहादुरी का कार्य है। इसके लिए गैलेन्ट्री आवार्ड का प्रस्ताव भेजा जाएगा। डीआईजी नवीन चंद्र झा ने कहा कि अगर हम लोगों पर कोई गोली चलाएगा तो निश्चित रूप से जो हमारे बहादुर पुलिसकर्मी हैं वह जवाब देंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि यह एक चेतावनी है पुलिस के द्वारा अपराधियों के लिए। इस दौरान एसपी प्रमोद कुमार,एएसपी चंद्र प्रकाश,पीरो डीएसपी राहुल कुमार सिंह एवं जगदीशपुर डीएसपी राजीव चंद्र सिंह सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे।

ईसीएचएस और सीएचडी कैंटीन का निरीक्षण

प्रात : किरण संवाददाता

आरा : शुक्रवार को बिहार एंड झारखंड सव एरिया के डिप्टी जीओसी ब्रिगेडियर अजय शर्मा सब एरिया के ही डायरेक्टर ईसीएचएस कर्नल थापा और स्टेशन हैडक्वाटर के कर्नल एसबी सिंह ईसीएचएस के इंचार्ज है आरा में ईसीएचएस और सीएचडी कैंटीन में निरीक्षण किया और जवानों का परेशानी को सुना। सबसे पहले सीएसडी कैंटीन में गए और वहां के विधि व्यवस्था देखा साथ ही वह सेल्फ सर्विस के लिए कुछ करने के लिए बोल कर गए हुए हैं उसके बाद ईसीएचएस में गए और वहां पर भी जवानों की परेशानियां सुना लोगों से बात किए बाद में जिलाधिकारी महोदय श्री राजकुमार जी और उप विकास आयुक्त श्री विक्रम विरकर से डीएम ऑफिस में ही मुलाकात की ।साथ में मेजर राणा प्रताप सिंह बिहार राज्य पूर्व सैनिक संघ के अध्यक्ष जी थे ।डीएम साहब ने आरा के पूर्व सैनिकों का बात रखी और उन्होंने डिप्टी जीओसी को प्रोजेक्ट के बारे में बताया डीएम साहब ने बोला है की जिला सैनिक कार्यालय से टैंक हमारे ऑफिस आ गया है और टैंक को पेंटिंग करवा रहा हूं और वहां पर जहां से टैंक आया है वहां पर वार मेमोरियल बनाया जाएगा इसके लिए एनटीपीसी को जिम्मेदारी दी गई है बाद में कॉन्फ्रेंस हॉल में डीएम साहब ने डिप्टी जीओसी और दोनों कर्नल को डीएम साहब ने तीनों अफसरों को बुके माला तथा अंग वस्त्र देकर सम्मान किया बाद में डिप्टी जीओसी को वीर कुंवर सिंह का मोमेंटो देकर सम्मान किया।

सीबीएसई दशवीं बोर्ड की परीक्षा में संभावना आवासीय उवि के शत-प्रतिशत बच्चे सफल

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड दिल्ली द्वारा आयोजित वर्ग दसवीं की माध्यमिक परीक्षा-2023 का परीक्षा फल घोषित होने के बाद विद्यालय के छात्र-छात्राओं तथा शिक्षकों में खुशी की लहर दौड़ गई। शहर के शुभ नारायण नगर मझौंवा स्थित संभावना आवासीय उच्च विद्यालय से कुल 241 छात्र-छात्राओं ने बोर्ड की परीक्षा में हिस्सा लिया था, जिसमें सभी छात्र- छात्रा सफल घोषित किए गए। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी विद्यालय का परीक्षा फल शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय का परीक्षा फल निम्न प्रकार से रहा। छात्र आर्यन कुमार ने 98.8 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय टॉपर बना है। वही रोहिणी कुमारी ने 96.2 प्रतिशत अंक लाकर द्वितीय तथा विश्वजीत सिंह ने 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में तृतीय स्थान हासिल किया है। 90 से 99 प्रतिशत के बीच अंक प्राप्त करने वाले परीक्षार्थियों की संख्या 26 रही। वही 45 परीक्षार्थियो ने 80 से 90 प्रतिशत अंक, 76 परीक्षार्थियों ने 70 से 80 प्रतिशत अंक तथा 58 परीक्षार्थियों ने 76 से 70 प्रतिशत अंक हासिल किया है। शेष परीक्षार्थियों का अंक 50 से 60 प्रतिशत के बीच रहा। विद्यालय के कुल 26 परीक्षार्थियों ने 90 से 99 के बीच अंक प्राप्त किए हैं, जिनमें आर्यन कुमार, रोहिणी कुमारी, विश्वजीत सिंह, शुभम पांडेय, सानिया जहां, रोहण सिंह, जया कुमारी, सागर कुमार सिंह, रोशन सिंह, अभिजीत कुमार, सुंदरम कुमार सिंह, पीयूष राज, हर्ष शाश्वत, मणी मंजूल, शौर्य राज, निगाल सिंह, श्रुति सिंह, सौरव कुमार, रुकैया फातमा, शिवम कुमार, मांडवी कुमारी, आयुष कुमार, अजय कुमार, अंकिता कुमारी एवं आयुष कुमार सिंह आदि हैं। विद्यालय टॉपर आर्यन कुमार ने विज्ञान और संस्कृत विषय में 100 में 100 अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। विद्यालय की प्राचार्या डॉ. अर्चना सिंह ने विद्यालय के शत-प्रतिशत परीक्षाफल पर खुशी जाहिर करते हुए बताया कि कुल 241 परीक्षार्थियों में से 26 छात्र-छात्राओं ने 90 प्रतिशत तक अंक प्राप्त कर विद्यालय का मान- सम्मान बढ़ाया है, उन्होंने कहा कि यह परीक्षा फल अभी तक का सर्वश्रेष्ठ परीक्षा फल है उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों को बधाई दी। प्रबंध निदेशक डॉ. कुमार द्विजेंद्र ने विद्यालय के सर्वश्रेष्ठ परीक्षाफल पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह परीक्षा फल शिक्षकों की मेहनत, छात्र-छात्राओं के लगन तथा उनके अनुशासन का परिणाम है, उन्होंने विद्यालय के सभी शिक्षकों छात्र-छात्राओं तथा अभिभावकों को शुभकामना देते हुए घोषणा किया कि जो बच्चे 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं। उनका ग्यारहवी कक्षा के नामांकन में सभी तरह के शुल्क में 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। यह जानकारी उप प्राचार्य ऋषिकेश ओझा ने दी।

आमस, बाराचट्टी एवं डुमरिया वर्षो से लंबित चले आ रहे सड़को के निर्माण का रास्ता हुआ साफ

प्रात : किरण संवाददाता

गया। जिलाधिकारी डॉ त्यागराजन एसएम की विशेष पहल से वर्षो से लंबित सड़के जो नक्सल प्रभावित एरिया आमस,बाराचट्टी एवं डुमरिया के सड़को के निर्माण का अब रास्ता साफ हो गया है। कई वर्षो से इन सड़कों का निर्माण काम बंद पड़ा था। बहुत जल्द ही इन सड़को का निर्माण कार्य प्रारंभ होगा। तीनो अंचल मिलाकर कुल 86.51 एकड़ क्षेत्र में सड़क का निर्माण कार्य प्रारंभ होगा। सड़क निर्माण वन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र लंबित रहने के कारण कार्य बंद था। वर्तमान समय में वन विभाग को समतुल्य गैर वन भूमि को चिन्हित कर वन विभाग को दे दिया गया है। अब जल्द ही वन विभाग के उक्त क्षेत्र में सड़के का निर्माण प्रारंभ कर दिया जाएगा ।प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत डुमरिया अंचल अंतर्गत कुल 04 सड़क यथा मनुवर सड़क निर्मण हेतु 4.94 एकड़ वन भूमि, काकोना सड़क निर्मण हेतु 7.41 एकड़ वन भूमि, दुबत सड़क निर्माण हेतु 9.88 एकड़ वन भूमि एवं अनारबन सलैया सड़क निर्मण हेतु 24.70 एकड़ वन भूमि में सड़क निर्माण किया जाना है, जिसके समतुल्य राजस्व विभाग द्वारा गैर वन भूमि को चिन्हित कर वन विभाग को उपलब्ध करा दिया गया है। इसके बाद वन विभाग ने संबंधित सड़क के निर्माण हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र दिया है ।इसी प्रकार बाराचट्टी अंचल अंतर्गत कुल 04 सड़क यथा जीटी रोड से तेतरिया सड़क निर्माण हेतु 9.88 एकड़ वन भूमि, बरसोडी सड़क निर्माण हेतु 6.92 एकड़ वन भूमि, जीटी रोड से नारे सड़क निर्माण हेतु 9.88 एकड़ वन भूमि एवं कड्डल सड़क निर्माण हेतु 9.74 एकड़ वन भूमि एवं आमस अंचल में भूपनगर सड़क निर्माण हेतु 3.16 एकड़ वन भूमि में सड़क निर्माण किया जाना है। जिसके समतुल्य राजस्व विभाग द्वारा गैर वन भूमि को चिन्हित कर वन विभाग को उपलब्ध करा दिया गया है तत्पश्चात वन विभाग ने संबंधित सड़क के निर्माण हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र दिया है।

जिला पदाधिकारी ने राजस्व जमीन गैर वन भूमि को चिन्हित करवाते हुए गुरारू के दिहा मौजा में कुल 83.35 एकड़ जमीन परतीएवं आमस के बेलियारी मौजा में 3.16 एकड़ जमीन परती को वन विभाग को उपलब्ध करवा दिया गया है। अब वर्षो से लंबित सड़कें तेजी से निर्माण करवाया जाएगा।

कठिन परिश्रम एवं सही मार्गदर्शन से जीवन में सफलता प्राप्त की जा सकती : हरी प्रपन्ना

गया ।सीबीएसई की कक्षा 12वीं में शांतिनिकेतन ऐकडमी में गोविंदपुर रोना चाकन्द गया का इसबार छात्र छात्राओं का प्रदर्शन शानदार रहा है ।छात्र छात्राओं ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए विद्यालय एवं अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है एवं अपने उज्जवल भविष्य की नींव रखी है ।विद्यालय स्तर पर आर्यन कुमार ने 96% आर्टस , पीयूष 96% अंक कॉमर्स, सुहानी चौधरी 95%अंक साइंस से,आयुष वर्धन 95% आर्टस, आदित्य किशोर 94% अंक सांइस प्राप्त कर आए है। कुल 45 छात्रों ने 80% से अधिक अंक प्राप्त किए हैं विद्यालय का परीक्षा परिणाम हर साल की भांति इस साल बहुत शानदार रहा है एवं विद्यालय के शत प्रतिशत छात्र सफल रहे हैं इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन हरी प्रपन्न ने कहा कि हमारे बच्चों ने एक बार फिर यह साबित कर दिखाया है कि कठिन परिश्रम एवं सही मार्गदर्शन से जीवन में सफलता प्राप्त की जा सकती है और उन्होंने कहा कि विद्यालय के छात्रों के इस सफलता के लिए छात्रों की कड़ी मेहनत एवं शिशु को की सिलता के लिए सभी का आभार प्रकट करता हूं इसके साथ ही शिक्षकों को अब वर्ग आर्मी में नामांकन लेने वाले छात्रों को बेहतर शिक्षा एवं 12वीं बोर्ड परिणाम मिले इसके लिए बेहतर योजना पर काम करने का निर्देश दिया गया है।

जीवन की बंधन से मुक्ति का एक मार्ग श्रीमद् भागवत कथा श्रवण : श्रीधराचार्य जी महाराज

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। स्थानीय क्षत्रिय नगर स्थित गीता कुंज में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के तृतीय दिन भक्तों के बीच प्रवचन करते हुए जगतगुरु रामानुजाचार्य स्वामी श्री श्रीधराचार्य जी महाराज ने कहा कि जिस घर में भागवत कथा व पूजा होती है। उस घर में लक्ष्मी नारायण भगवान की कृपा सदैव बनी रहती है। जीवन की बंधन से मुक्ति का एक मार्ग श्रीमद् भागवत कथा श्रवण ही है। इससे भक्तों की परेशानी दूर हो जाती है। भक्त प्रह्लाद के प्राणों की रक्षा के लिए भगवान ने खंभे में अवतार लेकर हिरण्यकश्यप का वध किया। भगवान हमेशा अपने भक्तों की रक्षा के लिए तैयार रहते हैं। बस जरूरत है उन्हें सच्चे मन से याद करने की। राम जी का अद्भुत चरित्र हैं। कथा के दौरान सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालुओं की भीड़ रही और सभी ने मंत्रमुग्ध होकर कथा का श्रवण किया। महाराज जी के मंच पर आसीन होते ही यजमान गीता पाण्डेय एव सूरज कुमार पाण्डेय ने चरण वंदन किया। इस अवसर पर रामायण पाण्डेय एलौन, सरयू ओझा, सूरज कुमार पाण्डेय, गीता पाण्डेय, निक्की ओझा, बबलू कुमार ओझा, धीरज कुमार पाण्डेय, नीरज कुमार पाण्डेय, बिरज कुमार पाण्डेय, भास्कर प्रकाश, कृष्णा राज, लवकान्त ओझा, सत्यम पाण्डेय, सत्या पाण्डेय, गगन कुमार सेन गुप्ता तथा के.के.झा का, पंकज सिंह, निर्भय कुमार सिंह, मृत्युंजय कुमार सिंह, उपेन्द्र सिंह, आशुतोष कुमार सहित सैकड़ो भक्तों ने कथा श्रवण किया।

आरजीएन पब्लिक स्कूल के बच्चों ने लहराया परचम

गया ।आर. जी.एन. पब्लिक स्कूल, शेरघाटी, गया के विद्यार्थियों ने एक बार पुनः सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) न 10वीं में सृष्टि कुमारी पिता अरविन्द कुमार ने 97.8 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय टॉपर रही है इसके साथ ही गया जिले का नाम रौशन किया है। सृष्टि कुमारी एक सामान्य परिवार से आती हैं, जिनके पिता एक किराना दुकान चलाते हैं एवं मां गृहिणी हैं। मालूम हो कि इस विद्यालय के छात्र-छात्राएं हमेशा अव्वल अंकों से उत्तीर्ण हुए है '

स्कूल टॉपर सृष्टि कुमारी पिता अरविंद कुमार 97.8% प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रही साथ ही मो. परवेज आलम पिता नईम अंसारी 96.7% के साथ द्वितीय स्थान, काजल कुमारी पिता बिरेंद्र यादव 93.8% के साथ तृतीय, अमित कुमार यादव 93.5% , सौम्या शेम कुमार 93%, बुशर्राह तबस्सुम 92.8%, चंदन कुमार 92.7%, हर्ष कुमार 92.5%, अंकित राज 91.5% प्राप्त कर अपने अभिभावक व विद्यालय परिवार ही नहीं अपितु पूरे जिले का नाम रोशन किये। इस विद्यालय के 33 छात्र-छात्राओं ने 90% से अधिक अंक लाकर विद्यालय का नाम एक बार पुनः पूरे जिले में रौशन किया है इसके साथ ही नया कीर्तिमान स्थापित किया है। 58 बच्चों ने 80% से अधिक, 71 बच्चों ने 70% से अधिक अंक प्राप्त किये। विद्यालय का पास प्रतिशत 100% रहा है। 10 वीं के बोर्ड परिणाम पर हर्ष व्यक्त करते हुए चेयरमैन संजय कुमार सिंह ने बताया कि विद्यालय परिवार बच्चों के उज्ज्वल भविष्य को लेकर दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले बच्चों - बच्चियों एवं उनके अभिभावकों को ढेर सरी शुभकामनाये दी है।

शार्ट सर्किट से आरटीपीएस में लगी आग, लाखों रुपए का नुकसान

प्रात : किरण संवाददाता

करपी (अरवल) प्रखंड मुख्यालय में अवस्थित आरटीपीएस कार्यालय में बिजली के शार्ट सर्किट से लाखों की संपत्ति जलकर खाक हो गया ' वहीं अंचल अधिकारी ने सर्किट से लगी आग को जांच करते हुए कहा कि बिजली विभाग की इतना घोर लापरवाही हुआ कि लाखों के संपत्ति जल कर खाक हो गई, प्रखंड परिसर में ही ट्रांसफार्मर लगाई गई थी और उसी ट्रांसफार्मर से सभी कार्यालयों में लाइन सप्लाई दी जाती थी लेकिन बिजली विभाग इतना लापरवाही किया के जो ट्रांसफार्मर से एलटी लाइन निकला हुआ था वह एलटी लाइन का तार कुछ दुरी तक जमीन पर बिछा कर पोल पर चढ़ाया इसी के कारण अर्थिंग से किसी प्रकार शॉर्ट लगा जिसके चलते आरटीपीएस, लोहिया स्वच्छता अभियान कार्यालय, पंचायती राज कार्यालय,मनरेगा कार्यालय एवं बाल विकास परियोजना कार्यालय में रखा हुआ इलेक्ट्रिक के सामान जलगया वही आरटीपीएस में 3 कंप्यूटर के साथ-साथ प्रिंटिंग मशीन पूरी तरह जल गया है ' जिसके चलते आम आवाम को कार्य बाधित हुआ है ' वही अंचल अधिकारी ने कहा कि 3 दिन के लिए कार्य बाधित रहेगी जिन लोगों को अति आवश्यक कार्य रहेगा उसे रोका नहीं जाएगा हम अपने अंचल कार्यालय के कंप्यूटर से कार्य करवा देंगे। प्रखंड परिसर के सभी कार्यालयों में लगी आग को देखने एडीएम एवं डीडीसी पहुंचे एडीएम जब आरटीपीएस में एंट्री करने से पहले उन्होंने देखा कि इस भवन के बगल में ही पुलिस बैरक लिखा हुआ है उस पुलिस बैरक पर ध्यान देते हुए कहा कि इस बैरक में पुलिस होते हुए भी आरटीपीएस में आग कैसे लगी वही ड्यूटी में मौजूद सिपाही ने कहा कि एकाएक फट फट आवाज होने लगी इसी बीच हम लोग सभी उपस्थित सिपाही अपने अपने हथियार लेकर तैयार होकर बाहर आया तो देखा कि आरटीपीएस के रूम से धुँआ निकल रहा है तो आनन-फानन में फायर की गाड़ी, 112 की गाड़ी, थाना प्रभारी एवं अन्य जगहों पर फोन करके लोगों का कहा समय करीब सुबह का 7:30 बज रहा था फायर के गाड़ी आकर आग पर काबू पाया नहीं तो आग इतना भयानक था कि आरटीपीएस का बिल्डिंग भी धवस्त हो सकता था क्योंकि सभी खिड़की दरवाजे बंद थी ' बगल में हम लोग रहते हैं छोटा-छोटा खिड़की के माध्यम से हम लोग के भी रूम में काफी धुआं भर गया रूम में रहना मुश्किल पड़ रहा था। वही एडीएम एवं डीडीसी ने सभी कार्यालयों में घूम घूम कर जला हुआ सभी सामानों का सर्वेक्षण किया। *आरटीपीएस के कर्मी कपार पर हाथ देकर बैठे हैं* आरटीपीएस में कार्यरत कर्मचारियों ने कहा कि प्राइवेट रूप से कंप्यूटर रहकर कार्य जनता को कर रहे थे जो बिजली के शार्ट सर्किट लगने से सभी कंप्यूटर जलकर खाक हो गया कुछ ऐसे भी इलेक्ट्रॉनिक सामान है जो बाहर से देखने में अच्छे लग रहे हैं लेकिन अंदर पूर्ण रूप से जला हुआ है और ना भी जो जला है वह आग बुझाने के लिए पानी से इतना भीग गया कि वह कभी भी नहीं बन सकता है जिसके चलते काफी कठिनाई पहुंची है।

डीएम ने जनता दरबार का आयोजन कर फरियादी की सुनी समस्या

प्रात : किरण संवाददाता

अरवल। शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह के द्वारा जनता दरबार आयोजित की गई जिसमें 35 फरियादियों की फरियाद सुना गया। इस दौरान भूमि विवाद, अतिक्रमण, आवास योजना, पशुपालन विभाग, राशन कार्ड, शिक्षा विभाग, वृद्धा पेंशन, नल जल योजना, नाली निर्माण, नशा मुक्ति, गृह रक्षा वाहिनी एवं अन्य विभागों से संबंधित मामले थे। परिवादियों के आवेदन के शीघ्र निष्पादन हेतु जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। करपी प्रखण्ड स्थित ग्राम कोचहासा निवासी सुमित्रा देवी ने जनता दरबार में बताया कि मैं अति गरीब एवं भूमिहिन व्यक्ति हूँ तथा मेरी वृद्वापेंशन बंद कर दिया गया है। मेरी वृद्वापेंशन सुमित्रा के नाम से बना हुआ है तथा मेरी बैंक खाता और आधार नम्बर सुमित्रा देवी के नाम से अंकित है। मेरी वृद्वापेंशन तत्काल भुगतान करवाने की कृपा की जाय। इस संबंध में जिला पदाधिकारी द्वारा प्रखण्ड विकास पदाधिकारी करपी को मामले की जाँच कर

बीते वर्ष नौ लाख करोड़ रुपए के 34 लाख आवास ऋण वितरित: अध्ययन

नई दिल्ली, एजेंसी। बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थानों ने 2022 में नौ लाख करोड़ रुपए के कुल 34 लाख आवास ऋण वितरित किए। इसमें से 25 लाख रुपए तक के कर्ज की हिस्सेदारी सबसे अधिक रही। खुदरा ऋण पर इक्विफैक्स और एंड्रोमेडा की एक अध्ययन रिपोर्ट में यह कहा गया है। 'भारतीय खुदरा ऋण परिदृश्य-अप्रैल 2023 शीर्षक से जारी रिपोर्ट के अनुसार, बीते वर्ष जनवरी-दिसंबर के दौरान ऋण वितरण में सालाना आधार पर 18 प्रतिशत और ऋण संख्या में 17 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

रिपोर्ट के अनुसार, कुल बकाया आवास ऋण दिसंबर, 2021 से दिसंबर, 2022 तक 16 प्रतिशत बढ़ गया। वैश्विक आंकड़ा, विश्लेषण एवं प्रौद्योगिकी कंपनी इक्विफैक्स का मुख्यालय अटलांटा में है। एंड्रोमेडा देश की सबसे बड़ी ऋण वितरकों में से एक है। अध्ययन

में बताया गया कि व्यक्तिगत ऋण श्रेणी में 2022 में 57 प्रतिशत वृद्धि देखी गई। खुदरा उद्योग का बाजार मूल्य दिसंबर, 2022 तक 100 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया। 31 दिसंबर, 2022 तक खुदरा उद्योग में 54 करोड़ सक्रिय ऋण थे। एंड्रोमेडा के कार्यकारी चेयरमैन (बिक्री एवं वितरण) वी स्वामीनाथन ने कहा कि चाहे वह सार्वजनिक बैंक हो, निजी बैंक हो या आवासीय वित्तीय कंपनियां (एचएफसी), सभी इकाइयां आवास ऋण क्षेत्र में अच्छी वृद्धि कर रही हैं। उन्होंने कहा, ÷भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा हाल में नीतिगत दर रेपो में वृद्धि करने के बावजूद व्यक्तिगत ऋण की ब्याज दरों में आवास ऋण की ब्याज दरों की तुलना में उतनी अधिक वृद्धि नहीं हुई है।÷ अध्ययन में बताया गया कि कुल ऋण वितरण में 25 लाख रुपए तक के ऋण की हिस्सेदारी 67 प्रतिशत रही। वहीं 75 लाख रुपए से एक करोड़ रुपए के ऋण वितरण में 36 प्रतिशत की वृद्धि हुई। वर्ष 2021 में 25 लाख रुपए तक के ऋण में 2020 की तुलना में 67 प्रतिशत वृद्धि हुई।

अडाणी टोटल गैस, अडाणी ट्रांसमिशन एमएससीआई इंडिया सूचकांक से होंगे बाहर, शेयरों में गिरावट

नई दिल्ली, एजेंसी। मॉर्गन स्टेनली कैपिटल इंटरनेशनल (एमएससीआई) ने कहा है कि अडाणी टोटल गैस और अडाणी ट्रांसमिशन को 31 मई से एमएससीआई इंडिया सूचकांक से बाहर कर दिया जाएगा। इसके बाद दोनों कंपनियों के शेयरों में शुक्रवार को सुबह के कारोबार में गिरावट हुई। बीएसई पर अडाणी टोटल गैस के शेयर पांच फीसदी गिरकर 812.60 रुपये पर आ गए। अडाणी ट्रांसमिशन के शेयर भी पांच प्रतिशत की गिरावट के साथ 871.15 रुपये पर आ गए। एमएससीआई ने बताया कि उसने सूचकांक में तीन कंपनियों को हटाने और तीन नयी कंपनियों को जोड़ने का फैसला किया है। ये बदलाव 31 मई 2023 से लागू होंगे। इंडस टावर्स को भी एमएससीआई इंडिया सूचकांक से बाहर कर दिया जाएगा। बीएसई पर इंडस टावर्स के शेयर 2.34 प्रतिशत गिरकर 147.90 रुपये पर आ गए। जिन कंपनियों को सूचकांक में शामिल किया जाएगा, उनके नाम हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स, मैक्स हेल्थकेयर इंस्टीट्यूट और सोना बीएलडब्ल्यू प्रिसिजन हैं। दुनिया भर के इक्विटी निवेशक निवेश संबंधी फैसले करने के लिए एमएससीआई वैश्विक मानक सूचकांक का व्यापक रूप से उपयोग करते हैं।

ई-कॉमर्स कंपनियों को अपने मंच से कार सीट बेल्ट अलार्म बंद करने वाले उपकरण को हटाने का आदेश

नयी दिल्ली, । ई-कॉमर्स कंपनियां अपने मंच से कार सीट बेल्ट अलार्म को बंद करने वाले उपकरणों की बिक्री नहीं कर सकेंगी। उपभोक्ता संरक्षण नियामक सीसीपीए ने अमेजन और फ्लिपकार्ट सहित पांच ई-कॉमर्स कंपनियों को अपने मंच से ऐसे उपकरणों को हटाने का आदेश दिया है।

नियामक ने कहा कि ये उपकरण (स्टॉपर क्लिप) सीट बेल्ट न पहनने पर अलार्म की आवाज को रोकते हैं, जिससे यात्रियों की सुरक्षा से समझौता होता है। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने अमेजन, फ्लिपकार्ट, स्नैपडील, शॉपक्लूज और मीशो से कहा है कि वे कार सीट बेल्ट के अलार्म को बंद करने वाले स्टॉपर क्लिप और संबंधित कलपुर्जों को अपने मंच से स्थायी रूप से हटा दें।

इस आदेश के बाद पांच ई-कॉमर्स कंपनियों ने अपने मंच से 13,118 कार सीट बेल्ट अलार्म स्टॉपर क्लिप हटा दिया है। नियामक ने एक बयान में कहा कि अमेजन ने 8,095 ऐसी क्लिप को हटा दिया है, वहीं फ्लिपकार्ट ने करीब 5,000 क्लिप को हटाया है। इसके अलावा सीसीपीए ने राज्यों के मुख्य सचिवों और जिलाधिकारियों को पत्र लिखकर ऐसे उपकरण बनाने और बेचने वालों के खिलाफ उचित कार्रवाई करने को भी कहा है।

अमेरिका में महंगाई घटी तो गिर गया सोने का दाम, चांदी में भारी गिरावट

नई दिल्ली, एजेंसी। सोने-चांदी की कीमतों में शुक्रवार को गिरावट देखने को मिल रही है। एमसीएक्स एक्सचेंज पर भी सोने-चांदी की घरेलू वायदा कीमतों में गिरावट देखी जा रही है। एमसीएक्स पर 5 जून, 2023 की डिलीवरी वाला सोना शुक्रवार दोपहर 137 रुपये की गिरावट के साथ 60,755 रुपये प्रति 10 ग्राम पर ट्रेड करता दिखा। वैश्विक स्तर पर भी सोने की कीमतों में गिरावट देखने को मिली है। डॉलर इंडेक्स में मजबूती के चलते सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट देखने को मिली है। अमेरिका में महंगाई के आकंड़े उम्मीद से अच्छे आए हैं। इससे डॉलर इंडेक्स में उछाल देखने को मिला है। आंकड़ों से इन उम्मीदों को बल मिला है कि अब फेडरल रिजर्व ब्याज दरों में बढ़ोतरी को बंद कर सकता है।

चांदी में भारी गिरावट : चांदी के घरेलू वायदा भाव में शुक्रवार को भारी गिरावट देखने को मिली है। 5 जुलाई की डिलीवरी वाली चांदी शुक्रवार दोपहर 1.03 फीसदी या 757 रुपये की गिरावट के साथ 73,051 रुपये प्रति किलोग्राम पर ट्रेड करती दिखी। वैश्विक स्तर पर भी चांदी की कीमतों में गिरावट देखने को मिली है।

सोने का वैश्विक भाव : सोने की वैश्विक कीमतों में शुक्रवार दोपहर गिरावट देखने को मिली है। कॉमेक्स पर सोने का वैश्विक वायदा भाव 0.30 फीसदी या 6 डॉलर की गिरावट के साथ 2,014.50 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिखा। वहीं, सोने का वैश्विक हाजिर भाव 0.24 फीसदी या 4.88 डॉलर की गिरावट के साथ 2,010.17 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिखा।

चांदी का वैश्विक भाव : कॉमेक्स पर चांदी का वैश्विक हाजिर भाव 1.18 फीसदी या 0.29 डॉलर की गिरावट के साथ 24.14 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिखा। वहीं, चांदी की वैश्विक हाजिर कीमत 0.85 फीसदी या 0.21 डॉलर की गिरावट के साथ 23.98 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करती दिखी।

म्युचुअल फंडों के पास ग्राहकों के बिना दावे के करोड़ों रुपए

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत में म्युचुअल फंडों के संगठन (एम्फी) ने गुरुवार को कहा कि म्युचुअल फंडों के पास बगैर दावे के करीब 2,500 करोड़ रुपए के लाभांश और यूनिट हैं। इस कुल राशि में से करीब 1,600 करोड़ रुपए बगैर दावे वाले लाभांश और शेष बिना दावे से जुड़ी बिकवाली से संबंधित हैं। एम्फी के मुख्य कार्याधिकारी एन एस वेंकटेश ने कहा कि संगठन ने यह सुनिश्चित करने के लिए बाजार नियामक सेबी के साथ लगातार काम किया है कि यह राशि सही मालिकों के हाथों में पहुंच जाए।

उन्होंने कहा, 'सेबी ने एम्फी को यह सुनिश्चित करने की सलाह दी है कि निवेशक

या उनके नोमिनी या वारिस को पूंजी मिले। हम इस संबंध में सेबी के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। यह आंकड़ा निकट भविष्य में काफी घट जाएगा।' वेंकटेश ने कहा कि फंड हाउस इन निवेशकों से ईमेल आईडी और उनके पैन से जुड़े फोन नंबरों के जरिए संपर्क बनाने की कोशिश कर रहे हैं।

राशि को ऐसे हालात में बगैर दावे वाली माना जाएगा, जब फंड हाउस ऑनलाइन के साथ-साथ ऑफलाइन माध्यमों के जरिए निवेशकों को लाभांश और रिडम्पशन संबंधित भुगतान देने में विफल रहा हो। इसका एक कारण संबंधित बैंक खातों का बंद होना भी है। सेबी के नियमों के अनुसार, यह राशि लिक्विड या ओवरनाइट जैसी अल्पावधि डेट योजनाओं में रखी जाती है।

बगैर दावे वाली बचत और निवेश लगभग सभी बैंकों और निवेश योजनाओं के लिए समस्या है। पिछले महीने सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के पास करीब 35,000 करोड़ रुपए की बगैर दावे की जमाएं होने का अनुमान लगाया था। वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री भागवत कराड ने संसद में एक लिखित जवाब में कहा, 'आरबीआई के पास मौजूद जानकारी के अनुसार, फरवरी 2023 के अंत तक केंद्रीय बैंक को जमाओं के संबंध में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) द्वारा बगैर दावे वाले 35,012 करोड़ रुपए स्थानांरित किए गए, जो करीब 10 साल से निष्क्रिय पड़े हुए थे।'

अवीवा लाईफ इंश्योरेंस को लगातार पाँचवें साल भारत के सबसे भरोसेमंद प्राईवेट लाईफ इंश्योर का पुरस्कार मिला

मुंबई, एजेंसी। अवीवा लाईफ इंश्योरेंस को टीआरए ब्रांड ट्रस्ट रिपोर्ट 2023 के 12वें संस्करण में लगातार पाँचवें साल भारत के सबसे भरोसेमंद प्राईवेट लाईफ इंश्योरेंस ब्रांड के रूप में चुना गया है। साथ ही, कंपनी विभिन्न सेक्टर्स में 1000 ब्रांड्स की सूची में 73वें स्थान पर और बीएफएसआई सेक्टर में छठवें स्थान पर रही है।इस सम्मान के बारे में श्री विनीत कपाही, हेड ऑफ मार्केटिंग, अवीवा लाईफ इंश्योरेंस ने कहा, ''हमें लगातार पाँचवें साल यह पुरस्कार जीतने की खुशी है। यह सम्मान हमें अपने ग्राहकों और साझेदारों के निरंतर विश्वास के बल मिल पाया है। हमें अपने ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण और 'विद यू टुडे, फॉर ए बैटर टुमॉरो' (बेहतर कल के लिए, आज तुम्हारे साथ) के अपने उद्देश्य पर गर्व है। यह प्रयास हमें उत्कृष्टता की ओर अपना सफर जारी रखने और पूर्ण तत्परता एवं प्रतिबद्धता के साथ अपने ग्राहकों को सेवाएं देने के लिए प्रेरित करता है।' अवीवा लाईफ इंश्योरेंस चाईल्ड प्लान, इन्वेस्टमेंट एवं रिटायरमेंट प्लांस सहित लाईफ इंश्योरेंस उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है। कंपनी आसान व सुगम लाईफ इंश्योरेंस समाधान प्रदान करने के सिद्धांत पर काम करती है। ग्राहकों की वित्तीय जरूरतों को पूरा करते हुए कंपनी ने इस साल अपनी सिग्नेचर सीरीज़ में 2 नए उत्पाद लॉन्च किए हैं; अवीवा सिग्नेचर गारंटीड इंकम प्लान दीर्घकालिक आय की जरूरतों को पूरा करता है और अवीवा सिग्नेचर इन्वेस्टमेंट प्लान मार्केट-लिंक्ड इन्वेस्टमेंट के लिए है। आगे भी कंपनी अपने ग्राहकों को एक बेहतर भविष्य बनाने में मदद करने के लिए प्रतिबद्ध रहेगी, और उनकी निरंतर बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए इनोवेशन व अनुकूलन करती रहेगी। श्री एन. चंद्रमौली, सीईओ, टीआरए रिसर्च ने कहा, ''यह अवार्ड पिछले पाँच साल से लगातार भारत का सबसे भरोसेमंद प्राईवेट लाईफ इंश्योरेंस ब्रांड बनने की अवीवा की अटल प्रतिबद्धता और इच्छाशक्ति का उदाहरण है। यह उपलब्धि उनके ग्राहक पर केंद्रित दृष्टिकोण, संलग्नता और विश्वसनीयता को प्रदर्शित करती है। हम यह सम्मान प्राप्त करने के लिए उन्हें बधाई देते हैं।' ब्रांड ट्रस्ट 2023 रिपोर्ट कंज़्यूमर इनसाईट्स एवं ब्रांड एनालिटिक्स कंपनी, टीआरए द्वारा तैयार की जाती है, जो पिछले 12 सालों से यह सिंडिकेटेड रिसर्च करती आ रही है। इस रिसर्च में एक विस्तृत ब्रांड ट्रस्ट मैट्रिक्स तैयार की जाती है, जिसमें 61 ब्रांड गुण, 10 ब्रांड व्यवहार, और विश्वास के 3 आधार, जैसे विश्वास की क्षमता का निर्माण, सकारात्मक आशय की धारणा का निर्माण एवं संदर्भित प्रतिस्पर्धात्मकता का प्रदर्शन शामिल है। अवीवा लाईफ इंश्योरेंस इंडिया वृद्धि के सस्टेनेबल मॉडल के साथ भारत का एक अग्रणी इंश्योरर है। यह डाबर इन्वेस्ट कॉर्प और यूके स्थित इंश्योरेंस समूह, अवीवा इंटरनेशनल होल्डिंग्स लिमिटेड के बीच एक संयुक्त उपक्रम है, जो 325 सालों से ज्यादा समय से लोगों का ख्याल रख रहा है।

अप्रैल में यात्री वाहनों की थोक बिक्री 13 फीसदी बढ़ी: सिआम

नई दिल्ली, एजेंसी। घरेलू यात्री वाहनों की थोक बिक्री अप्रैल में सालाना आधार पर 13 प्रतिशत बढ़ गई। उद्योग संगठन सिआम ने शुक्रवार को बताया कि इस दौरान सभी खंडों में मांग मजबूत रही। आंकड़ों के मुताबिक थोक बिक्री अप्रैल 2022 में 2,93,303 इकाइयों की तुलना में अप्रैल 2023 में बढ़कर 3,31,278 इकाई हो गई। थोक बिक्री का मतलब कंपनियों से डीलरों तक पहुंचने वाले यात्री वाहनों की संख्या से है।

इस दौरान मारुति सुजुकी इंडिया ने 1,37,320 वाहन डीलरों को भेजे। पिछले साल समान अवधि में यह आंकड़ा 1,21,995 इकाई था। इसी तरह हुंदै मोटर इंडिया की थोक बिक्री अप्रैल में 49,701 इकाई रही, जो एक साल पहले इसी अवधि में 44,001 इकाई थी।

सिआम ने बताया कि दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री समीक्षाधीन महीने में 15 प्रतिशत बढ़कर 13,38,588 इकाई हो गई, जो एक साल पहले 11,62,582 इकाई थी। समीक्षाधीन माह में तिपहिया वाहनों की थोक बिक्री बढ़कर 42,885 इकाई हो गई। सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सिआम) के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने कहा कि आने वाले वक्त में अन्य कारकों के अलावा मानसून की अच्छी बारिश इस क्षेत्र में वृद्धि को बनाए रखने में मदद कर सकती है। सिआम के महानिदेशक राजेश मेनन ने कहा कि पिछले महीने यात्री वाहनों की बिक्री किसी भी साल अप्रैल में अब तक सबसे अधिक रही।

सुंदरम होम फाइनेंस को वृद्धि जारी रहने का विश्वास: प्रबंध निदेशक

चेन्नई, एजेंसी। सुंदरम होम फाइनेंस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि रियल एस्टेट क्षेत्र में मांग सकारात्मक बनी हुई है और कंपनी चालू वित्त वर्ष में अपनी वृद्धि जारी रखेगी। गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी सुंदरम फाइनेंस लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी ने 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही में 65.68 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया। यह आंकड़ा पिछले वर्ष की समान अवधि के 53.05 करोड़ रुपये से 23.8 प्रतिशत ज्यादा है। कंपनी का कर्ज वितरण जनवरी-मार्च, 2022 के 794.08 करोड़ रुपये से बढ़कर मार्च, 2022 तिमाही में 1,222.46 करोड़ रुपये हो गया। सुंदरम होम फाइनेंस के प्रबंध निदेशक (एमडी) लक्ष्मीनारायण दुरईस्वामी ने कहा, ÷रियल एस्टेट क्षेत्र में मांग सकारात्मक बनी हुई है। हमें चालू वित्त वर्ष में भी वृद्धि जारी रहने का पूरा विश्वास है। हमारी वृद्धि अब तीसरी एवं चौथी श्रेणी के कस्बों से आएगी।÷ कंपनी का शुद्ध लाभ पूरे वित्त वर्ष 2022-23 के लिए बढ़कर 215.81 करोड़ रुपये हो गया, जो इससे पिछले वर्ष में 167.70 करोड़ रुपये था। पूरे वित्त वर्ष में कर्ज वितरण बढ़कर 3,976.41 करोड़ रुपये हो गया जो इससे पिछले वर्ष में 2,336.49 करोड़ रुपये था।

पोको की फ्लैगशिप एफ-सीरीज़ में नई पेशकश

नई दिल्ली, एजेंसी। पोको की फ्लैगशिप एफ-सीरीज़ में सबसे नई पेशकश, पोको एफ5 5जी उपभोक्ताओं के लिए शक्तिशाली फीचर्स लेकर आई है। एफ-सीरीज़ की विरासत को आगे बढ़ाते हुए पोको एफ5 5जी भारत में स्नैपड्रैगन 7+ जनरेशन 2 के साथ उतर रहा है, जो अब तक का सबसे शक्तिशाली स्नैपड्रैगन 7-सीरीज़ स्मार्टफोन है। बेहतरीन इनोवेशन प्रदान करने और टेक प्रेमियों की मदद करने के लिए पोको एफ-सीरीज़ प्रदर्शन, मल्टीमीडिया के अनुभव और फोटोग्राफी के गुणों में सर्वश्रेष्ठ है। लॉन्च की घोषणा के बारे में हिमांशु टंडन, कंट्री हेड, पोको इंडिया ने कहा, ''पोको अपने ग्राहकों की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए विकास और इनोवेश्ज्ञन के अपने दृष्टिकोण के प्रति अटल रहा है। हमें बाजार में अपना लेटेस्ट स्मार्टफोन, पोको एफ5 पेश करने की खुशी है। इस डिवाईस में इनोवेटिव फीचर्स हैं, जो ग्राहकों की अपेक्षाओं से बढ़कर होंगे। स्नैपड्रैगन 7+ जनरेशन 2 द्वारा पॉवर्ड पोको एफ5 सेगमेंट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला स्मार्टफोन होगा, जिसमें सेगमेंट की सर्वश्रेष्ठ डिस्प्ले क्षमताएं होंगी। हम उत्सुक हैं कि ग्राहक इस बेहतरीन डिवाईस का अनुभव स्वयं लें, और स्मार्टफोन टेक्नॉलॉजी के भविष्य को अपने हाथों में देखें।''सचिन कलांत्री, सीनियर डायरेक्टर, प्रोडक्ट मार्केटिंग, क्वालकॉम इंडिया ने कहा, ''हमें लेटेस्ट पोको एफ5 5जी के लिए पोको के साथ गठबंधन करने की खुशी है।

आईआईटी मद्रास ने चिकित्सा विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग का शुभारंभ किया

चेन्नई, एजेंसी। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास (आईआईटी मद्रास) ने चिकित्सा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग का शुभारंभ किया है। यह चिकित्सा विज्ञान और इंजीनियरिंग में चार वर्षीय बी.एस. प्रोग्राम का संचालन करेगा। यह कोर्स भारत में पहली बार शुरू किया जाएगा। आज (11 मई 2023) विभाग के उद्घान में कॉग्निजेंट के सह-संस्थापक श्री लक्ष्मी नारायणन, और आईआईटी मद्रास के निदेशक प्रोफेसर वी. कामकोटि, इस विभाग की संचालन समिति के मेडिकल क्लीनिशियंस और अन्य भागीदार मौजूद थे।यह कोर्स विभिन्न विषयों के परस्पर सहयोग का दृष्टिकोण रखते हुए जीवन रक्षक चिकित्सा उपकरण, दवा की खोज, चिकित्सा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मौलिक चिकित्सा अनुसंधान के लिए छात्रों को तैयार करेगा। यह विभाग चिकित्सकों के क्लिनिकल कार्यों में टेक्नोलॉजी के प्रभावी उपयोग करने का प्रशिक्षण देगा और भारत में चिकित्सक-वैज्ञानिक प्रशिक्षण की नींव रखेगा। करिकुलम तैयार करने में भारत और विदेशों

के दिग्गज चिकित्सक शामिल रहे हैं जो इस विभाग में 'प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस' की जिम्मेदारी निभाएंगे। गौरतलब है कि यह विभाग पहले ही भारत के प्रमुख अस्पतालों और चिकित्सा संस्थानों से इस संबंध में सहयोग करार कर चुका है। कॉग्निजेंट के सह-संस्थापक श्री लक्ष्मी नारायणन ने अपने उद्घाटन संबोधन में कहा, चिकित्सा विज्ञान में परस्पर सहयोग से अनुसंधान शुरू होने से भारत क्लिनिकल चिकित्सा के बेहतर परिणाम देने में दुनिया में अव्वल आ सकता है। अंतरिक्ष विज्ञान, परमाणु विज्ञान, डिजिटल और जैव प्रौद्योगिकी में हम ने अनुसंधान क्षमता और इसकी बढ़ती संभावना का प्रदर्शन किया है। ऐसे में मेडिसिन में इस क्षमता का विस्तार करना सहज ही अगला कदम है। इस अनोखी पहल का लक्ष्य एक अभूतपूर्व चिकित्सा विज्ञान और प्रौद्योगिकी शोध केंद्र बनाना है ताकि 'चिकित्सक-वैज्ञानिक' और 'इंजीनियर-चिकित्सक' तैयार और प्रशिक्षित कर उन्हें उनके कार्य क्षेत्रों में भावी लीडर बनाया जाए। नया विभाग विभिन्न चिकित्सा विषयों को जोड़ने वाले मौलिक और व्यावहारिक अनुसंधान दोनों कार्यक्रमों का संचालन करेगा। आईआईटी मद्रास आवश्यक संसाधन और प्लैटफार्म दे कर यह उम्मीद रखता है कि शोधकर्ता इनोवेटिव टेक्नोलॉजी विकसित करेंगे जो आने वाली पीढ़ियों के मरीजों को एक बेहतर जिन्दगी देगी। संस्थान का एक उद्देश्य यह भी है कि एक विशिष्ट चिकित्सा विज्ञान और प्रौद्योगिकी शोध केंद्र स्थापित कर चिकित्सक-वैज्ञानिक और इंजीनियर-चिकित्सक तैयार और प्रशिक्षित करे जो आने वाले समय में अपने कार्य क्षेत्रों की बागडोर संभाले। संस्थान चिकित्सा के विभिन्न विषयों को जोड़ने वाले मौलिक और व्यावहारिक अनुसंधान कार्यक्रमों का भी संचालन करेगा। यह आवश्यक संसाधन और प्लैटफार्म प्रदान करते हुए इसके प्रति आश्वस्त है कि शोधकर्ता आने वाली पीढ़ियों के लिए मरीजों को बेहतर जिन्दगी देने में सक्षम इनोवेटिव टेक्नोलॉजी का विकास कर पाएंगे। शुभारंभ समारोह के अपने संबोधन में आईआईटी मद्रास के निदेशक प्रोफेसर वी. कामकोटि ने कहा, कोविड काल में हम ने साफ तौर पर यह महसूस किया कि देश के अंदर भविष्य में ऐसे संकट से निकलने के लिए चिकित्सा विज्ञान में प्रौद्योगिकी को समावेश आवश्यक है। हालांकि हम तो यही कामना करते हैं कि ऐसी चुनौतियां फिर कभी नहीं आएं। लेकिन हमारी यह पहल ऐसे मामलों से निपटने में अहम भूमिका निभाएगी। प्रो. वी. कामकोटि ने कहा, हम चिकित्सा और प्रौद्योगिकी क्षेत्र के प्रोफेशनलों को एकजुट करने के मिशन पर हैं जिसका मसकद अब तक अनसुलझे चिकित्सा मुद्दों का अभूतपूर्व समाधान देना है। हम उपचार के बेहतर विकल्प सुधार और स्वास्थ्य सेवा में नए दौर की शुरुआत करना चाहते हैं।

बैंक ऑफ बड़ौदा ने बढ़ाई एफडी पर ब्याज दरें

नई दिल्ली, एजेंसी। बैंक ऑफ बड़ौदा ने फिक्स डिपॉजिट यानी एफडी पर ब्याज दरों को बढ़ा दिया है। इस सरकारी बैंक ने 2 करोड़ रुपये तक की एफडी पर ब्याज दरों को बढ़ाया है। इससे सामान्य नागरिकों को लिए बीओबी एफडी पर ब्याज दर 7.25 फीसदी तक पहुंच गई है। वहीं, सीनियर सिटीजंस के लिए दरें 7.75 फीसदी तक पहुंच गई है। बैंक ऑफ बड़ौदा की एफडी पर नई ब्याज दरें 12 मई से लागू हो गई हैं। बीते महीनों में रेपो रेट में हुए इजाफे के बाद कई बैंकों ने एफडी पर अपनी ब्याज दरों को बढ़ाया है। इससे एफडी की तरफ लोगों का आकर्षण भी बढ़ा है। बैंक ऑफ बड़ौदा 399 दिन की एफडी पर सामान्य नागरिकों को 7.25 फीसदी और सीनियर सिटीजंस को 7.75 फीसदी ब्याज दर ऑफर कर रहा है। यह बड़ौदा तिरंगा प्लस डिपॉजिट स्कीम है। यह बैंक 10 साल से अधिक अवधि की एफडी पर सामान्य नागरिकों को 6.25 फीसदी और सीनियर सिटीजंस को 6.75 फीसदी ब्याज दर ऑफर कर रहा है। पांच साल से अधिक और 10 साल तक की एफडी पर बैंक सामान्य नागरिकों को 6.5 फीसदी और सीनियर सिटीजंस को 7.50 फीसदी ब्याज दर ऑफर कर रहा है।

पोको की फ्लैगशिप एफ-सीरीज़ में नई पेशकश

नई दिल्ली, एजेंसी। पोको की फ्लैगशिप एफ-सीरीज़ में सबसे नई पेशकश, पोको एफ5 5जी उपभोक्ताओं के लिए शक्तिशाली फीचर्स लेकर आई है। एफ-सीरीज़ की विरासत को आगे बढ़ाते हुए पोको एफ5 5जी भारत में स्नैपड्रैगन 7+ जनरेशन 2 के साथ उतर रहा है, जो अब तक का सबसे शक्तिशाली स्नैपड्रैगन 7-सीरीज़ स्मार्टफोन है। बेहतरीन इनोवेशन प्रदान करने और टेक प्रेमियों की मदद करने के लिए पोको एफ-सीरीज़ प्रदर्शन, मल्टीमीडिया के अनुभव और फोटोग्राफी के गुणों में सर्वश्रेष्ठ है। लॉन्च की घोषणा के बारे में हिमांशु टंडन, कंट्री हेड, पोको इंडिया ने कहा, ''पोको अपने ग्राहकों की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए विकास और इनोवेश्ज्ञन के अपने दृष्टिकोण के प्रति अटल रहा है। हमें बाजार में अपना लेटेस्ट स्मार्टफोन, पोको एफ5 पेश करने की खुशी है। इस डिवाईस में इनोवेटिव फीचर्स हैं, जो ग्राहकों की अपेक्षाओं से बढ़कर होंगे। स्नैपड्रैगन 7+ जनरेशन 2 द्वारा पॉवर्ड पोको एफ5 सेगमेंट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला स्मार्टफोन होगा।

आईपीएल 2023

पर्पल कैच के लिए 2 भारतीय गेंदबाज शमी और चहल में जंग, ऑरेंज कैप में भी जबरदस्त रेस

नईदिल्ली (एजेंसी)। किस गेंदबाज के सिर पर पर्पल कैप सजेगी और किसके सिर पर ऑरेंज कैप...यह देखना अब दिलचस्प हो गया है। आईपीएल 2023 के 56 मैच हो चुके हैं। शुक्रवार को हुए मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 9 विकेट से बड़ी जीत दर्ज की। सीजन अब समाप्ति की ओर है, ऐसे में पर्पल कैप और ऑरेंज कैप की रेस में लगातार रोमांच देखने देखने को मिल रहा है।

पर्पल कैप की बात करें तो फिलहाल दो भारतीय गेंदबाज भी इसको कब्जे में लेने के लिए होड़ में हैं। राजस्थान रॉयल्स के स्पिनर युजवेंद्र चहल फिलहाल पर्पल कैप पर कब्जा किए हुए हैं। उन्होंने कोलकाता के खिलाफ 4 विकेट लिए, इसी के साथ उनके 12 मैचों में 21 विकेट हो गए। वहीं दूसरे नंबर गुजरात टाइटंस के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी हैं, जो 11 मैचों में 19 विकेट ले चुके हैं।

इस सीजन सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले टॉप-5 गेंदबाज-

21- युजवेंद्र चहल मैच 12
19- मोहम्मद शमी मैच 11
19- राशिद खान, मैच 11
19- तुषार देशपांडे, मैच 11
17- पीयूष चावला, मैच 11

ऑरेंज कैप के लिए भी रोचक जंग

इसके अलावा ऑरेंज कैप के लिए भी रोचक जंग देखने को मिल रही है। फिलहाल, आरसीबी के कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने कैप पर कब्जा किया हुआ है, जिनके 11 मैचों में 576 रन हैं। लेकिन खास बात यह है कि राजस्थान के युवा ओपनर यशस्वी जायसवाल भी उनसे ज्यादा पीछे नहीं हैं। जायसवाल भी 12 मैचों में 575 रन बना चुका हैं। यानी कि वह ऑरेंज कैप पर कब्जा करने के लिए मात्र 1 रन पीछेहैं।

ऑरेंज कैप की रेस में शामिल टॉप-5 बल्लेबाज-

576 रन, फाफ डु प्लेसिस, मैच 11
575 रन, यशस्वी जायसवाल, मैच 12
469 रन, शुभमन गिल, मैच 11
468- रन, डेवोन कॉन्वे, मैच 11
420 रन, विराट कोहली, मैच 11

बिना देर किए यशस्वी और रिंकू को मिले टीम इंडिया में जगह: शास्त्री

कोलकाता (एजेंसी)। भारतीय टीम के पूर्व सदस्य हरभजन सिंह और रवि शास्त्री ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के शानदार प्रदर्शन कर रहे यशस्वी जायसवाल और रिंकू सिंह को बगैर देर किए भारत की टी-20 टीम में जगह दिए जाने की वकालत की है। स्टार स्पोटर्स से बातचीत में पूर्व भारतीय स्पिनरों ने कहा कि भारत की टी20 टीम में युवा प्रतिभाओं को शामिल करने का समय आ गया है और इसमें देरी करना बिल्कुल तकर्संगत नहीं होगा।

शास्त्री ने कहा, ''अगर टीम इंडिया वनडे वर्ल्ड कप पर फोकस कर रही है तो चयनकर्ताओं को यशस्वी और रिंकू जैसे युवाओं को अधिक से अधिक मौके देने पर ध्यान देना चाहिए। इन खिलाड़ियों को फास्ट ट्रैक किया जाना चाहिए और अगले साल वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप के लिए इन्हे तैयार किया जा सकता है। अगर चयनकर्ता अभी उन्हें नहीं चुनते हैं तो मुझे नहीं पता कि वे और क्या खोज रहे हैं। मुबंई के यशस्वी जायसवाल आईपीएल में राजस्थान रायल्स की ओर से खेलते हुए शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। 21 साल के यशस्वी ने आईपीएल के इतिहास में सबसे तेज अर्धशतक लगाकर एक बड़ा रिकॉर्ड बनाया। केकेआर के खिलाफ स्टाइलिश बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज ने सिर्फ 13 गेंदों पर अर्धशतक बनाया जो अब तक का

दूसरा सबसे तेज टी20 अर्धशतक है।

युवा खिलाड़ी से प्रभावित भारत के पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह का मानना है कि जायसवाल राष्ट्रीय चयनकर्ताओं को उनकी प्रतिभा पर ध्यान देने और उन्हें कॉल-अप देने के लिए मजबूर कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ''यशस्वी जायसवाल सिर्फ भारतीय क्रिकेट टीम के दरवाजे पर दस्तक ही नहीं दे रहे हैं बल्कि वह अपने लगातार अच्छे प्रदर्शन से इसे तोड़ते दिख रहे हैं। वह एक प्रतिभा है। उन्हे देखकर लगता है कि भारतीय क्रिकेट का भविष्य अच्छे हाथों में है।

इस बीच, भारत के स्टार स्पिनर युजवेंद्र चहल आईपीएल के मौजूदा सत्र में राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेलते हुए पर्पल कैप को पुन=प्राप्त करने के साथ टूर्नामेंट के इतिहास में अग्रणी विकेट लेने वाले खिलाड़ी बन गए है। आईपीएल में लगातार अच्छे प्रदर्शन के लिए चहल की तारीफ करते हुए हरभजन ने दावा किया कि हरियाणा का क्रिकेटर बल्लेबाजों के दिमाग से खेलता है। हरभजन ने कहा, ''युजवेंद्र चहल फॉर्मेट नहीं खेलते बल्कि बल्लेबाजों के दिमाग से खेलते हैं। वह पूरी तरह दिमाग से गेंदबाजी करते हैं और छक्के लगने से नहीं डरते। वह पिच का बेहतरीन इस्तेमाल करते हैं और इसी वजह से बल्लेबाजों को उसे खेलने में परेशानी होती है।

बेल्जियम में शुभंकर शर्मा की ठोस शुरुआत

एंटवर्प (एजेंसी)। भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा ने यहां सौडल ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर में तीन अंडर 68 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त 18वें स्थान चल रहे हैं। शुभंकर ने पहले दौर में पांच बर्डी बनाई लेकिन इस बीच दो बोगी भी की। यह टूर्नामेंट 'डीपी वर्ल्ड टूर' का हिस्सा है। भारत के ही एक अन्य खिलाड़ी मनु गंडास ने इवन पार 71 का कार्ड खेला और वह पहले दौर के बाद संयुक्त 75वें स्थान पर चल रहे हैं। उन्हें कट में जगह बनाने के लिए दूसरे दौर में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। स्वीडन के साइमन फोर्सस्ट्रॉम ने 2023 के सत्र में अभी तक का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए सात अंडर 64 का कार्ड खेला और वह पहले दौर के बाद एक शॉट की बढ़त के साथ शीर्ष पर काबिज हैं।

हरभजन बोले

यशस्वी जायसवाल सिलेक्शन के दरवाजे खटखटा नहीं रहा, बल्कि तोड़ रहा है

जयपुर (एजेंसी)। राजस्थान रॉयल्स के युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल आईपीएल 2023 में पूरी तरह छाए हुए हैं। राजस्थान की ओर से इस सीजन में अब तक सबसे ज्यादा रन बनाने वाले जायसवाल ऑरेंज कैप की रेस में दूसरे स्थान पर हैं। जायसवाल ने अब तक 12 मैचों में 52.27 की औसत के साथ कुल 575 रन बना चुके हैं। वहीं गुरुवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ आईपीएल इतिहास का सबसे तेज अर्धशतक लगाने के बाद वह काफी सुर्खियां बटोर रहे हैं।

कोलकाता के खिलाफ 150 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए जायसवाल ने 47 गेंदों में 13 चौके और 5 छक्कों की मदद से नाबाद 98 रनों की पारी खेल राजस्थान को जीत दिलाई। अपनी इस पारी के दौरान उन्होंने मात्र 13 रनों में अर्धशतक पूरा किया जोकि अईपीएल इतिहास के सबसे तेज अर्धशतक है। इस शानदार पारी के बाद पूर्व किकेटर हरभजन सिंह ने यशस्वी जायसवाल की जमकर तारीफ की है।

हरभजन ने जायसवाल की तारीफ करते हुए कहा कि वह भारतीय टीम में सिलेक्शन के दरवाजे तोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा, यशस्वी जायसवाल न केवल भारतीय क्रिकेट टीम के दरवाजे पर दस्तक दे रहे हैं, बल्कि लगातार अच्छे प्रदर्शन से इसे तोड़ते दिख रहे हैं। उन्होंने घरेलू क्रिकेट के अपने शानदार फॉर्म को आईपीएल में भी लाया है। वह क्या प्रतिभा है। भारतीय टीम का भविष्य क्रिकेट अच्छे हाथों में है।

हरभजन सिंह के अलावा भारतीय टीम के पूर्व हेड कोच रवि शास्त्री ने भी जायसवाल की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि जायसवाल जल्द ही भारतीय टीम में जगह बनाने जा रहे हैं। रवि शास्त्री ने

स्टार स्पोर्ट्स पर कहा, जिसने भी यशस्वी जायस्वाल की बल्लेबाजी देखी, उन सभी ने एक स्वर में उनकी तारीफ की है। जायसवाल के ऑफ साइड में खेले गए शॉट्स को देखें, उनका सिर बिल्कुल सटीक और स्थिर रहता है। उनके फुटवर्क में भी कोई कमी नहीं है। यह खिलाड़ी, जो सिर्फ 21 साल का है और कड़ी राह से होकर आया है।'

रवि शास्त्री ने भारतीय टीम में जायसवाल के सिलेक्शन पर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए कहा, तुरंत ही चयनकर्ता उन्हें देखना पसंद करेंगे, जो वह देख रहे हैं। वे लंबे इंतजार के बाद ऐसी प्रतिभा को देखना चाहेंगे। कोई ऐसा जो प्रत्येक प्रारूप में शानदार है। खासतौर से वह वाइट बॉल क्रिकेट में और टी20 में वह अपनी टीम के लिए आते हैं। वह इस बात की परवाह नहीं करते हैं कि उनके सामने कौन है। टीम चयन में सबसे पहला नाम उनका ही होगा।

अगर मैं चयनकर्ता होता, तो यशस्वी को आगामी वनडे विश्व कप में शामिल करता: रैना

नई दिल्ली (एजेंसी)। पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना ने दावा किया है कि अगर वह भारतीय क्रिकेट टीम के चयनकर्ता होते तो वे भारत में होने वाले आगामी वनडे विश्व कप के लिए यशस्वी जायसवाल को टीम में शामिल करते। जायसवाल इस सीजन में राजस्थान रॉयल्स के लिए बेहतरीन फॉर्म में रहे हैं और उन्होंने 12 मैचों में 52.27 की औसत से 575 रन बनाए हैं। उन्होंने इस सीजन में पहले ही शतक बना लिया था और गुरुवार को केकेआर के खिलाफ एक और शानदार पारी खेली। जीत के लिए 150 रनों का पीछा करते हुए जायसवाल ने मात्र 13 गेंदों पर टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे तेज आईपीएल अर्धशतक पूरा किया और 98 रन बनाकर नाबाद रहे। जायसवाल की पारी में 12 चौके और 5 छक्के शामिल थे।

रैना ने जियो सिनेमा से बात करते हुए कहा कि अगर वह भारतीय चयनकर्ता होते, तो उन्होंने तुरंत ही विश्व कप टीम के लिए साइन कर लेते, क्योंकि वो बिल्कुल नए दिमाग में है। रैना ने कहा कि जायसवाल ने उन्हें वीरेंद्र सहवाग की याद दिलाई और कहा कि भारतीय कप्तान रोहित शर्मा युवा बल्लेबाज पर पैनी नजर रखेंगे क्योंकि उन्हें विश्व कप के लिए उनके जैसे खिलाड़ियों की जरूरत होगी। रैना ने कहा, अगर मैं भारतीय चयनकर्ता होता, तो मैं उसे आज ही विश्व कप के लिए साइन कर लेता क्योंकि वह बहुत ताजा दिमाग में है। वह मुझे वीरेंद्र सहवाग की याद दिलाते हैं। मुझे यकीन है कि रोहित शर्मा इसे देख रहे होंगे क्योंकि वह विश्व कप के लिए उनके जैसे बल्लेबाजों की तलाश कर रहे होंगे।

अपनी अविश्वसनीय फॉर्म के बावजूद जायसवाल ने कहा कि वह धैर्यवान हैं और भारत का प्रतिनिधित्व करने के अपने मौके का इंतजार करेंगे। जायसवाल ने कहा, मुझे लगता है कि मुझे बस अपने खेल, अपनी प्रक्रिया पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है। मेरे भाग्य में जो भी आएगा वह आएगा और भगवान ने मेरे लिए जो भी योजना बनाई है, मुझे विश्वास है कि वह होगा। मुझे उस पर नियंत्रण करने की आवश्यकता है जिसे मैं

नियंत्रित कर सकता हूं। निश्चित रूप से जब से मैंने क्रिकेट खेलना शुरू किया था तब से ही मेरे दिमाग में हमेशा से यह बात रही है कि एक दिन मैं वह जर्सी पहनूंगा लेकिन कोई बात नहीं मैं धैर्यवान हूं, मैं कोशिश करता रहूंगा, जहां भी वह आएगा। मुझे बस वह करने की जरूरत है जो मैं करता हूं।

जोश-जोश में बटलर खो बैठे होश, कर बैठे बड़ी गलती, बीसीसीआई ने ठोका जुर्माना

जयपुर (एजेंसी)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 के 56वें मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स पर 9 विकेट से बड़ी जीत दर्ज की। कोलकाता ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 150 रनों का लक्ष्य रखा था, जिसके जवाब में राजस्थान ने मात्र 1 विकेट के नुकसान पर 14वें ओवर में ही जीत दर्ज कर ली। इस मुकाबले में राजस्थान के बल्लेबाज जोस बटलर बिना खाता खोले ही प्वेलियन लौट गए और इस दौरान वह एक बड़ी गलती कर बैठे, जिसके चलते बीसीसीआई ने उनपर जुर्माना लगाया है। दरअसल, बटलर जब दूसरे ही ओवर में रन आउट हो गए तो वह काफी नाखुश थे। बटलर जब वापस प्वेलियन की तरफ लौट रहे थे तो उन्होंने गुस्से में बाउंड्री लाइन पर बल्ला मार दिया और बीसीसीआई ने इसी के वजह से उनके मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया है। बता दें कि बटलर ने आईपीएल की आचार संहिता का उल्लंघन किया हैं और इसी वजह से उनपर यह जुर्माना लगा है।

रेसलर्स केस में राउज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई

दिल्ली पुलिस ने पेश की रिपोर्ट, जांच के लिए एसआईटी बनाई, बृजभूषण के बयान दर्ज

पानीपत (एजेंसी)। जंतर-मंतर पर कुश्ती संघ अध्यक्ष बृजभूषण सिंह की गिरफ्तारी को लेकर बैठे पहलवानों के धरना का 20वां दिन था। शुक्रवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में मामले की सुनवाई हुई। कोर्ट के आदेशों पर दिल्ली पुलिस ने इस मामले में की गई जांच एवं कार्रवाई रिपोर्ट पेश की। जिसमें दिल्ली पुलिस ने कोर्ट को बताया कि आज 2 बजे पहलवानों के 164 के बयान दर्ज कराए जाएंगे। साथ ही बताया कि जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया है। पहलवानों की याचिका पर कोर्ट ने दिल्ली पुलिस के वकील को स्टेटस रिपोर्ट की कॉपी देने के आदेश दिए हैं। जिस पर पुलिस के वकील ने कहा स्टेटस रिपोर्ट की कॉपी किसी से भी साझा न कि जाए। कोर्ट ने कहा कि वह मामले में इन कैमरा सुनवाई कर सकता है।

सहायक सचिव विनोद तोमर के भी बयान दर्ज

दिल्ली पुलिस ने कहा कि सहायक सचिव डब्ल्यूएफआई विनोद तोमर के बयान भी दर्ज किए गए। दिल्ली पुलिस की एफआईआर में विनोद तोमर भी आरोपी है। बृजभूषण शरण ने अपनी सफाई में कुछ वीडियो सबूत और मोबाइल डेटा जुटाने को कहा है। बृजभूषण से भी आगे पूछताछ एसआईटी करेगी। पहलवानों की शिकायत पर बृजभूषण का बयान दर्ज किया गया और कुछ दस्तावेज मांगे गए हैं। बृजभूषण ने अपने ऊपर लगे आरोपों का खंडन किया। 4 महिला पुलिस अधिकारियों सहित 6 पुलिस टीमों के साथ एसआईटी का गठन किया गया है। एक महिला डीसीपी दिल्ली पुलिस की निगरानी में 10 लोगों की टीम बनाई गई है।

आईपीएल में ठोका सबसे तेज अर्धशतक

मैच के बाद जायसवाल बोले- मेरा दिल हमेशा यही कहता है

कोलकाता (एजेंसी)। आईपीएल के इतिहास का सबसे तेज अर्धशतक जड़कर राजस्थान रॉयल्स को कोलकाता नाइट राइडर्स पर नौ विकेट से जीत दिलाने वाले यशस्वी जायसवाल ने कहा कि वह अंत तक टिककर टीम को जीत दिलाने का हुनर सीख रहे हैं। केकेआर के आठ विकेट पर 149 रन के जवाब में रॉयल्स ने 41 गेंद बाकी रहते जीत दर्ज की। जायसवाल ने 47 गेंद में 12 चौकों और पांच छक्कों की मदद से नाबाद 98 रन बनाए। उन्होंने केएल राहुल और पैट कमिंस का रिकॉर्ड तोड़ते हुए 13 गेंद में अर्धशतक जड़ा जो



आईपीएल का सबसे तेज अर्धशतक है।

जीत के बाद उन्होंने कहा, ''मेरे दिल में हमेशा यही रहता है कि अच्छा खेलूं। मैं यही सोचता हूं और खुशी होती है जब हम जीतते हैं। मैं अपनी ओर से पूरी कोशिश करता हूं और इसके लिए तैयारी और सोच महत्वपूर्ण है। मैं अंत तक टिककर टीम को जीत दिलाने का हुनर सीख रहा हूं। यही मेरा लक्ष्य है। अपनी पारी के बारे में उन्होंने कहा,''मैं नेट रनरेट बेहतर करना चाहता था। शतक के बारे में नहीं सोच रहा था। संजू भाई मुझे कहते जा रहे थे कि चिंता मत करो और ऐसे ही खेलते रहो।

उन्होंने कहा, ''महान खिलाड़ियों के साथ खेलने का सौभाग्य मिल रहा है। आईपीएल युवा खिलाड़ियों के लिये शानदार मंच है। वहीं रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने कहा,''मुझे कुछ नहीं करना था। बस स्ट्राइक रोटेट करके उसकी बल्लेबाजी देख रहा था। उसे पावरप्ले पसंद है और खुशी है कि उसने इतना शानदार खेला।

युजवेंद्र चहल की गेंदबाजी के बारे में उन्होंने कहा, ''अब चहल को लीजैंड कहना चाहिए। हम खुशकिस्मत हैं कि वह हमारी टीम में है। उसे बस बिना कुछ कहे गेंद सौंप दो और वह अपेक्षाओं पर खरा उतरता है। हमें दो और क्वार्टर फाइनल खेलने हैं । दबाव हमेशा रहता है क्योंकि हर मैच क्वार्टर फाइनल की तरह है, लेकिन टीम का माहौल बहुत अच्छा है और आज जोस बटलर ने जायसवाल के लिये अपना विकेट गंवा दिया । इसी से पता चलता है कि कैसा माहौल है।

आज दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स में मुकाबला

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्लेऑफ की दौड़ से लगभग बाहर हो चुकी दिल्ली कैपिटल्स की टीम शनिवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में जीत दर्ज करके पंजाब किंग्स के समीकरणों को बिगाड़ने और अपनी धुंधली उम्मीदों को कायम रखने की कोशिश करेगी। दिल्ली ने अभी तक 11 मैचों में केवल चार मैच जीते हैं और अगर वह अपने बचे हुए तीनों मैच में जीत भी दर्ज करता है तब भी उसके 14 अंक होंगे जो कि शीर्ष चार में जगह बनाने के लिए संभवत- पर्याप्त नहीं होंगे। अगर मगर के समीकरणों को देखते हुए दिल्ली की टीम का भाग्य अब दूसरी टीमों के प्रदर्शन पर निर्भर करता है।

पंजाब को जीतने होंगे सभी मैच

पंजाब किंग्स की स्थिति भी बहुत अच्छी नहीं है। उसके 11 मैचों में पांच जीत से 10 अंक हैं और उसे प्लेऑफ की उम्मीदों को बरकरार रखने के लिए अपने बाकी बचे तीनों मैच में जीत हासिल करनी होगी। दिल्ली की सबसे बड़ी समस्या उसकी टीम में शामिल

दिल्ली बिगाड़ सकता है समीकरण

भारत के बल्लेबाजों का नहीं चल पाना। उसकी टीम अपने विदेशी खिलाड़ियों कप्तान डेविड वॉर्नर, विकेटकीपर बल्लेबाज फिल सॉल्ट और मिशेल मार्श पर काफी निर्भर है। दिल्ली के मध्यक्रम में शामिल भारतीय बल्लेबाजों में मनीष पांडे, रिपल पटेल और अमन खान जैसे खिलाड़ी शामिल है लेकिन ये सभी अभी तक परिस्थितियों के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाए। मध्यक्रम के बल्लेबाज स्ट्राइक रोटेट करने में नाकाम रहे हैं और साथ ही बड़े शॉट भी नहीं खेल पा रहे हैं जिससे टीम को नुकसान हो रहा है। ऐसी परिस्थितियों में जब दिल्ली का शीर्ष क्रम नहीं चल पाता है तो टीम बिखर जाती है।

पहले चरण में अच्छी बल्लेबाजी करने वाले वॉर्नर भी पिछली पांच पारियों में नहीं चल पाए और इनमें से तीन पारियों ने वह दोहरे अंक तक भी नहीं पहुंच सके जो कि टीम के लिए चिंता का विषय है। सॉल्ट ने दो पारियों में शानदार प्रदर्शन किया लेकिन वह तीन मैचों में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए। इनमें से दो मैच में वह खाता भी नहीं खोल सके थे। मार्श ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ जबरदस्त पारी खेली थी लेकिन इसके बाद उनका भी बल्ला नहीं चल पाया। इस ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ने हालांकि पिछले तीन मैचों में गेंदबाजी में उपयोगी योगदान दिया। दिल्ली के गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। स्पिनर अक्षर पटेल और कुलदीप यादव अपनी भूमिका अच्छी तरह से निभा रहे हैं जबकि तेज गेंदबाज इशांत शर्मा और खलील अहमद अधिकतर अवसरों पर विकेट हासिल करने में सफल रहे हैं। निजी कारणों से स्वदेश लौटने वाले तेज गेंदबाज एनरिक नार्किया की हालांकि टीम को कमी खल रही है।

करो या मरो जैसी स्थिति

जहां तक पंजाब की बात है तो पिछले दोनों मैचों में मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स के हाथों हार के बाद अब उसके लिए भी करो या मरो की स्थिति बन गई है। पंजाब के लिए यह सत्र उतार-चढ़ाव वाला रहा है। पिछले दो मैचों में उसके बल्लेबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन गेंदबाजों ने उसे निराश किया। पंजाब की टीम बल्लेबाजी में अब भी कप्तान शिखर धवन पर निर्भर है जिन्होंने अपनी भूमिका अच्छी तरह से निभाई है लेकिन यही बात उनके सलामी जोड़ीदार प्रभसिमरन सिंह के बारे में नहीं कही जा सकती है। भानुका राजपक्षे चोट से वापसी करने के बाद अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए लेकिन विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा और ऑलराउंडर लियाम लिविंगस्टोन ने लंबे शॉट खेलने के अपने कौशल का अभी तक अच्छा नमूना पेश किया है। गेंदबाजी में अर्शदीप सिंह टीम के प्रमुख गेंदबाज है लेकिन वह और दो अन्य तेज गेंदबाज नाथन एलिस और सैम कुरेन रन प्रवाह पर रोक लगाने में नाकाम रहे हैं। स्पिनरों में राहुल चाहर के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव है। लिविंगस्टोन ने भी पांच मैचों में केवल दो विकेट लिए हैं। बाएं हाथ के स्पिनर हरप्रीत बराड़ ने भी 10 मैचों में केवल पांच विकेट हासिल किए हैं।

टीम इस प्रकार है

पंजाब किंग्स- शिखर धवन (कप्तान), शाहरुख खान, मैथ्यू शॉर्ट, प्रभसिमरन सिंह, भानुका राजपक्षे, जितेश शर्मा, गुरनूर सिंह बराड़, ऋषि धवन, लियाम लिविंगस्टोन, अथर्व तायडे, अर्शदीप सिंह, बलतेज सिंह, नाथन एलिस, कगिसो रबाडा, राहुल चाहर, हरप्रीत बराड़, सैम कुरेन, सिकंदर रजा, हरप्रीत भाटिया, विद्वाथ कावेरप्पा, मोहित राठी, शिवम सिंह।

दिल्ली कैपिटल्स- डेविड वॉर्नर (कप्तान), पृथ्वी साव, मिचेल मार्श, सरफराज खान, अमन हाकिम खान, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), अक्षर पटेल, खलील अहमद, कुलदीप यादव, रोवमैन पॉवेल, रिले रोसौव, मुस्तफिजुर रहमान, चेतन सकारिया, मुकेश कुमार, फिल साल्ट, लुंगी एनगिडी, प्रवीण दुबे, ललित यादव, रिपल पटेल, विक्की ओस्तवाल, ईशांत शर्मा, मनीष पांडे, कमलेश नागरकोटी, यश ढुल। मैच भारतीय समयानुसार शाम 7=30 बजे से शुरू होगा।

संक्षिप्त समाचार

युवाओं में बढ़ते हार्ट एटैक चिंता का कारण : डॉ. अनिश चंदराना

अहमदाबाद, एजेंसी। हृदय रोग और हार्ट एटैक्स सबसे अधिक प्रचलित गम्भीर स्वास्थ्य स्थितियाँ हैं जिनके कारण दुनियाभर में लाखों लोग प्रभावित हो रहे हैं। पारंपारिक दृष्टि से वे अधिक वयस्क व्यक्तियों से जुड़े हुई थी, लेकीन समय के साथ अब युवाओं को भी वे प्रभावित कर रही हैं और बीस से थोड़ी अधिक उम्र के युवा भी इससे प्रभावित हो रहे हैं। यह भारतीय और दक्षिण एशिया के निवासियों के लिए और भी अधिक लागू होता है। हाल ही में हुए अनुसंधान के अनुसार हृदय रोग में दुनिया में जितने पीड़ित व्यक्ति हैं, उनमें से लगभग 50-60 प्रतिशत प्रतिशत हमारे देश में हैं। कुछ अध्ययनों में पाया गया है कि पीछले कुछ वर्ष और महिनों में देशभर के हॉस्पिटल्स ने अपने इमर्जन्सी वॉर्डस में हार्ट एटैक्स के मामलों में 15 से 20 प्रतिशत बढोतरी दर्ज की है। हार्ट एटैक से युवा लक्षणीय अनुपात में प्रभावित हो रहे हैं और हृदय का बन्द होना और आकस्मिक मौत जैसे गम्भीर परिणाम भी इसमें पाए जा रहे हैं।, डॉ. अनिश चंदराना, सिनियर इंटरवेंशनल कार्डिओलॉजिस्ट, मरेंगो सिम्स अस्पताल दुर्भाग्यवश हम भारतीयों में एथेरोस्क्लेरोसिस विकसित होने की जेनेटीक दृष्टि की सम्भावना पश्चिमी जगत और जापानियों के मुकाबले बहुत कम उम्र में पायी जाती हैं। सिर्फ उतना ही नही, बल्की यह रोग तेज़ी से बढ़ता है और दुनिया के अन्य समूहों के मुकाबले 10- 15 साल पहले ही इस कारण हार्ट एटैक्स आते हैं। इस विपरित जनुकीय स्थिति को गलत जीवनशैलि के निर्णयों से भी बल मिलता है। खाने की गलत आदतें और गलत समय, वनस्पती पर आधारित सबऑप्टिमल आहार, नीन्द का अपर्याप्त होना और उसकी कम गुणवत्ता, रात में लम्बे समय तक काम करना इन सब पहलूओं के कारण शरीर की जीवशास्त्रिय घड़ी स्थिर हो जाती हैं।

कर्नाटक में हो रही भारी बारिश, 4 की मौत ; कई लोग हुए हैं घायल

मांड्या (कर्नाटक), एजेंसी। कर्नाटक में पिछले 24 घंटों के दौरान भारी बारिश हुई है। इस दौरान बिजली भी गिरी और आंधी भी चली। इन सबके बीच कर्नाटक में 4 लोगों की मृत्यु हो चुकी है। बिजली गिरने से 2 लोगों की मौत हो गई, जबकि एक ऑटोरिक्शा पर एक उखड़ा हुआ पेड़ गिरने से 2 अन्य लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों के अनुसार, मधु गुरुवार की देर रात भारी बारिश से बचने के लिए एक पेड़ के नीचे खड़ा था, तभी बिजली गिरी। वह अपनी पत्नी को उसके माता-पिता के घर छोड़ने के बाद घर लौट रहा था इसी दौरान यह हादसा हुआ। एक अन्य घटना में, गौरम्मा अपने घर पर उस समय गिर पड़ी जब बिजली उसके घर के बहुत करीब आ गिरी। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। गुरुवार की रात ऑटो पर एक बड़ा पेड़ गिरने के कारण पाडुरु कुरालू निवासी पुष्पा कुलाल (45) और कलात्तुरु निवासी कृष्णा (48) की मौके पर ही मौत हो गई। घटना में चालक शरीफ बाल-बाल बच गया। पेड़ के नीचे आ गया वाहन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। अधिकारियों ने लगातार भारी बारिश को पेड़ गिरने का कारण बताया है। भारी बारिश ने पूरे राज्य में जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है।

दो नाबालिग आदिवासी लड़कियों के साथ हुआ सामूहिक दुष्कर्म, एक आरोपी गिरफ्तार

अगरतला, एजेंसी। त्रिपुरा के गोमती जिले में दो नाबालिग आदिवासी लड़कियों के साथ कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। सहायक महानिरीक्षक (एआईजी) ज्योतिष दास चौधरी ने बताया कि मुख्य आरोपी की पहचान तिंघारिया के मोलराई जमातिया के रूप में हुई है और उसे गिरफ्तार कर लिया गया है, लेकिन आठ अन्य आरोपी अब भी फरार हैं। पुलिस के मुताबिक, दोनों लड़कियां बुधवार को जिले के अमरपुर शहर में वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम बैशाकी मेला में शामिल होने के लिए पहुंची थी। इसी दौरान वे मोलराई से मिली, जो फेसबुक के जरिए उनका दोस्त बना था। पुलिस ने बताया, आरोपी दोनों लड़कियों को स्कूटर पर बैठाकर मेले से दूर चेचुआ में रबर बागान में ले गया। वहां उसके सात-आठ दोस्त उसका इंतजार कर रहे थे। वहीं पर मौका पाते ही आरोपी मोलराई और उसके सभी दोस्तों ने मिलकर दोनों लड़कियों के साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद मोलराई दोनों लड़कियों को अमरपुर ले गया और गुरुवार तड़के सुबह उन्हें छोड़कर भाग गया। दोनों लड़कियों के बयान के आधार पर पुलिस हरकत में आई और गुरुवार को सामूहिक दुष्कर्म के मामले में कथित संलिप्तता के लिए मोलराई को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधिकारी ने कहा, हमने मामले के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और अन्य आरोपियों को गिरफ्तार करने की कोशिश कर रहे हैं। जांच प्रक्रिया के तहत पीड़ितों का मेडिकल परीक्षण किया गया है। त्रिपुरा महिला आयोग (टीसीडब्ल्यू) ने दो आदिवासी लड़कियों के साथ सामूहिक दुष्कर्म की निंदा की है। उन्होंने कहा, यह हैरानी की बात है कि अमरपुर के चेचुआ इलाके में युवकों के एक समूह ने दो लड़कियों के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। टीसीडब्ल्यू की अध्यक्ष बरनाली गोस्वामी ने शुक्रवार को कहा, हमने अपराध की निंदा की और जघन्य कृत्य में शामिल लोगों के लिए उचित कार्रवाई और सजा की मांग की।

इडुक्की में दंपती ने अपने नवजात बच्चे को उतारा मौत के घाट, गला घोंटकर की हत्या

इडुक्की, एजेंसी। केरल के इस हाई रेंज जिले में एक प्रवासी दंपती ने कथित तौर पर अपने नवजात बच्चे की गला घोंटकर हत्या कर दी। इस बात की जानकारी पुलिस की ओर से दी गई है। सात मई को तड़के कुंबुममेट्टु के शांतिपुरम में एक एस्टेट से इस निर्मम हत्या की खबर सामने आई थी। पुलिस ने बताया कि बच्चे का जन्म मध्य प्रदेश के रहने वाले दंपती के घर हुआ था, जो पिछले कुछ समय से रिश्ते में थे और यहां एस्टेट श्रमिकों के रूप में रह रहे थे। पुलिस ने बताया कि बच्चे की हत्या के मामले में 23 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि मृतक की मां का एक स्थानीय अस्पताल में इलाज चल रहा है और वह पुलिस की निगरानी में है। उन्होंने कहा, बताया जा रहा है कि बच्चे का जन्म उस दिन रात 12.30 बजे हुआ था। वे जिस मकान में रह रहे थे, उसके मालिक को सुबह साढ़े छह बजे इस बात का पता चला कि उनके घर में बच्चे का जन्म हुआ और वो मारा गया।

सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात के 68 न्यायाधीशों की पदोन्नति पर लगाई रोक, राहुल गांधी को सजा सुनाने वाले जज भी शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी।
सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को गुजरात के 68 न्यायिक अधिकारियों की पदोन्नति पर रोक लगा दी है। इसमें कांग्रेस नेता राहुल गांधी को मानहानि मामले के एक मामले में दोषी करार देने वाले सूरत के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट हरीश हसमुखभाई वर्मा भी शामिल है। जस्टिस एमआर शाह और सी टी रविकुमार की पीठ ने कहा कि गुजरात राज्य न्यायिक सेवा नियम 2005 के अनुसार, जिसे 2011 में संशोधित किया गया था, पदोन्नति योग्यता-सह-वरिष्ठता के सिद्धांत और उपयुक्तता परीक्षण पास करने पर की जानी चाहिए।

टिकाऊ नहीं है राज्य सरकार का आदेश: पीठ ने कहा, हम इस बात से अधिक संतुष्ट हैं कि उच्च न्यायालय द्वारा जारी की गई विवादित सूची और जिला न्यायाधीशों को पदोन्नति देने के लिए राज्य सरकार द्वारा जारी किया गया आदेश अवैध और इस अदालत के फैसले के विपरीत है। इसलिए, ये टिकाऊ नहीं हैं।

पीठ ने आगे कहा, हम पदोन्नति सूची के कार्यान्वयन पर रोक लगाते हैं। संबंधित पदोन्नतियों को उनके मूल पद पर भेजा जाता है, जो वे अपनी पदोन्नति से पहले धारण कर रहे थे। पीठ ने पदोन्नति पर रोक लगाते हुए एक अंतरिम आदेश पारित किया और निर्देश दिया कि मामले की सुनवाई एक उपयुक्त पीठ द्वारा की जाए, क्योंकि न्यायमूर्ति शाह 15 मई को सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

शीर्ष अदालत जिला जजों के उच्च कैडर में 68 न्यायिक अधिकारियों के चयन को चुनौती देने वाली वरिष्ठ सिविल जज कैडर के अधिकारियों, रविकुमार महेता और सचिन प्रतापराय मेहता की याचिका पर सुनवाई कर रही थी।दोनों याचिकाकर्ता गुजरात सरकार के विधि विभाग में अंडर सेकेट्री और राज्य विधि सेवा प्राधिकरण में सहायक निदेशक हैं।

13 अप्रैल को गुजरात सरकार को जारी किया नोटिस: सुप्रीम कोर्ट ने दोनों न्यायिक अधिकारियों की याचिका पर 13 अप्रैल को गुजरात सरकार और हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को नोटिस जारी किया था। शीर्ष अदालत ने मामला लंबित होने के बावजूद न्यायिक अधिकारियों के प्रमोशन का फैसला करने और इस संबंध में 18 अप्रैल को आदेश पारित करने को लेकर काफी आलोचना की थी।

जयपुर सीरियल ब्लास्ट मामले में चार आरोपियों को बरी करने के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई करेगा सुको सुप्रीम कोर्ट 2008 के जयपुर सीरियल बम ब्लास्ट मामले में चार आरोपियों को बरी करने के राजस्थान हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली पीड़िता के परिवार के सदस्यों की याचिका पर विचार करने के लिए सहमत हो गया है।

20 हजार फ्लैट बायर्स के लिए खुशखबरी, घर मिलने का रास्ता हुआ साफ

नोएडा , एजेंसी।
नोएडा में 20 हजार फ्लैट बायर्स के लिए खुशखबरी है। सिंगापुर की ओकट्री कंपनी से होने वाले निवेश से सुपरटेक में घर बुक करा चुके बीस हजार से अधिक खरीदारों के घर का सपना पूरा होने की उम्मीद बंधी है। 16 परियोजनाओं में 27,476 घरों का निर्माण कार्य पूरा होगा। इसमें पहले चरण में दो साल में 20 हजार उन लोगों को फ्लैट मिलेंगे, जिनके द्वारा इन प्रोजेक्टों में फ्लैटों की बुकिंग कराई गई थी। सुपरटेक ग्रुप के चेयरमैन आरके अरोड़ा ने कहा कि तीन साल में वह हर तिमाही में किस प्रोजेक्ट में कितने फ्लैटों का निर्माण कार्य पूरा कर सौंपेंगे, इसका प्रस्तावित प्लान बनाकर उन्होंने कोर्ट में भी सौंप दिया है। दस साल से घर का इंतजार सुपरटेक के इको विलेज वन में दो बैडरूम का फ्लैट बुक कराने वाले गाजियाबाद के दिल्ली गेट निवासी नीरज ने बताया कि उन्होंने अपना फ्लैट 2013 में बुक कराया था। जो अभी तक भी उन्हें नहीं मिला है, जबकि इसके लिए उन्होंने बैंक से जो लोन लिया था, उसकी किश्त भी पूरी हो चुकी हैं, अब यदि उन्हें यह फ्लैट मिल जायेगा तो उनका नोएडा में अपने घर का सपना पूरा होगा। नोएडा सेक्टर-26 में रहने वाली अर्चना ने बताया कि उन्होंने सुपरटेक के प्रोजेक्ट में 2014 में फ्लैट बुक किया था। इसका पूरा पैसा देने पर भी फ्लैट नहीं मिला। इन्हीं की तरह 20 हजार से अधिक लोग ऐसे हैं, जिन्होंने सुपरटेक के विभिन्न प्रोजेक्टों में फ्लैट की बुकिंग कराई थी लेकिन फ्लैट नहीं मिले। सुपरटेक ग्रुप को लगातार मिल रहे बड़े झटकों के बीच उनके लिए यह फैसला बड़ी राहत भरा रहा है। एक माह में सुपरटेक पर बड़ी कार्रवाई हुई हैं। 18 अप्रैल को सुपरटेक का दफ्तर जिला प्रशासन ने सील किया था। 15 अप्रैल को बकाये न चुकाने पर ग्रुप के चेयरमैन को जिला प्रशासन की टीम ने हिरासत में ले लिया था और दो घंटे बाद छोड़ा गया था। जिला प्रशासन बकाये के लिए सख्ती अपना रहा है। सुपरटेक ग्रुप को लगातार मिल रहे बड़े झटकों के बीच उनके लिए यह फैसला बड़ी राहत लेकर आया है। एक माह में सुपरटेक पर बड़ी कार्रवाई हुई हैं। 18 अप्रैल को सुपरटेक का ऑफिस जिला प्रशासन ने सील कर दिया था। 15 अप्रैल को बकाया न चुकाने पर सुपरटेक ग्रुप के चेयरमैन को जिला प्रशासन की टीम ने हिरासत में ले लिया था।

धर्म छुपाकर की हिंदू लड़की से शादी, बंदूक की नोक पर निकाह; 3 साल तक बनाए रखा बंधक

रेवाड़ी, एजेंसी।
रेवाड़ी के धारूहेड़ा थाना क्षेत्र में लव जेहाद का मामला सामने आया है। एक मुस्लिम युवक ने स्वयं को हिंदू बताकर कॉलेज की छात्रा से पहले हरिद्वार में हिंदू रीति रिवाज के साथ विवाह किया। फिर अपने गांव ले जाकर पिस्तौल की नोंक पर धर्म परिवर्तन कर निकाह किया। आरोप है कि उसके भाई ने भी उससे रेप किया। तीन साल बाद वह उसके चंगुल से छूटी। महिला थाना पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

धारूहेड़ा क्षेत्र की एक कॉलोनी में रहने वाली पीड़ित युवती ने बृहस्पतिवार को महिला थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वर्ष 2020 में जब वह बीए की पढ़ाई कर रही थी तो उसकी मुलाकात कॉलेज में पढ़ने वाले एक युवक से हुई। उसने अपना नाम प्रेम बताया। फिर दोनों के बीच मेलजोल बढ़ गया। युवक ने उसे नौकरी लगवाने का झांसा देकर जाल में फंसा लिया। 18 नवंबर 2020 को वह उसे बाइक पर बिठाकर हरिद्वार ले गया और वहां दुष्कर्म किया। अगले दिन स्वयं को हिंदू बताने का नाटक करते हुए वह हरिद्वार के ही एक मंदिर में ले गया और उसके साथ शादी की।

युवती ने कहा कि उसे नहीं पता था कि वह प्रेम नहीं, बल्कि मौसम खान है। यह भेद उस समय खुला, जब 20 नवंबर को मौसम खान के पिता ताहिर खान हरिद्वार पहुंचे और उसे कार में बिठाकर अपने गांव ऊटोन नूंह ले आए। यहां पिस्तौल दिखाकर उसका धर्म परिवर्तन व निकाह कराया गया। जब उसने विरोध किया तो उसे घर से नहीं निकलने दिया गया और तीन साल तक घर में बंधक बनाकर रखा।

पिस्तौल की नोक पर किया निकाह: पीड़िता ने बताया कि युवक उसको अपने घर ले गया था। घर ले जाने के बाद वहां पिस्तौल की नोक पर उसका निकाह करवाया गया। बता दें कि इससे पहले भी युवती ने मंदिर में शादी हो जाने की बात कही है।

युवती ने बताया कि निकाह के बाद उसको 3 साल तक बंधक बनाकर रखा गया था।

गुरुग्राम में फिर गरजा निगम का बुलडोजर, ढहाए गए 25 अवैध निर्माण; आगे भी रहेगा जारी

गुरुग्राम , एजेंसी।
आयुध डिपो के प्रतिबंधित दायरे में बने अवैध निर्माणों पर नगर निगम की इनफोर्समेंट टीम ने दूसरे दिन भी बड़ी कार्रवाई की। गुरुवार को नगर निगम की टीम ने आयुध डिपो के प्रतिबंधित दायरे में बने 25 अवैध निर्माण को बुलडोजर से धाराशायी कर दिया। टीम ने बुधवार को पांच अवैध निर्माणों को तोड़ने के साथ तीन अवैध मकानों को सील करने की कार्रवाई की थी। इनफोर्समेंट टीम प्रभारी एसडीओ संजोग शर्मा ने बताया कि निगम का यह तोड़फोड़ अभियान लगातार जारी रहेगा। गुरुवार को सहायक अभियंता संजोग शर्मा के नेतृत्व में इनफोर्समेंट टीम जेसीबी व पुलिस बल लेकर सुखराली एंकलेव में पहुंची। यहां पर अवैध रूप से दो मंजिल पर बने 12 कमरों और पांच अन्य निर्माणों को धराशाई किया गया। टीम ने यहां पर एक बड़ी बिल्डिंग को भी तोड़ने की कार्रवाई की। निगमायुक्त पीसी मीणा ने निर्देश दिए कि इस भवन को बिना चुके पूरी तरह से गिराया जाए। इनफोर्समेंट टीम ने सेक्टर-17/18 डिवाइडिंग रोड पर बनी आठ दुकानों पर भी पीला पंजा चलाया। टीम में कनिष्ठ अभियंता अनिल कुमार भी मौजूद रहे। जिला नगर योजनाकार प्रवर्तन ने गुरुवार को डीएलएफ फेज-1 व 2, साउथ सिटी-2 कॉलीनी में सीलिंग अभियान चलाया। डीएलएफ फेज एक में तीन रिहायशी इमारत, डीएलएफ फेज-2 में दो, साउथ सिटी-टू के ब्लाक क्यू-1 की बेसमेंट में अवैध व्यावसायिक गतिविधि का संचालन पर सीलिंग की गई। अलियास अफोर्डेबल हाउसिंग सोसाइटी की पार्किंग में मेंटिनेंस का आफिस चलाया जा रहा था। जिसे भी मौके पर ही सील कर दिया गया। वहीं, जिला नगर योजनाकार प्रवर्तन मनीष यादव ने सेक्टर-104 स्थित गोदरेज समिट सोसाइटी में बिना स्वीकृति के फ्लैट के ड्राइंग रूम की छत काटने पर बिल्डर कंपनी को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया है।

यूएन मानवाधिकार संस्था ने सूडान में मानवाधिकार उल्लंघन पर प्रस्ताव पारित किया

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी।
संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष मानवाधिकार संस्था ने सूडान में पिछले एक महीने से दो शीर्ष जनरल के बीच जारी संघर्ष के बाद से अफ्रीकी देश में नागरिकों की मौत के बढ़ते मामलों और मानवाधिकार उल्लंघन के मुद्दे पर बृहस्पतिवार को एक प्रस्ताव पारित किया। सूडान में हिंसा के कारण नागरिकों समेत अब तक 600 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और हजारों लोग विस्थापित हुए हैं। यह संघर्ष अशांत दारफुर प्रांत समेत अन्य क्षेत्रों तक भी फैल चुका है। संयुक्त मानवाधिकार परिषद में 47 सदस्य देश हैं और इस प्रस्ताव के पक्ष में 18 देशों ने वोट किया जबकि 15 देश इसके खिलाफ रहे और 14 अन्य देशों ने मतदान से परहेज किया।इस प्रस्ताव का उद्देश्य सूडान में 15 अप्रैल के बाद से जारी मानवाधिकार उल्लंघन के मामलों की पड़ताल करना है। सूडान की सेना के जनरल अब्देल फतह बुरहान और अर्द्धसैनिक बल रैपिड सपोर्ट फोर्सेस (आरएसएफ) की कमान संभालने वाले जनरल मोहम्मद हमदान डगालो के बीच सत्ता संघर्ष के नतीजतन देश में संघर्ष शुरू हुआ था। अरब और सूडान समेत अफ्रीकी देशों ने संयुक्त राष्ट्र के इस प्रस्ताव का विरोध किया और इसे सऊदी अरब में जारी वार्ता के मध्य एक संभावित बाधक बताया। अधिकांश पश्चिमी देशों ने प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया और यूरोप एवं अमेरिका मसौदा प्रस्ताव के सह-प्रायोजक थे। दिन के आखिर में अमेरिकी विदेश विभाग ने घोषणा की कि दोनों सेनाओं के प्रतिनिधियों ने एक घोषणापत्र पर हस्ताक्षर करते हुए ''नागरिकों की आपातकालीन जरूरतों को पूरा करने के वास्ते मानवीय कार्रवाई विधाजनक बनाने के लिए'' अपनी जिम्मेदारियों को समझा है।'' बयान में कहा गया है कि वार्ता अब मानवाधिकार प्रयासों में ''मदद के लिए तकरीबन 10 दिन तक एक प्रभावी संघर्ष विराम'' स्थापनित करने पर केंद्रित रहेगी।

पाकिस्तान में हालात पर अमेरिका की करीबी नजर : बाइडन प्रशासन

वाशिंगटन एजेंसी। अमेरिका में राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने बृहस्पतिवार को कहा कि अमेरिका, पाकिस्तान में करीब से नजर रखता रहेगा। उसने इस बात को दोहराया कि वह किसी एक के पक्ष में नहीं है। अमेरिकी प्रशासन की यह टिप्पणी भ्रष्टाचार के एक मामले में पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद आई है, जिसके कारण देश के मुख्य शहरों में हिंसक विरोध प्रदर्शन हुए और अनियंत्रित समर्थकों को रोकने के लिए सेना को बुलाया गया। विदेश विभाग के उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने पत्रकारों से कहा, ''हम पाकिस्तान में स्थिति की बारीकी से निगरानी करते रहेंगे और जैसा कि अमेरिका ने पहले कहा है कि हम किसी एक के पक्ष में नहीं है। हम एक सुरक्षित और समृद्ध पाकिस्तान के पक्ष में है। और हम दुनिया भर में लोकतांत्रिक सिद्धांतों और कानून के शासन का सम्मान करने का आह्वान करते हैं।'' उन्होंने कहा कि अमेरिका का कोई पसंदीदा उम्मीदवार या पसंदीदा राजनीतिक दल नहीं है और यह सिर्फ पाकिस्तान में ही नहीं बल्कि दुनिया भर में किसी भी सरकारी तंत्र से संबंधित है। पटेल ने कहा, ''एक समृद्ध और मजबूत, लोकतांत्रिक पाकिस्तान अमेरिकी हितों के लिए महत्वपूर्ण है। यह कभी नहीं बदलेगा।'' पटेल ने एक सवाल के जवाब में कहा, ''इनमें से कुछ क्षेत्रों जैसे कि प्रेस की स्वतंत्रता, मानवाधिकार, उसी प्रकृति की अन्य चीजों की बात करें तो हमने न केवल पाकिस्तान में बल्कि अन्य देशों में भी अपने समकक्षों के साथ इन मुद्दों को उठाया है।

मोका चर्क्वात से निपटने के लिए अलर्ट पर बांग्लादेश और म्यांमार, तटीय इलाकों से हटाए जाएंगे 5 लाख से अधिक लोग



ढाका, एजेंसी। चर्क्वाती तूफान मोका तेजी से उत्तर-उत्तर पूर्व की ओर बढ़ रहा है। इसके बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक बहुत भीषण चर्क्वात में बदलने की संभावना है। इसी को देखते हुए बांग्लादेश और म्यांमार की सरकार सचेत हो गई है। बांग्लादेश और म्यांमार के अधिकारियों ने शुर्क्वार को बंगाल की खाड़ी में उठे भीषण चर्क्वाती तूफान मोका के मद्देनजर रखते हुए लोगों को तटीय इलाकों से दूर रहने की चेतावनी दी है औ वहां से लाखों लोगों को निकालने की तैयारी की जा रही है।
भारत के मौसम विज्ञान विभाग ने कहा कि तूफान रविवार को 160 किलोमीटर प्रति घंटे तक की हवा की गति के साथ बांग्लादेश में कॉक्स बाजार और म्यांमार में क्यौकप्यू के बीच 175 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकता है। बांग्लादेश 160 मिलियन से अधिक लोगों का एक डेल्टा राष्ट्र है और अक्सर ऐसा देखा जाता है कि बाढ़ और चर्क्वात जैसी प्राकृतिक आपदाओं से यह घिरा रहता है। बांग्लादेश सरकार के प्रशासक मुहम्मद शाहीन इमरान ने कहा कि तटीय इलाकों से शनिवार से लगभग 500,000 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाने की उम्मीद है और उन्हें एक विशाल तट पर बनाए जा रहे 576 चर्क्वात आश्रयों में शरण दी जाएगी। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के एक वरिष्ठ वैज्ञानिक राजेंद्र कुमार जेनामणि ने कहा कि मोका तूफान इस साल उत्तर हिंद महासागर में पहला चर्क्वात है। मोका चर्क्वात काफी खतरनाक साबित हो सकता है और यह बांग्लादेश और म्यांमार में लाखों मछुआरों और तटीय क्षेत्रों के पास रहने वाले लोगों को भी काफी नुकसान पहुंचा सकता है। मई 2008 में, चर्क्वात नरगिस ने म्यांमार के दक्षिण-पश्चिमी इरावदी क्षेत्र को काफी नुकसान पहुंचाया था। इसने इरावदी नदी डेल्टा के आसपास के आबादी वाले क्षेत्रों को तबाह कर दिया था। वहीं, इस प्राकृतिक आपदा में कम से कम 138,000 लोग मारे गए थे और हजारों घर और अन्य इमारतें बह गई थीं। मौसम विज्ञान और जल विज्ञान विभाग के एक निदेशक, हला तुन ने कहा कि म्यांमार के अधिकारियों ने तटीय क्षेत्रों में संभावित बाढ़ और भूस्खलन की चेतावनी दी है। रिपोर्टों के अनुसार, रखाइन राज्य के पश्चिमी तट के साथ कस्बों में रहने वाले हजारों लोगों को संबंधित विभागों और सामाजिक बचाव समूहों द्वारा खाली किया जा रहा है।

विदेश मंत्री जयशंकर ने बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना से मुलाकात की

ढाका एजेंसी।
विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने यहां बृहस्पतिवार को बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना से मुलाकात की और दोनों नेताओं ने आपसी हितों से जुड़े मुद्दों पर बातचीत की तथा विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग के स्तर पर संतोष व्यक्त किया। जयशंकर 'हिंद महासागर सम्मेलन' के छठे संस्करण में भाग लेने के लिए बांग्लादेश पहुंचे। सम्मेलन के दौरान क्षेत्रीय सहयोग की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया जाएगा। उन्होंने हसीना को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की शुभकामनाएं भी प्रेषित कीं। जयशंकर ने ट्वीट किया,'' बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना से मुलाकात करके सम्मानित महसूस कर रहा हूं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की शुभकामनाएं उन्हें प्रषित कीं। हमारे नेताओं का मार्गदर्शन तथा दृष्टिकोण भारत-बांग्लदेश की मैत्री को मजबूत बना रहा है।'' प्रधानमंत्री हसीना के प्रेस सचिव एहसानुल करीम ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा कि विदेश मंत्री ने प्रधानमंत्री से मुलाकात की और बातचीत के दौरान उन दोनों ने ''विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग के स्तर पर संतोष व्यक्त किया।'' करीम ने कहा कि विदेश मंत्री ने कोविड से उबरने के बाद की दुनिया तथा यूक्रेन युद्ध की पृष्ठभूमि में दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था के बारे

में भी प्रधानमंत्री से चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने उम्मीद जताई की भारत विकासशील देशों तथा सबसे कम विकासित देश (एलडीसी) के लोगों के हितों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इंडिया फाउंडेशन ने बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय के सहयोग से सम्मेलन के छठे संस्करण का आयोजन किया है, जिसकी थीम ''शांति, समृद्धि और उज्ज्वल भविष्य के लिए साझेदारी'' है। इससे पहले बांग्लादेश के विदेश कार्यालय के एक प्रवक्ता ने बताया कि विदेश राज्य मंत्री मोहम्मद शहरयार आलम ने जयशंकर के आगमन पर उनका स्वागत किया। विदेश मंत्री जयशंकर ने बांग्लादेश की राजधानी पहुंचने के बाद ट्वीट किया, ''ढाका पहुंच गया। गर्मजोशी से स्वागत के लिए बांग्लादेश के विदेश राज्य मंत्री मोहम्मद शहरयार आलम का आभार।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129, 9430990555